सुप्रभात
रांची, रविवार
04.12.2022
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

SURJABASHA

epaper.khabarmantra.net मार्गशीर्ष, शुक्ल पक्ष, एकादशी, संवत 2079 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 141

12 गोल करने के बाद जश्न मना रहा था खिलाड़ी, रेफरी ने दिखाया रेड कार्ड

न्यूज डायरी

महान फुटबॉलर पेले की हालत नाजुक

साओ पाउलो। कतर में चल रहे विश्व कप के बीच ब्राजील से फुटबॉल प्रेमियों के लिए अच्छी खबर नहीं आयी है। पूर्व दिग्गज फुटबॉलर पेले की हालत नाजुक है। वह साओ पाउलो के एक अस्पताल में भर्ती हैं। पेले को सामान्य जांच के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था, लेकिन उनके शरीर के अंगों पर कीमोथैरेपी का कोई असर नहीं हो रहा है। इस कारण उन्हें पैलिएटिव केयर (प्रशामक देखभाल) में शिफ्ट किया गया है। इसे एंड ऑफ लाइफ केयर भी कहा जाता है।

झारखंड पूरी तरह से हुआ कोरोना मुक्त

रांची। झारखंड पूरी तरह से कोरोना मुक्त हो गया है। स्वास्थ्य विभाग ने शनिवार को बताया कि 24 घंटों में कोरोना का एक मरीज स्वस्थ हुआ है, जबकि राज्य में कोरोना का एक भी नया मरीज नहीं मिला है। राज्य में कुल कोरोना मरीजों की संख्या अब चार लाख 42 हजार 567 हो चुकी है। इस बीच कोरोना का पता लगाने के लिए जांच जारी है।

गुजरात में थमा चुनावी शोर दूसरे चरण की वोटिंग कल

अहमदाबाद। गुजरात विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान के लिए प्रचार शनिवार शाम पांच बजे समाप्त हो गया। प्रचार के अंतिम दिन उम्मीदवार और राजनीतिक दलों ने मतदाताओं को लुभाने की खूब कोशिश की। विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में राज्य की कुल 182 सीट में से 93 सीटों पर पांच को वोट डाले जायेगे। पहले चरण की 89 सीट के पर मतदान एक दिसंबर को हुआ था।

भाजपा की मेगा बैठक पांच-छह को : नड्डा

नयी दिल्ली। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पार्टी नेताओं की बड़ी बैठक पांच-छह दिसंबर को बुलायी है। सूत्रों के मुताबिक बैठक में 2024 के लोकसभा चुनाव और कई राज्यों में 2023 के विधानसभा चुनाव की रणनीति और तैयारियों पर चर्चा होगी। बैठक में पार्टी के सभी प्रमुख पदाधिकारी शामिल होंगे। श्री नड्डा इस दो दिवसीय बैठक की अध्यक्षता करेंगे और पीएम मोदी मोदी मंगलवार को समापन सत्र को वर्चुअली संबोधित कर सकते हैं।

लोहरदगा में महिला की गोली मार कर हत्या

लोहरदगा। अज्ञात अपराधियों ने सेन्हा थाना क्षेत्र के चांदकोपा गांव में एक महिला को गोली मार दी। गोली लगने से घायल महिला को स्थानीय लोगों ने इलाज के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल लाया, पर में चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृत महिला की पहचान सेन्हा थाना क्षेत्र के चांदकोपा गांव निवासी ईंट भट्ठा व्यवसायी प्रमोद प्रसाद साहू की पत्नी उज्जवला देवी (28 वर्ष) के रूप में की गयी। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है। घटना के वक्त महिला घर में अकेली थी। स्थानीय लोगों ने बताया कि महिला को पेट और सिर में गोली मारी गयी और धारदार हथियार से भी कई वार किये गये हैं।

गिरिडीह में नक्सलियों ने दूसरे दिन भी साटे पोस्टर

गिरिडीह। भाकपा माओवादियों का स्थापना सप्ताह दो दिसंबर से शुरू हो गया है। स्थापना सप्ताह के पहले दिन माओवादियों ने जिले में पोस्टरबाजी की थी। वहीं दूसरे दिन ड्डी शनिवार को गिरिडीह जिले के डुमरी थाना क्षेत्र के ड्डावानंद ढिबरा मोड़ के पास पोस्टरबाजी की गयी। नक्सलियों के द्वारा चिपकाए गये पोस्टरों में केंद्र सरकार और राज्य सरकार मुदार्बाद के नारे लिखे हुए हैं। स्थानीय लोगों ने इस पोस्टरों की जानकारी पुलिस को दी।

अल्बर्ट एक्का और राजेंद्र बाबू को राज्यपाल व सीएम ने किया नमन

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। राज्यपाल रमेश बैस एवं मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने शनिवार को देश के प्रथम राष्ट्रपति भारतरत्न डॉ राजेंद्र प्रसाद को उनकी जयंती दिवस के अवसर पर डोरंडा स्थित उनकी प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किया। साथ ही, परमवीर चक्र विजेता अल्बर्ट एक्का की पुण्यतिथि पर महात्मा गांधी मार्ग स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज देश के इन दो महान व्यक्ति को स्मरण करने का दिन है। सीएम ने कहा कि ऐसी महान विभूतियों के वजह से ही इतने बड़े गणतंत्र एवं लोकतांत्रिक देश में हम सभी लोग मान-सम्मान के साथ जी रहे हैं। हमें ऐसे महान विभूतियों पर गर्व है। देश के प्रथम राष्ट्रपति भारतरत्न राजेंद्र बाबू की जयंती एवं झारखंड की माटी के वीर सपूत, महान योद्धा परमवीर चक्र विजेता शहीद अल्बर्ट एक्का के शहादत दिवस पर मैं उन्हें शत-शत नमन करता हूं।

इडी के सहायक निदेशक के खिलाफ कोर्ट गये पंकज मिश्रा

तथ्यों को छिपाने का लगाया आरोप, कोर्ट ने आवेदन किया मंजूर

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। पंकज मिश्रा ने इडी के सहायक डायरेक्टर देव दत्त झा के खिलाफ ही शिकायतवाद दर्ज करा दिया है। यह केस इडी की विशेष न्यायाधीश प्रभात कुमार शर्मा की अदालत में कराया गया है। कोर्ट को दिये गये आवेदन में पंकज मिश्रा ने इडी के सहायक डायरेक्टर देवव्रत झा के खिलाफ तथ्यों को छुपाने का आरोप लगाया गया है। इसे अदालत में स्वीकार कर लिया है। आवेदन में कहा गया है कि जिस मामले को आधार बना कर मनी लॉड्रिंग मामले में ईडी ने केस किया है, वह मामला बरहड़वा थाना कांड संख्या 85/20 है। इसमें पुलिस ने मुकदमा को खत्म कर दिया था, लेकिन ईडी ने तथ्य छुपाकर

पीसी दाखिल की है। इस मामले में पंकज मिश्रा के अलावा मंत्री आलमगीर आलम को निर्दोष पाया गया था। न्यायालय ने भी पंकज मिश्रा के खिलाफ संज्ञान नहीं लिया था।

लेकिन इडी के सहायक डायरेक्टर ने इडी कोर्ट से यह जानकारी छुपाई है। पंकज मिश्रा 85/20 में अभियुक्त नहीं हैं। इसी कारण से पंकज मिश्रा ने केस दर्ज कराया है।

हिरासत अवधि 14 तक बढ़ी

उधर अवैध खनन से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपित पंकज मिश्रा, प्रेम प्रकाश और बच्चू यादव की पेशी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ईडी कोर्ट में शनिवार को हुई। कोर्ट ने उनकी न्यायिक हिरासत की अवधि 14 दिसंबर तक के लिए बढ़ा दी है। बच्चू यादव के डिस्चार्ज पिटीशन पर अब 14 दिसम्बर को सुनवाई होगी। इस मामले में इडी की ओर से जवाब दाखिल नहीं किया जा सका है। इसपर कोर्ट ने इडी को जवाब दाखिल करने के लिए फिर से समय दिया है। पंकज मिश्रा, बच्चू यादव और प्रेम प्रकाश इन तीनों की जमानत याचिका इडी कोर्ट ने पूर्व में ही खारिज कर दी है।

जेइपीसी का पारा शिक्षकों को पांच तक का अल्टीमेटम

प्रमाणपत्रों की जांच नहीं करायी तो जायेगी नौकरी

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने पांच दिसंबर तक सर्टिफिकेट का सत्यापन नहीं कराने वाले पारा शिक्षकों (सहायक अध्यापकों) को कार्य से मुक्त करने की बात कही है। इसे लेकर राज्य के पारा शिक्षकों में हड़कंप मच गया है। विभाग ने कहा है कि उन पारा शिक्षकों को यह अंतिम मौका दिया गया है, जिन्होंने अपने प्रमाणपत्रों का सत्यापन नहीं कराया है। यदि वे पांच दिसंबर तक अपने प्रमाणपत्रों की फोटोकॉपी जांच के लिए जमा नहीं करेंगे तो उनकी सेवा समाप्त कर दी जायेगी। राज्य सरकार ऐसे शिक्षकों को कार्यमुक्त करने की तैयारी कर रही है, जो अपने सर्टिफिकेट का सत्यापन करने में सहयोग नहीं कर रहे हैं। झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद् (जेइपीसी) की राज्य परियोजना निदेशक किरण कुमारी पासी ने कहा है कि समग्र शिक्षा के अंतर्गत राज्य में अभी कई सहायक शिक्षक कार्यरत हैं। सहायक अध्यापक सेवा शर्त नियमावली 2021 के आलोक में उनके शैक्षणिक, प्रशैक्षणिक एवं शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्णता के सर्टिफिकेट्स का सत्यापन कार्य अभी जारी है। शिक्षकों को 5 दिसंबर तक अपने सभी सर्टिफिकेट का सत्यापन करने को अपने जिला के जिला परियोजना कार्यालय में संपर्क करने को कहा गया है। (शेष पेज 11 पर)

एचइसी बचाने को ले 10 को राजभवन मार्च

रांची(हिस)। इचइसी को बचाने को ले लक 10 दिसंबर को सभी राजनीतिक दल के कार्यकर्ता राजभवन मार्च कर राज्यपाल को ज्ञापन सौंपेंगे। भाकपा राज्य कार्यालय के सभागार में शनिवार को तमाम विपक्षी दलों की बैठक में यह फैसला लिया गया। बैठक में कांग्रेस ,झामुमो,राजद भाकपा, भाकपा-माले, माकपा के प्रतिनिधि शामिल हुए। एचइसी झारखंड का भविष्य है। केंद्र सरकार साजिश के तहत इसे बेचने की तैयारी में है। इसे यहा की जनता बर्दाश्त नहीं करेगी। सभी राजनीतिक दलों ने एक स्वर में कहा की एचईसी को किसी भी हाल में केंद्र सरकार को बेचने नही देंगे।

लॉ यूनिवर्सिटी में अधिवक्ता दिवस पर बोले हाइकोर्ट के जज

कानून सरल हो, जिसे आम लोग भी समझ सकें

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। हाइकोर्ट के जस्टिस राजेश कुमार का कहना है कि वर्तमान कानून सामान्य नागरिक की समझ से परे है। कानून को ऐसा सुलभ और सरल बनाना चाहिए कि यह सामान्य नागरिक को पूरी तरह से समझ में आये, क्योंकि देश का हर नागरिक कानून व्यवस्था के अंतर्गत ही जीवन-यापन करता है। वह कांके स्थित नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी में अधिवक्ता दिवस पर आयोजित एक समारोह में मुख्य अतिथि के

रूप में बोल रहे थे। समारोह में जस्टिस अनुभा रावत चौधरी भी शामिल थीं। झारखंड अधिवक्ता परिषद की ओर से संविधान दिवस सह अधिवक्ता दिवस 26 नवंबर से से 5 दिसंबर तक मनाया जा रहा है। लेखक एवं सामाजिक कार्यकर्त्ता लक्ष्मी नारायण भाला ने प्रथम एवं द्वितीय सत्र में भारतीय संविधान की विशेषताओं पर प्रकाश डाला। अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद् के क्षेत्रीय मंत्री सुनील कुमार ने विषय प्रवेश करवाया। धन्यवाद ज्ञापन अधिवक्ता अनिल कुमार कश्यप ने किया। समारोह में स्टेट बार काउंसिल के अध्यक्ष राजेंद्र कृष्णा, बार काउंसिल ऑफ इंडिया के सदस्य प्रशांत कुमार सिंह, उच्च न्यायालय के वरीय अधिवक्ता आरएन सहाय, राजीव शर्मा भी मौजूद थे।

सदाचार और उत्तरदायित्व पर गोष्ठी : अधिवक्ता परिषद के मुताबिक परिषद की ओर से आयोजित मूट कोर्ट के विजेताओं के बीच पुरस्कार वितरण के अलावा जल्द ही अधिवक्ताओं के उत्तरदायित्व एवं सदाचार नामक गोष्ठी का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम में झारखंड हाइकोर्ट के जस्टिस आनंदा सेन और जस्टिस दीपक रौशन मुख्य अतिथि तथा विशिष्ट अतिथि होंगे। यह जानकारी के मीडिया सह प्रभारी अधिवक्ता रीतेश कुमार बॉबी ने दी।

ममता के भतीजे की रैली से पूर्व धमाका, तीन की मौत

मृतकों में टीएमसी नेता भी शामिल उन्हीं के घर में हुआ विस्फोट

एजेंसी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के पूर्वी मेदिनीपुर में जबरदस्त बम धमाके में तीन लोगों की मौत हो गयी है। दो लोग घायल भी हैं। ये धमाका टीएमसी के एक नेता के घर पर हुआ है। धमाके के बाद आसपास के इलाके मे हड़कंप मच गया है। जौनकारी के अनुसार ये धमाका टीएमसी के बूथ अध्यक्ष के घर पर हुआ है। पूर्वी मेदिनीपुर में ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी की रैली होनी है। ये धमाका भूपति नगर थाना इलाके के अर्जुन नगर में टीएमसी के बूथ अध्यक्ष राजकुमार मन्ना के घर पर हुआ है। मृतकों में टीएमसी नेता राजकुमार मन्ना भी शामिल हैं। धमाके की वजह का पता नहीं चल सका है। पुलिस ने तीन शवों को बरामद किया है। पुलिस अधिकारी का कहना है कि अभी तक शव की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है।

टीएमसी नेता के भाई की भी मौत : मृतकों में टीएमसी नेता राजकुमार मन्ना भी शामिल हैं। स्थानीय निवासियों ने बताया कि इस घटना में मारे गये अन्य दो लोगों में देवकुमार मन्ना और बिस्वजीत गायेन है। राजकुमार और देवकुमार दोनों भाई हैं। गौरतलब है कि पूर्वी मेदिनीपुर के कांथी में सीएम ममता बनर्जी के भतीजे और टीएमसी महासचिव अभिषेक बनर्जी की रैली होनी है। कांथी भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी का गढ़ है। (शेष पेज 11 पर)

नया वन संरक्षण कानून को लेकर झामुमो ने केंद्र सरकार पर बोला हमला

नये वन संरक्षण नियम से प्रभावित होंगे आदिवासी-मूलवासी : झामुमो

जंगल पर आश्रित लोगों को कॉरपोरेट पर निर्भर बनाने की तैयारी में है भाजपा

कानून बन जाने पर 20 करोड़ लोग होंगे प्रभावित

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। झामुमो ने नये वन संरक्षण नियम से आदिवासी-मूलवासी खासा प्रभावित होंगे। पार्टी के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि नया कानून में ग्राम सभा की अनुमति सहित राज्य सरकार के अधिकार को केवल औपचारिकता बनाया गया है। श्री भट्टाचार्य शनिवार को हरमू रोड स्थित पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जंगल पर आश्रित लोगों को कॉरपोरेट पर निर्भर बनाने की तैयारी में है भाजपा। उन्होंने कहा कि नये कानून की त्रुटि को लेकर सीएम हेमंत सोरेन ने पीएम नमो को पत्र लिखा है। उन्होंने केंद सरकार पर जनजातीय समुदाय के अधिकारों का अतिक्रमण करने का आरोप लगाया है।

उन्होंने कहा कि वन संरक्षण नियम 2022 यदि संसद से पारित होकर कानून बनता है तो झारखंड के आदिवासी-मूलवासी जो जंगल पर पूरी तरह से आश्रित हैं समेत देश के 20 करोड़ लोग सीधे-सीधे इससे प्रभावित होंगे। उन्होंने कहा कि पहले के वन अधिकार कानून 2006 में जंगल से जुड़ी हर बातों पर ग्राम सभा की अनुमति लेनी पड़ती थी। लेकिन नये कानून में ग्राम सभा की अनुमति सहित राज्यों पर जंगल के अधिकार को केवल औपचारिकता बना दिया गया है।

उन्होंने कहा कि झारखंड के लगभग 32 जनजातीय सहित 18 मूलवासी जंगल पर आश्रित है। केंद्र की भाजपा सरकार जंगल पर आश्रित इन लोगों को कॉरपोरेट घरानों पर निर्भर बनाने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि जंगल प्राकृतिक है। साफ है कि एयरपोर्ट, ट्रेन, बैंक बेचने वाले लोगों ने प्रकृति को भी बेचने की तैयारी कर ली है। उन्होंने कहा कि इकोलॉजिकल इंपैक्ट पर नये वन संरक्षण कानून में इसका कोई जिक्र नहीं है। जूलोलॉजिकल इंपैक्ट पर भी कोई जिक्र नहीं है। जंगल के अंदर रहने वाले जीव-जंतु पर कानून का क्या प्रभाव पड़ेगा, इसका कोई जिक्र नही है। सिमटते जंगल से झारखंड हमेशा से हाथी, लोमड़ी के आंतक से प्रभावित रहा है। सामाजिक इंपैक्ट के बारे में नये कानून में जिक्र नहीं है। उन्होंने कहा कि अन्य राज्यों के साथ झामुमो करेगा व्यापक विमर्श। उन्होंने कहा है कि यह मुद्दा केवल झारखंड का नहीं बल्कि जनजातीय और जंगल बहुल वाले राज्यों से जुड़ा है।

विश्व दिव्यांग दिवस पर आड्रे हाउस में हुनर कला प्रदर्शनी आयोजित

अपने दिव्यांग बच्चों को हौसला देने वाली माताओं को मिला सार्थक उड़ान सम्मान

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। विश्व दिव्यांग दिवस के मौके पर शनिवार को आड्रे हाउस में दिव्यांगजनों के लिए काम करनेवाली संस्था सार्थक, साइटसेवर्स, परिवर्तन सोसायटी और एनएएआई के संयुक्त तत्वावधान में सार्थक हुनर कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न जिलों के अलावा दूसरे राज्यों से लगभग 100 प्रतिभावान दिव्यांगजनों ने भाग लिया। उन्होंने अपने हुनर की प्रदर्शनी लगाई। मौके पर लगभग 20 स्टॉल लगाये गये थे। कार्यक्रम में वैसी माताओं को सम्मानित किया गया, जिन्होंने अपने दिव्यांग बच्चों को आगे बढ़ाने के लिए हर तरह से मदद की है। उन्हें सार्थक उड़ान सम्मान से नवाजा गया।

कार्यक्रम में महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग की जोबा मांझी, राज्यसभा सांसद डॉ महुआ माजी व विधायक सीपी सिंह मौजूद थे। मौके पर जज के रूप में मृणालिनी अखौरी, विपुल नायक और रजनी चंदा शर्मा थीं। इन्हें भी सम्मानित किया गया।

दिव्यांगों की मदद के लिए तैयार: विधायक

विधायक सीपी सिंह ने कहा कि दिव्यांग जन कभी भी हमारे पास मदद के लिए आ सकते हैं। उन्हें संकोच करने की जरूरत नहीं हैं। कार्यक्रम में मेयर डॉ आशा लकड़ा, डिप्टी मेयर संजीव विजयवर्गीय, एनटीपीसी के कार्यकारी निदेशक पार्थ मजुमदार, सुधा के चीफ एक्जीक्यूटिव मो मजीदुद्दीन, आईएफपी के निदेशक नितिन कुलकर्णी, खादी ,आईपी-सीसीसी के पिंटू बजाज और सैमफोर्ड की जीएम ब्रांड भारती ओझा, दिवाकर आदि ने दिव्यांगों का हौसला बढ़ाया।

बीआईटी का दीक्षांत समारोह आज, राज्यपाल और इसरो के चेयरमैन प्रदान करेंगे डिग्रियां

कुड़ूख पोशाक में डिग्री लेंगे बीआईटी के 1532 विद्यार्थी

बंटेगी पीएचडी की 75, पोस्ट ग्रेजुएशन की 598 और अंडर ग्रेजुएशन की 859 डिग्रियां

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी मेसरा (बीआईटी मेसरा) का 32वां दीक्षांत समारोह आज होगा। समारोह में झारखंड के राज्यपाल रमेश बैस और इसरो के चैयरमैन एस सोमनाथ उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम सुबह 11 बजे से चलेगा। बीआईटी मेसरा के कैंपस में आयोजित इस समारोह में कुल 1532 विद्यार्थियों को डिग्री सौंपी जायेंगी। इनमें पीएचडी की 75, पोस्ट ग्रेजुएशन की 598 और अंडर ग्रेजुएशन की 859 डिग्रियां शामिल हैं।

एक दिन पहले सभी के लिए रात्रि भोज : बीआईटी की परंपरा रही है कि सभी विद्यार्थियों को एक दिन पहले बुला लिया जाता है। रात्रि भोज सभी के साथ किया जाता है। इस परंपरा को बनाये रखने के लिए सभी विद्यार्थियों को एक दिन पहले बुलाया गया। दीक्षांत समारोह में थैलिसिमिया के मरीजों के लिए रक्तदान शिविर लगाया जायेगा।

कुड़ूख पोशाक में डिग्रियां लेंगे विद्यार्थी : इस बार के दीक्षांत समारोह में कुड़ूख पोशाक में सभी मौजूद रहेंगे। इस पोशाक की सिलाई आदिवासी दर्जियों से करायी जा रही है। अलग- अलग डीग्रियों के लिए अलग-अलग रंग का ड्रेस होगा। पीएचडी के लिए मैरून, पीजी के लिए हरा और यूजी के लिए ब्लू रंग की पोशाक होगी।

इक्फाई यूनिवर्सिटी तीसरे दीक्षांत समारोह में 9 विद्यार्थियों को मिला गोल्ड मेडल

झारखंड के सभी निजी विश्वविद्यालयों के लिए रोल मॉडल बने इक्फाई : राज्यपाल

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। इक्फाई विश्वविद्यालय झारखंड का तीसरा दीक्षांत समारोह शनिवार को आर्यभट्ट ऑडिटोरियम मोराबादी में आयोजित किया गया। इस समारोह में 2022 में स्नातक करने वाले 139 छात्रों को डिग्री प्रदान की गई। इसमें 7 पीएचडी डिग्री शामिल हैं। इसके अलावा, 9 स्वर्ण पदक और 9 रजत पदक विभिन्न कार्यक्रमों के क्रमशः शीर्ष रैंक और दूसरे रैंकर्स को प्रदान किए गए। मौके पर राज्यपाल ने झारखंड के अधिवासित छात्रों को शुल्क में रियायत देने के लिए विश्वविद्यालय की पहल की सराहना की ताकि वे स्थानीय स्तर पर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त कर सकें और यह भी कि 77% छात्र इससे लाभान्वित हुए। उन्होंने युनिवर्सिटी ऑफ ससेक्स, यूके में अध्ययन करने के लिए झारखंड सरकार द्वारा मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा ओवरसीज स्कॉलरशिप प्राप्त करने के लिए विश्वविद्यालय की छात्रा संगीता कच्छप को भी बधाई दी। उन्होंने विश्वविद्यालय को अच्छा काम जारी रखने और झारखंड के सभी निजी विश्वविद्यालयों के लिए एक रोल मॉडल बनने की सलाह दी।

सफलता की कुंजी है धैर्य, दृढ़ता और जुनून : विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ टीआर के राव ने छात्रों को उद्योग में कुछ समय के लिए काम करने के बाद भी सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने और उद्यमी बनने की इच्छा रखने की सलाह दी। न्यायमूर्ति रोंगोन मुखोपाध्याय ने छात्रों को सलाह दी कि धैर्य, दृढ़ता और जुनून सफलता की कुंजी है। विवि के कुलपति प्रो ओआरएस राव ने कहा कि कोविड-19 महामारी के बावजूद, हमारे विश्वविद्यालय ने यह सुनिश्चित किया है कि सभी स्नातक छात्रों को हमारे डिजिटल लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम, स्वाध्याय का उपयोग करके बिना किसी रुकावट के गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त हो। प्रो राव ने कहा कि हमारे पूर्व छात्रों में से लगभग 11% उद्यमी बन गए और नौकरी चाहने वालों के बजाय नौकरी देने वाले बन गए। विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रोफेसर अरविंद कुमार ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

बच्चों की शिक्षा से खिलवाड़ कर रही गठबंधन सरकार : अन्नपूर्णा देवी

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने शनिवार को कहा है कि झारखंड में शिक्षा की गुणवत्ता पर अपेक्षित ध्यान नहीं दिया जा रहा है। राज्य की गठबंधन सरकार नौनिहालों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। बच्चों को समय पर किताब तक नसीब नहीं हो रही है। राज्य में करीब 90 हजार शिक्षकों का पद रिक्त है। गठबंधन सरकार सिर्फ घोषणा करने में व्यस्त है। राज्य में केंद्रीय योजनाओं का झारखंड में बुरा हाल है। उन्होंने कहा कि गठबंधन सरकार के अधिकतर मंत्री भ्रष्टाचार को संरक्षण दे रहे हैं। यहां के नौकरशाह बेलगाम हैं। खनिज संपदाओं की लूट मची है। अवैध माइनिंग व बिक्री हो रही है। उन्होंने कहा कि सीएम के आस-पास रहने वाले अधिकतर लोगों से ईडी समेत विभिन्न एजेंसियां पूछताछ कर रही है या उन्हें जेल भेज चुकी है।

झाप्रसे संघ को आज मिलेगा नया अध्यक्ष और महासचिव

रांची। झासा की राज्यस्तरीय आमसभा आज आर्यभट्ट सभागार में सुबह 10 बजे से होगी। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन होंगे। राप्रसे के अधिकारी अरविंद कुमार मिश्र के अनुसार आमसभा में आस सहमति से अध्यक्ष और महासचिव के चयन का प्रयास होगा। आम सहमति नहीं बनती है, तो वोटिंग के माध्यम से अध्यक्ष और महासचवि का चयन होगा। बताया जा रहा है कि आमसभा के माध्यम से भी अध्यक्ष या महासचिव के पद पर किसी एक महिला अधिकारी को लाने का प्रयास है। रंजीता हेम्ब्रम को सक्षम पदाधिकारी बताया जा रहा है।

एजी ने चतरा डीसी से पेयजल योजनाओं की मांगी रिपोर्ट

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। अकाउंटेंट जनरल (ऑडिट) ने चतरा के उपायुक्त से जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) फंड से स्वीकृत पेयजल विभाग की 5 करोड़ की योजनाओं का ब्योरा मांगा है। 28 अप्रैल 2017 को चतरा में डीएमएफटी काउंसिल की बैठक में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की ₹5 करोड़ से अधिक की तीन योजनों को स्वीकृति दी गई थी। इनमें 17668.99 लाख की टंडवा संपूर्ण कवरेज ब्लॉक ग्रामीण पाइप जलापूर्ति योजना, 671.97 लाख की तेलियाडीह ग्रामीण पाइप जलापूर्ति योजना और 845.34 करोड़ की टंडवा ग्रामीण पाइप जलापूर्ति योजना शामिल है। डीसी से योजनाओं का डीपीआर/पीएफआर, परामर्शी कंपनी का नियुक्त पत्र और एमओयू की प्रति लेखापरीक्षक को प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है। योजना की तकनीकी स्वीकृति और योजना के डिजाइन-ड्राइंग पेपर्स भी मांगा है।

वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, रॉंची

सर्वसाधारण के लिए सूचना

उपरोक्त प्राथमिकी अभियुक्त जयकरण सिंह, पे0–स्व0 रामजी सिंह, सा0–अगरसंडा, बेसरा थाना–धोबहा ओ0पी0, जिला–आरा, (बिहार), लोअर बाजार थाना काण्ड संख्या–138/2011 दिनांक–19.05.2011, धारा–366/376/120(बी0) भा0द0वि0 के विरूद माननीय न्यायालय द्वारा ईस्तेहार निर्गत किया है।

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि प्राथमिकी अभियुक्त जयकरण सिंह कहीं मिलते/दिखते है तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक, नगर, रांची। –9431931477

थाना प्रभारी, लोअर बाजार, रॉंची। –9431706171

वरीय पुलिस अधीक्षक, रॉंची

PR 284163 (Police)22-23*D

जिला खनन कार्यालय, खूँटी

बालू खनिज की उपलब्धता हेतु आवश्यक सूचना

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि खूँटी जिलान्तर्गत तोरपा अंचल के कुदरी, ओकड़ा, शिमला डोड़मा बालू घाट संचालित है, जिसकी विवरणी निम्न प्रकार हैः–

क्र०	बालू घाट का स्थान	बालू घाट की वार्षिक क्षमता	बालू Book करने हेतु वेबसाईट	बालू की दर
1	कुदरी, ओकड़ा, शिमला, डोड़मा	61425 टन	www.jsmdc-sand.jharkhand.gov.in	7.50 रू/CFT

बालू लेने के इच्छुक व्यक्ति/संवेदक/व्यापारी उक्त वेबसाईट से बालू की Booking कर बालू की खरीदारी कर सकते हैं।

ह०/–
जिला खनन पदाधिकारी, खूँटी

PR 284146 (District)22-23*D

ई–प्रोक्योरमेंट सेल
अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल, हजारीबाग

अति अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट नोटिस

ई–टेन्डर रेफरेन्स नं०– BCD/BCHZB/CHATRA/14/2022-23 दिनांकः– 02/12/2022

क्र0 म0	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (रू०)	कार्य पूर्ण करने की अवधि	बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय	वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि	निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता
1	Renovation of D.C. Residence, Boundary Wall and Campus Development at Chatra.	Rs. 50,78,900/-	4 (Four Month)	16/12/2022 12.30 अपराह्न तक	09/12/2022	ई–प्रोक्योरमेंट सेल, अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल हजारीबाग।

ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या 06546 222640
- किसी भी प्रकार का बदलाव http:// Jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
- अन्य किसी भी प्रकार की सूचना http:// Jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

note:UCAN Registration is mandatory for the bidders.

नोडल पदाधिकारी
ई–प्रोक्योरमेंट सेल
अधीक्षण अभियंता का कार्यालय
भवन अंचल, हजारीबाग

PR 284156 Building(22-23).D

कोर्ट नोटिस

न्यायालय
सब जज–XIV
सिविल कोर्ट रांची।
ओ.एस. (पी.एस.) नंबर 762/2018
लक्ष्मी देवी ....वादी
बनाम
बीना कुमारी ..... प्रतिवादी
नोटिस बनाम :–

प्रतिवादी संख्या (1) बीना कुमारी (पिता स्व. लोचन भगत माली) (2) सीमा देवी (पति गोविन्द मालाकार) दोनो का निवासी हिन्दपीड़ी माली टोला तीसरा गल्ली, पोस्ट+थाना–हिन्दपीड़ी, जिला–रांची झारखण्ड। (3) शीला देवी, पति अनिल मालाकार भगत माली निवासी, कडरू रोड, ए.जी. कॉलोनी, डी.ए.वी. मैदान के सामने, थाना अरगोड़ा, जिला रांची, झारखंड। (4) अनीता देवी, पति लालू भगत, निवासी खिरगांव, माली टोला, पो+ थाना+ जिला– हजारीबाग, (5) ललिता देवी, कैलाश राम भगत, निवासी यशोधरा नगर, मंडी मंदिर, जिला नागपुर, महाराष्ट्र, (6) दुर्गा मालाकार (7) संदीप मालाकार दोनों के पिता स्व. लोचन भगत माली, निवासी हिंदपीड़ी, माली टोला, तीसरी गली, पोस्ट+थाना हिंदपीड़ी, जिल–रांची , झारखंड (8) सोनी देवी, पति भोला मालाकार निवासी बरही चौक, थाना– बरही, जिला–हजारीबाग। पेयादा सम्मन एवं निबंधित डाक से सम्मन भेजा गया, लेकिन आप इस वाद में उपस्थित नहीं हो रहे हैं। वजरिए इस नोटिस से आपको सूचित किया जाता है कि दिनांक 14.12.2022 की 11:00 बजे सुबह मेरे न्यायालय में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपास्थित हों, अन्यथा आप के विरुद्ध वाद एक पक्ष सुनवाई हेतु निर्धारित कर दिया जाएगा। इसे सख्त ताकित जाने रांची आज 9.11. 2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर के साथ जारी किया गया।

हस्ताक्षर
सब जज–XIV
रांची

जेसीईसीई बोर्ड की कृषि एवं अन्य समवर्गी पाठ्यक्रमों के लिए प्रतियोगिता परीक्षा आज

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद (जेसीईसीईबी) की ओर से 4 दिसंबर को कृषि एवं अन्य समवर्गी पाठ्यक्रमों के लिए (पीसीबी/पीसीएम विषय समूह) प्रतियोगिता परीक्षा-2022 आयोजित की जायेगी।

परीक्षा सुबह 10 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक तथा कृषि एवं अन्य समवर्गी पाठ्यक्रमों के लिए (पीसीएमबी विषय समूह) परीक्षा-2022 सुबह 10 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर होना है। इन परीक्षा केन्द्रों पर कदाचारमुक्त वातावरण में परीक्षा का आयोजन कराने एवं विधि-व्यवस्था संधारण के लिये उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी, रांची एवं वरीय पुलिस अधीक्षक, रांची द्वारा पुलिस बल एवं पुलिस पदाधिकारी के साथ दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है।

रांची में इन केंद्रों पर होगी परीक्षा
संत कुलदीप हाई स्कूल हरमू, सहजानंद चौक, उसुर्लाइन कॉन्वेंट गर्ल्स हाई स्कूल, डॉ. कामिल बुल्के पथ और सेन्ट्रल एकेडमी, बरियातू रोड, रांची को परीक्षा केंद्र बनाया गया है।

बीएयू द्वारा विकसित तीसी की नयी उन्नत किस्म बिरसा तीसी-2 को मिला उन्नत किस्म का दर्जा

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्रालय के केन्द्रीय उप आयुक्त ने बिरसा कृषि विश्वविद्यालय, रांची द्वारा विकसित तीसी की नई उन्नत किस्म बिरसा तीसी-2 (बीएयू - 14-09) गजट जारी किया है। भारत सरकार के कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्रालय द्वारा गठित फसल मानकों, अधिसूचना एवं फसल किस्मों के विमोचन की केन्द्रीय उप समिति द्वारा नये विकसित फसलों को अनुमोदन कर दिया गया है। इस नयी किस्म की अधिसूचना डॉ टीआर शर्मा, उपमहानिदेशक (फसल विज्ञान), आईसीएआर की अध्यक्षता में आयोजित केन्द्रीय उप समिति की 89वीं बैठक में 47 मानद सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन के उपरांत जारी की गई है।

बिरसा तीसी की विशेषताएं : इस किस्म को देश के 25 वर्षाश्रित क्षेत्रों में तीन वर्षों के प्रदर्शन के आधार पर जारी किया गया है। इस किस्म की उपज क्षमता 13.83 क्विंटल/ हेक्टेयर है, जो नेशनल चेक (टी-397) एवं जोनल चेक (प्रियम) की अपेक्षा करीब 11 प्रतिशत सुपीरियर है। इन दोनों की अपेक्षा इसकी (परिपक्वता अवधि 128-130 दिन) भी कम है। इसमें करीब 44.54 % तेल की मात्रा पाई गयी है, जो नेशनल एवं जोनल किस्मों से अधिक है। यह किस्म रस्ट रोग के प्रति उच्च प्रतिरोधी तथा विल्ट, अल्टरनरिया ब्लाइट, पाउडरी माइल्डयू एवं बडफ्लाई रोग के प्रति मध्यम प्रतिरोधी है। झारखण्ड राज्य के लिए उपयुक्त इस नये किस्म को आईसीएआर अखिल भारतीय समन्वित तीसी व कुसुम फसल परियोजना, रांची केंद्र के परियोजना अन्वेंषक एवं मुख्य प्लांट ब्रीडर (तेलहनी फसल) के नेतृत्व में विकसित किया गया है। इस किस्म को वर्षो शोध उपरांत विकसित करने में शोध से जुड़े बीएयू वैज्ञानिक डॉ परवेज आलम, डॉ सविता एक्का, डॉ एमके वर्नवाल, डॉ रबिन्द्र प्रसाद, डॉ एकलाख अहमद, डॉ सुनील कुमार, डॉ एनपी यादव, डॉ नरगिस कुमारी एवं डॉ वर्षा रानी तथा सहयोगी फील्ड स्टाफ जयंत कुमार राम, देवेन्द्र कुमार सिंह, विशु उरांव एवं राम लाल उरांव का उल्लेखनीय योगदान रहा है।

बीएयू के वैज्ञानिकों ने जताया आभार

परियोजना अन्वेंषक (तीसी एवं कुसुम फसल) डॉ सोहन राम ने नये उन्नत किस्म बिरसा तीसी–2 की केन्द्रीय एजेंसी से अधिसूचना जारी होने पर कुलपति डॉ ओंकार नाथ सिंह एवं निदेशक अनुसंधान डॉ एसके पाल, पूर्व निदेशक अनुसंधान डॉ अब्दुल वदूद के मार्गदर्शन एवं निर्देश के प्रति आभार जताया है। उन्होंने शोध से जुड़े सभी वैज्ञानिकों एवं फील्ड स्टाफ का वर्षो निरंतर सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि इससे रांची केंद्र द्वारा परियोजना के अधीन तीसी फसल की विकसित तीन प्रभेदों (प्रीयम, दिव्या एवं बिरसा तीसी–1) को सेंट्रल वेरायटल रिलीज कमिटी से अनुमोदन मिल चुकी है। कुलपति ने तीसी, सरगुजा एवं सरसों फसल के उन्नत किस्मों के विकास में डॉ सोहन राम के योगदान की प्रशंसा की है।

तीन दिवसीय सीबीएसई बिहार-झारखंड इंटर स्कूल वॉलीबॉल चैंपियनशिप का हुआ शानदार आगाज

➲ डीबीएमएस कदमा हाई स्कूल के प्रांगण में खेले जा रहे मैच

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। शनिवार को सीबीएसई क्लस्टर थर्ड बिहार एवं झारखंड अंडर-19 बालक-बालिका वॉलीबॉल चैम्पियनशिप-2022 का आगाज डीबीएमएस कदमा हाई स्कूल के प्रांगण में हुआ। 5 दिसंबर तक चलने वाली वॉलीबॉल चैम्पियनशिप में बिहार और झारखंड की 60 टीमों के कुल 812 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं।

प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं डीबीएमएस कदमा के चेयरपर्सन फाइनेंस भी चंद्रशेखर ने ध्वजारोहण करके और बैलून उड़ा करके किया। इस अवसर पर डीबीएमएस के छात्र-छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया। उद्घाटन समारोह में डीबीएमएस की चेयरपर्सन एवं प्रेसिडेंट श्रीमती ललिता चंद्रशेखर, सचिव श्रीमती उमा रमणी, कोषाध्यक्ष श्रीमती भुवाना कृष्णन एवं अलग-अलग शहरों से आए अतिथिगण, डीबीएमएस कदमा की प्रधानाचार्य श्रीमती गुरप्रीत भामरा,उप प्राचार्य श्रीमती स्वप्ना रॉय, श्रीमती एस्पिरिन, गेम्स कोऑर्डिनेटर श्रीमती सुप्रभा पांडा,वीरेंद्र पांडेय एवं शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

चैंपियनशिप का उद्घाटन करते मुख्य अतिथि बी चंद्रशेखर और बालक वर्ग में डीएवी कथारा की टीम संतलाल घाटशिला के बीच मैच का दृश्य।

प्रथम दिन के मैच के परिणाम : बालिका संवर्ग के मैच के परिणाम : डीबीएमएस कदमा हाई स्कूल के प्रांगण में खेले गए पहले मैच में जीजीपीएस बोकारो और एस एन एस वाई एम घाटशिला के बीच मुकाबला हुआ जिसमें जीजीपीएस बोकारो की बालिका टीम विजई रही जबकि दूसरा मैच डीएवी सवांग और संत स्टीफन हजारीबाग की बालिका टीम के बीच हुआ जिसमें डीएवी सवांग विजेता रही। तीसरा मैच आर्मी पब्लिक स्कूल,रामगढ़ और एटोमिक इनर्जी सेंट्रेल स्कूल नरवा पहाड़ के भी खेला गया जिसमें आर्मी पब्लिक स्कूल रामगढ़ की टीम विजई रही। चौथा मैच डीएवी जहानाबाद और डीबीएमएस कदमा के बीच खेला गया जिसमें डीबीएमएस कदमा की बालिकाओं ने विजय हासिल की। पांचवा मैच एटॉमिक एनर्जी नरवा पहाड़ और एटॉमिक एनर्जी जादूगोड़ा की बालिका टीम के बीच खेला गया जिसमें एटॉमिक एनर्जी जादूगोड़ा की टीम ने नरवा की टीम को परास्त कर दिया।

सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड
"एक मिनीरत्न कंपनी"
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक सहायक कंपनी)

सूचना

सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं के खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कंपनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in/संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीसीएल, www.centralcoalfields.in), सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती हैं।

एक नजर में

लॉ कॉलेज में डॉ राजेंद्र प्रसाद जयंती और अल्बर्ट एक्का का शहादत दिवस मनाया गया

जमशेदपुर। शनिवार को जमशेदपुर को-ऑपरेटिव लॉ कॉलेज ने कॉलेज के प्रांगण में प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद की जयंती, शहीद अल्बर्ट एक्का का शहादत दिवस, खुदीराम बोस की जयंती और अधिवक्ता दिवस मनाया। कार्यक्रम का संचालन सत्र 19-22 के छात्र अमर कुमार तिवारी ने किया, कॉलेज के प्रो संजीव कुमार बिरूली, आनंद कुमार ने डॉ राजेंद्र प्रसाद और शहीद अल्बर्ट एक्का के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। विद्यार्थियों के तरफ से सुजाता ने शहीद अल्बर्ट एक्का के जीवन के बारे में विस्तृत जानकारी साझा की और विद्यार्थी हर्ष ने डॉ राजेंद्र प्रसाद के बारे में जानकारी विद्यार्थियों के समक्ष रखा, प्रोफेसर संजीव कुमार बिरूली ने डॉ राजेंद्र प्रसाद, अल्बर्ट एक्का, खुदीराम बोस के गुणों को छात्रों के समक्ष रखा, और अधिवक्ता दिवस पर सभी को शुभकामनाएं दी, कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। कार्यक्रम में सत्र 19-22, 20-23 एवं 21-24 के सैकड़ों विद्यार्थी मौजूद थे।

खुदीराम बोस की कुर्बानी युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत है, इसे आत्मसात करें : मंत्री बन्ना गुप्ता

जमशेदपुर। स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने मानगो स्थित खुदीराम बोस चौक पर भारतीय स्वाधीनता के लिए मात्र 18 साल की उम्र में अपने प्राणों की आहुति देने वाले अमर शहीद खुदीराम बोस की जयंती पर माल्यार्पण कर उन्हें अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित किया। बन्ना गुप्ता ने कहा कि खुदीराम बोस युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत है। उन्होंने अल्प आयु में देश की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी थी। आज देश को विध्वंसकारी ताकतों से बचाने की जरूरत है इसके लिए युवाओं को आगे आना होगा। मौके पर बंगभाषी समुदाय के लोग, अपर्णा गुहा, ईश्वर सिंह, पप्पू सिंह उज्जैन, जीतू सिंह, दुर्गा सिंह, अखिलेश सिंह, सुरेंद्र गुप्ता, नितेश मित्तल, नीतीश पोद्दार, अमित पांडेय, राजू सरदार, विनोद साव उमेश शर्मा, बब्लू नौशाद, राकेश सिंह, मोहम्मद ताज व अन्य स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

दो दिवसीय ओपन कराटे चैंपियनशिप का शुभारंभ

जमशेदपुर। दो दिवसीय तृतीय राष्ट्रीय शोरिन रियु मात्सुस्याशी ओपन कराटे चैंपियनशिप का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर आरडी टाटा टेक्निकल एजुकेशन सेन्टर, गोलमुरी, जमशेदपुर में किया गया, इस टूर्नामेंट का उद्घाटन दिनेश कुमार (पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा जमशेदपुर), संस्था के चेयरमैन श्री विकास सिंह, संचालककर्ता सेन्साई जितेन्दर कुमार शर्मा, समाजसेवी अनिल चौबे एवं अमरेन्दर पासवान के द्वारा किया गया। इस टूर्नामेंट में छत्तीसगढ़, उड़ीसा, झारखंड, बंगाल, बिहार आदि राज्यों के प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। इस टूनार्मेंट का आयोजन झारखंड शोरिन रियु मात्सुस्याशी कराटे डू एसोसिएशन के द्वारा किया जा रहा है। इस टूर्नामेंट में लगभग 125 कराटेकार भाग ले रहे हैं। इस टूनार्मेंट का पुरस्कार वितरण समारोह रविवार 4 दिसंबर को संध्या 6.30 बजे, झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास के द्वारा किया जायेगा ।

दिव्यांग दिवस पर डॉ विजय शंकर का अभिनंदन

जमशेदपुर। शनिवार को विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर सिंहभूम जन कल्याण विकास सोसायटी, गांधीनगर, बागबेड़ा के प्रांगण में जिला पार्षद डॉ कविता परमार द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शारीरिक रूप से दिव्यांग परंतु ऊजार्वान व्यक्तित्व डॉ विजय शंकर प्रसाद को डॉ परमार द्वारा तुलसी का पौधा और शॉल द्वारा सम्मानित किया गया। डॉ विजय शंकर प्रसाद झारखंड लोक मंच के अध्यक्ष हैं जो दिव्यांगो के लिए कार्य करती है। इस अवसर पर डॉ कविता परमार ने कहा कि दिव्यांग जनों को सहानुभूति की नहीं बल्कि सम्मान की जरूरत है ताकि वो अपने बढ़े हुए मनोबल के साथ आगे बढ़ सकें। डॉ परमार ने यह भी कहा कि पूरे बागबेड़ा क्षेत्र के दिव्यांग जनों का सर्वे कराकर सूचीबद्ध कराया जाएगा और सभी को सरकार द्वारा मिलने वाली सुविधाओं का लाभ पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर बागबेड़ा भाजपा मंडल मंत्री श्रीमती चंदा देवी, कार्यालय प्रभारी भाजपा के श्री बिना लाल रजक, उत्तर पूर्वी बागबेड़ा पंचायत समिति सदस्य किशोर कुमार सिंह, मध्य बागबेड़ा पंचायत समिति सदस्य राजू सिंह, संस्था की अध्यक्ष सुनैना देवी, उपाध्यक्ष लाल बिहारी भगत, सचिव ईश्वर दयाल, सदस्य अभिमन्यु पंडित, मोहित कुमार, ओमप्रकाश, राहुल कुमार, नरेंद्र कुमार सिंह, नकुल सागर, अरुण शर्मा, नंदलाल सिंह, श्याम सुंदर प्रसाद इत्यादि उपस्थित थे।

गोपाल मैदान में चल रहा झारखंड महोत्सव, हैंडीक्राफ्ट आकर्षण का केंद्र

जमशेदपुर। झारखंड महोत्सव मेले में एक और स्टाल आकर्षण का केंद्र है, घर का पिकल ब्रांड तले गिरिजा फूड प्रोडक्ट ने अपना स्टॉल लगा रखा है। इस स्टॉल पर आप 8 तरह के आचार खरीद सकते हैं। आपको बता दें गिरिजा फूड प्रोडक्ट की स्थापना 2003 में आदित्यपुर इंडस्ट्रियल एरिया में बीके चतुर्वेदी और उनकी धर्मपत्नी द्वारा की गई थी। घर का पिक्कल आप अमेजन, फ्लिपकार्ट और मेशो आदि ऑनलाइन माध्यमों से भी आप घर पर मंगा सकते हैं। घर का पिकल्स आम के अचार ,आम कटहल का अचार, मिक्स अचार, हरा मिर्चा का अचार, लाल मिर्चा का अचार, नींबू अचार, ओल का अचार आदि खरीद सकते हैं। इस स्टॉल पर आप 149 से लेकर 482 रूपये तक का आचार के बोतल ले सकते हैं। गिरिजा फूड प्रोडक्ट के प्रमोटर एवं एमडी पीके चतुर्वेदी झारखंड पुलिस में इंस्पेक्टर पद से सेवानिवृत्त है । सेवानिवृत्ति के बाद उन्होंने अपनी धर्मपत्नी की आचार बनाने के शौक को उद्यम में बदल दिया है। आज उनके पास डायरेक्ट इनडायरेक्ट रूप से 1 दर्जन से अधिक लोग स्टाफ के रूप में जुड़े हुए हैं। बीके चतुर्वेदी बताते हैं कि जल्द ही देशभर में वितरण नेटवर्क के जरिए घर का पिकल्स को लोकप्रिय किया जायेगा।

स्पीड न्यूज

झारखंड नवनिर्माण समिति का गठन करेंगे ललित महतो

जमशेदपुर। आजसू के पूर्व केंद्रीय अध्यक्ष ललित महतो ने कहा है कि अलग झारखंड बने हुए दो दशक हो गए किंतु नए राज्य को लेकर जो आकांक्षाएं थी वह पूरी नहीं हुई है। इसलिए असली झारखंड और झारखंड के मूल्यों की स्थापना के लिए नए सिरे से आंदोलन की जरूरत है। इसके लिए ललित ने झारखंड नवनिर्माण समिति के नाम से एक अंब्रेला ऑर्गेनाइजेशन बनाने का घोषणा किया है जिसका सम्मेलन वे रांची में फरवरी माह 2023 के दौरान करेंगे। ललित शनिवार को जमशेदपुर में पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि झारखंड अलग राज्य बना है वह आंदोलन का परिणाम है किंतु राज्य निर्माण के पश्चात जिन लोगों के पास सत्ता रही उन्होंने इसके उद्देश्यों से किनारा कर लिया है। ललित महतो ने कहा कि 23 अक्टूबर 2008 को उन्होंने आजसू को त्याग दिया तब से वे एक सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में राज्य की सेवा कर रहे हैं।

चिन्मया विद्यालय बिस्टुपुर में सामूहिक गीता पाठ प्रतियोगिता

जमशेदपुर। चिन्मया विद्यालय बिस्टुपुर साउथ पार्क में गीता जयंती के अवसर पर सामूहिक गीता पाठ तथा गीता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। गीता पाठ प्रतियोगिता में विद्यालय के एलकेजी से कक्षा 11वीं तक के लगभग 200 बच्चों ने भाग लिया। इस बार गीता पाठ प्रतियोगिता का विषय कर्मयोग अर्थात अध्याय तीसरा है। कार्यक्रम का आरंभ विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती मिक्की सिंह, कोऑर्डिनेटर विनीता मिश्रा निर्णायक मंडल के सदस्य श्रीमती रूमा गुप्ता और राजेश्वरी मैम ने दीप प्रज्वलित कर किया। प्राचार्या ने बच्चों को संबोधित करने के क्रम में कर्मयोग अर्थात कर्म के महत्व के बारे में बताया गया साथ ही शुभकामनाएं भी दी गई।

एबीएमपी आदर्श उवि में बाल संसद चुनाव संपन्न

जमशेदपुर। जमशेदपुर के समीप ग्रामीण क्षेत्र रहारगोरा में स्थित एवं शिक्षा प्रसार केंद्र जमशेदपुर द्वारा संपोषित विद्यालय ए बी एम पी आदर्श उच्च विद्यालय राहरगोडा के प्रांगण में 2 दिसंबर 2022 दिन शुक्रवार को पूर्वाहन 9 से दिन के 12:30 बजे तक प्रधानाध्यापक और शिक्षक शिक्षिकाओं की उपस्थिति में बाल संसद का प्रजातांत्रिक तरीके से विधिवत चुनाव हुआ। चुनाव प्रक्रिया में मतदाता के रूप में विद्यालय के 600 छात्र छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग लेते हुए गुप्त मतदान के द्वारा बाल संसद के प्रतिनिधियों के चुनाव हेतु अपने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। आज मतदान के दूसरे दिन 3 दिसंबर को मतगणना का कार्य निर्वाचन अधिकारी की देखरेख में प्रारंभ हुआ, जो पूर्वाहन 8 बजे से पूर्वाहन 11:30 बजे तक विद्यालय परिसर में चला। पूर्वाह्न 11:45 बजेमे विद्यालय के प्रधानाध्यापक और चुनाव संयोजक के द्वारा उपस्थित छात्र-छात्राओं के विजय उम्मीदवारों की विधिवत घोषणा किया गया। मौके पर उपस्थित छात्र छात्राओं ने चुनाव प्रक्रिया के उपरांत जीते हुए प्रतिनिधियों का करतल ध्वनि के साथ अभिनंदन किया।

जुगसलाई आरओबी 1 जनवरी से आम लोगों के लिए खुलेगा : बन्ना

■ मंत्री बन्ना गुप्ता और विधायक मंगल कालिंदी ने किया आरओबी का औचक निरीक्षण

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। जुगसलाई ओवरब्रिज का निर्माण जल्द पूरा होने के कगार पर है, यह सिंहभूम चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के लगातार प्रयास का नतीजा है। यह बातें आज झारखण्ड सरकार के स्वास्थ्य एवं आपदा प्रबंधन मंत्री बन्ना गुप्ता और जुगसलाई के विधायक श्री मंगल कालिंदी जी ने जुगसलाई ओवरब्रिज के निर्माण कार्य के निरीक्षण करने के दौरान कही।

मंत्री बन्ना गुप्ता और जुगसलाई के विधायक माननीय मंगल कालिंदी ने जुगसलाई ओवर ब्रिज का निर्माण 31 दिसंबर, 2022 तक पूरा किये जाने और 1 जनवरी, 2023 को आमलोगों के लिए खोल दिये जाने हेतु निर्माण कार्य की गति जानने हेतु ओवरब्रिज निर्माण स्थल का दौरा किया। इस दौरान सिंहभूम चैम्बर के व्यवसायियों, उद्यमियों के साथ-साथ जुगसलाई के आमलोगों से रेलवे ओवरब्रिज में किये जाने वाले अतिरिक्त कार्यों के बारे में जानने के बाद, त्वरित कार्यवाही करते हुए डीसी श्रीमती विजया जाधव को दूरभाष पर ही दिशा निर्देश दिए।

इस मौके पर उपस्थित सिंहभूम चैम्बर के उपाध्यक्ष, जनसंपर्क एवं कल्याण मुकेश मित्तल, सचिव भरत वसानी, कॉ-ऑप्टेड सदस्य सत्यनारायण अग्रवाल मुन्ना, कार्यसमिति सदस्य विश्वनाथ शर्मा एवं उमेश खिरवाल उपस्थित थे जिन्हें मंत्री और विधायक ने चैम्बर के द्वारा किये जा रहे कार्यों हेतु सम्मानित किया।

उपाध्यक्ष मुकेश मित्तल ने कहा कि जुगसलाई वासियों की सुविधा और परेशानियों को देखते हुए चैम्बर की यह वर्षों से मांग रही थी कि जुगसलाई ओवरब्रिज का निर्माण पूरा हो। इसका पिछली सरकार में शिलान्यास एवं निर्माण कार्य शुरू तो हुआ था, लेकिन इसका निर्माण कार्य फिर से अधर में लटक गया था। पिछले साल सिंहभूम चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के प्रयास से छठ पूजा के दिन मंत्री बन्ना गुप्ता जी ने जुगसलाई रेलवे ओवरब्रिज का औचक निरीक्षण किया था और 24 घंटे में दोबारा काम चालू करवाने का वादा किया था।

मंत्री श्री बन्ना गुप्ता के अथक प्रयास से इसका निर्माण कार्य फिर से त्वरित गति से शुरू हुआ और अब यह जल्द संभवतः 1 जनवरी तक आमलोगों के लिये खुल जायेगा। इसके लिये सिंहभूम चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री माननीय मंत्री एवं स्थानीय विधायक का आभार प्रकट करता है।

आरओबी का निरीक्षण करने जाते बन्ना गुप्ता और मंगल कालिंदी। चैंबर के उपाध्यक्ष मुकेश मित्तल एवं सहयोगी पदाधिकारियों को सम्मानित करते मंत्री बन्ना गुप्ता।

आइएसएल : जेआरडी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में जमशेदपुर और केरला के बीच मुकाबला आज

■ जीत के रथ पर सवार केरला ब्लास्टर्स के खिलाफ जमशेदपुर एफसी को कमर कसने की जरूरत

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। जमशेदपुर एफसी रविवार को अपने घरेलू मैदान जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में अगले मुकाबले से पूरे अंक हासिल करने के लिए उत्सुक होगी, लेकिन उनके रास्ते में केरला ब्लास्टर्स खड़े होंगे, जो हीरो इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2022-23 में अपनी लगातार चौथी जीत पर नजरें गड़ाए हुए हैं। रेड माइनर्स हीरो आईएसएल सीजन में अपने सबसे खराब दौर से गुजर रहे हैं, क्योंकि वे पिछले चार मैचों में एक भी अंक नहीं जुटा पाए हैं। जमशेदपुर एफसी फिलहाल दसवें स्थान पर बैठी, क्योंकि उसने इस सीजन में अब तक खेले अपने सात मैचों में सिर्फ एक जीत हासिल की है। उनकी एकमात्र जीत उस टीम के खिलाफ आई है जो अंक तालिका में सबसे नीचे बैठी और वो नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी है। अपने पिछले चार मैचों में रेड माइनर्स ने दस गोल खाए हैं जबकि सिर्फ दो गोल किए हैं, और इस प्रक्रिया में कोई अंक नहीं जुटाया है। जमशेदपुर एफसी पिछले मैच में ईस्ट बंगाल एफसी के खिलाफ खेल में सिर्फ दूसरे मिनट में ही पिछड़ गई थी और 1-3 से हार गई। चोटों ने क्लब के कामकाज को बाधित किया हो सकता है, लेकिन मुख्य कोच ऐडी बूथ्रॉयड ने मैच के बाद उल्लेख किया था कि वह नुकसान के लिए चोटों या दुर्भाग्य को दोष नहीं देना चाहते हैं और स्थिति सुधारने के लिए अपनी टीम के प्रदर्शन का आकलन करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहते हैं।

जमशेदपुर के कोच बूथरॉयड पत्रकारों से बात करते हुए। साथ में सबसे दायें स्टार प्लेयर फारुख चौधरी और केरला के कोच इवान वुकोमानोविक पत्रकारों से बात करते हुए। साथ में स्टार प्लेयर नीशु कुमार।

अभाविप ने किया शहीद खुदीराम बोस को नमन

जमशेदपुर। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जमशेदपुर वर्कर्स कॉलेज इकाई ने मानगो स्थित शहीद खुदीराम बोस के मूर्ति पर माल्यार्पण किया और भारत माता की जय और खुदिराम बोस अमर रहे के नारे से पूरा शहीद स्मारक गूंज उठा। इसमें मुख्य रूप से परिषद के बापन घोष, शुभम राज, विकास गिरी, युवराज, विशाल, गुरुचरण, राहुल, अजय, अभिषेक और प्रिंस मौजूद रहे। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए बापन घोष ने कहा खुदिराम बोस हम सभी युवाओं के लिये प्रेरणा है उनके बलिदान को एक दिन नही सदैव याद करना चाहिए और अग्निशिशु शहीद खुदीराम बोस पहले ऐसे क्रांतिकारी थे जो सबसे कम उम्र में फांसी पर चढ़ा दिये गये थे।

अलौकिक प्रतिभा के स्वामी थे प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद: अर्जुन मुंडा

■ केंद्रीय मंत्री ने बिहार एसोसिएशन में राजेंद्र जयंती समारोह को संबोधित किया

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। केंद्रीय जनजातीय मंत्री सह राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि देश के प्रथम राष्ट्रपति डा. राजेन्द्र प्रसाद आलौकिक प्रतिभा के स्वामी थे। इसलिये उनकी जयंती पर हमें यह संकल्प लेने की जरुरत है कि अपनी संस्कृति को बदलने न दें और सोये हुए सपने नहीं, बल्कि जागते हुए सपने देखें और उसे पूरा करें। अर्जुन मुंडा शनिवार को बिहार एसोसिएशन द्वारा राजेन्द्र विद्यालय सभागार में राजेन्द्र बाबू की जयंती पर आयोजित समारोह में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने राजेन्द्र बाबू की जीवनी और देश के प्रति उनकी कर्तव्यपरायणता का उल्लेख करते हुए प्रेक्षागृह में उपस्थित लोगों को अनुप्रेरित किया। कहा कि भारत समूह ही नहीं, बल्कि समाज भी है। राजेन्द्र बाबू ने यही सपना देखा था, जिसे हमें पूरा करना है।

समतानगर के श्यामसुंदर देवी का एमजीएम अस्पताल में हुआ ऑपरेशन

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। मानगो समता नगर के रहने श्यामसुंदर देवी का दलाली प्रथा को मात देते हुए बीस दिनों के बाद पैर का सफल ऑपरेशन हो गया । प्राप्त जानकारी के अनुसार मानगो के समता नगर के रहने वाली श्यामसुंदर देवी का पैर टूट जाने के कारण कोल्हान के सबसे बड़े अस्पताल एमजीएम अस्पताल में 14 नवंबर को भर्ती हुई थी । भर्ती होने के चार दिनों तक डॉक्टर उसे देखने नहीं आए थे । चार दिनों के बाद जब डॉक्टर पहुंचे तो कहा कि आपके पैर का ऑपरेशन होगा और आपके पैर में प्लेट लगाना होगा । प्लेट विक्रेता की नंबर अस्पताल में मौजूद हेड नर्स एवं डॉक्टरों के द्वारा उपलब्ध कराया गया था । डॉक्टरों और नर्सों का दबाव था कि उनके द्वारा बताए गए ही एजेंट से ही प्लेट लेना है जिसकी कीमत एजेंट 20,000 बता रहे थे।

ऑपरेशन थिएटर तक श्यामसुंदर देवी को पहुंचाते विकास सिंह।

फाइनल में पहुंचने को लेकर हुई जबर्दस्त भिड़ंत

■ सीबीएसई क्लस्टर-3 बास्केटबॉल (अंडर-19 लड़के और लड़कियां) टूर्नामेंट 2022 की चार दिवसीय प्रतिस्पर्धा का तीसरा दिन

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। विद्या भारती चिन्मय विद्यालय में सीबीएसई क्लस्टर 3 बॉस्केटबॉल टूनार्मेंट 2022 के चार दिवसीय प्रतिस्पर्धा के तीसरे दिन क्वार्टर फाइनल के 4 मैच हुए। जिसमें पहला मैच केरला पब्लिक स्कूल, बमार्माइंस और गुरु गोविंद सिंह पब्लिक स्कूल, बोकारो के बीच खेला गया, जिसमें गुरु गोविंद सिंह पब्लिक स्कूल, बोकारो ने जीत अपने नाम किया।

दूसरा मैच ट्रिनिटी ग्लोबल स्कूल, पटना और दिल्ली पब्लिक स्कूल, बोकारो के बीच हुआ, जिसमें दिल्ली पब्लिक स्कूल, बोकारो विजयी रहा।

तीसरा मैच सेंट माइकल हाई स्कूल, पटना और विद्या भारती चिन्मय विद्यालय, टेल्को के बीच खेला गया, जिसमें विद्या भारती चिन्मय विद्यालय, टेल्को ने अपनी जीत दर्ज कराई।

चौथा मैच श्री अय्यप्पा पब्लिक स्कूल, बोकारो और सेंट मैरीज इंग्लिश हाई स्कूल, जमशेदपुर के बीच हुआ, जिसमें सेंट मैरिज इंग्लिश हाई स्कूल, जमशेदपुर ने जीत हासिल की।

उक्त मैचों के पश्चात दिवस के दूसरे सत्र में सेंट मैरीज इंग्लिश हाई स्कूल, जमशेदपुर और केरला पब्लिक स्कूल, बमार्माइंस जमशेदपुर (अंडर-19 लड़कियों) के बीच पहला सेमीफाइनल मैच हुआ जिसमें कैरला पब्लिक स्कूल, बमार्माइंस की टीम विजेता रही।

दूसरा सेमीफाइनल मैच (अंडर-19 लड़कियों का) कैरली पब्लिक स्कूल, रांची और धनबाद पब्लिक स्कूल, धनबाद के बीच खेला गया जिसमें धनबाद पब्लिक स्कूल, धनबाद ने अपनी जीत दर्ज की।समाचार लिखे जाने तक अंडर-19 लड़कों का सेमीफाइनल पहला मैच दिल्ली पब्लिक स्कूल, बोकारो और सेंट मैरीज इंग्लिश हाई स्कूल, जमशेदपुर के बीच तथा दूसरा मैच गुरु गोविंद सिंह पब्लिक स्कूल, पटना और विद्या भारती चिन्मय विद्यालय, टेल्को के बीच जारी था।

प्राचार्या श्रीमती मीना विल्खू के अनुसार प्रतिभागियों में एक स्वस्थ प्रतिस्पर्धा व टीम की एकता देखने को मिली, जो टीम के प्रति उनकी निष्ठा व उनकी खेल भावना की समझ को रेखांकित करता है । साथ ही उन्होंने फाइनल में जाने वाले प्रतिभागियों को बधाई व शुभकामनाएं दीं।

एक रोमांचक मुकाबले का दृश्य।

स्पीड न्यूज़

सीएम फुटबॉल : फाइनल में नामुदाग विजयी

नौडीहा बाजार (पलामू)। प्रखंड के सरईडीह मैदान पर पंचायत स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल कप फाइनल मैच नामुदाग और बिशुनपुर पंचायत के बीच हुआ। शुरुआत जिप सदस्य सुदामा प्रसाद, बीडीओ जीतेंद्र मंडल, थाना प्रभारी रंजीत यादव, मुखिया संघ के उपाध्यक्ष जितेंद्र भारती सहित अन्य गणमान्यों ने खिलाड़ियों से परिचय कर व कीक मार कर की। मौके पर सांसद प्रतिनिधि अमरेश श्रीवास्तव ने कार्यक्रम का संबोधन व सफल संचालन मुखिया प्रतिनिधि धनंजय गुप्ता ने किया। बताते चलें कि विवादों के बीच नामुदाग की टीम विजयी घोषित की गयी।

केंद्र सरकार की गलत नीतियों के कारण आम लोग परेशान : बिट्टू पाठक

नावा बाजार। शनिवार को पलामू जिला कांग्रेस कमेटी ने भारत जोड़ो यात्रा नावा प्रखंड के इटको पंचायत व खोड़ी पंचायत में जिलाध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक के नेतृत्व में निकाली। अध्यक्षता नावा प्रखंड अध्यक्ष मीर खुर्शीद आलम ने की। कार्यक्रम की शुरुआत खोड़ी पंचायत से होते हुए इटको पंचायत तक की गयी। बिट्टू पाठक ने कहा कि जीएसटी और नोटबंदी ने छोटे व्यापार की कमर तोड़ कर रख दी है। महंगाई से देश का हर वर्ग परेशान है। मौके पर उपाध्यक्ष संतोष चौबे, शमीम अहमद राइन, प्रखंड सह प्रभारी छोटू सिंह, मिस्टर अंसारी, अजय यादव, युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष गुलाम नबी, फिदा अंसारी, निजाम अंसारी, विपिन यादव आदि थे।

बशिष्ठ नारायणाचार्य के पिता का निधन

मेदिनीनगर। शहर के रेड़मा चौक हनुमान मंदिर के पुजारी नारद शुक्ला (90) का निधन हो गया। दाह संस्कार जीएलए कॉलेज टेड़वा नदी में हुआ। ज्येष्ठ पुत्र स्वामी वशिष्ठ नारायणाचार्य ने पिता को मुखाग्नि दी। वे अपने पीछे तीन पुत्र वशिष्ठ नारायणाचार्य स्वामी जी महाराज, अजय शुक्ला व भरत शुक्ला व दो पुत्री समेत भरा पूरा परिवार छोड़ गये। मृतक पाटन प्रखंड के कांके कला के निवासी थे। निधन पर कई गणमान्यों ने शोक जताया।

समाजसेवी मोहन ने पिता की स्मृति में छतरपुरवासियों के लिए दिया एंबुलेंस

छतरपुर पलामू। छतरपुर नगर पंचायत क्षेत्र के फुलवारी मैदान में नगर समाजसेवी सह व्यवसायी मोहन कुमार ने अपने माता और पिता की स्मृति में छतरपुर की जनता को एंबुलेंस समर्पित किया। उद्घाटन मुख्य अतिथि एसडीओ नरेंद्र गुप्ता, डीएसपी अजय कुमार, नपं के कार्यपालक पदाधिकारी सह अनुमंडल के दंडाधिकारी कामेश्वर बेदिया ने किया। सामाजिक कार्य करने वाले मोहन को अतिथियों ने हार्दिक बधाई दी। संचालन करते हुए डॉ रामरेश यादव ने कहा कि वास्तव में आज छतरपुर नगर क्षेत्र में मोहन सामाजिक कार्य कर लोगों को सेवा करने के लिए प्रेरित किया है। हर व्यक्ति को जरूरत पड़ने पर एंबुलेंस जैसी सेवा दी जायेगी। मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष गोपाल सिंह, राजेश भरद्वाज, सुरेश प्रसाद, बैजनाथ सिंह, गणेश यादव, रवि सिंह व कई लोगों ने समारोह को संबोधित किया।

बजरंग दल के शौर्य संचलन का स्थान चयनित

मेदिनीनगर। विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल पलामू का शौर्य दिवस जिला मुख्यालय में 11 दिसंबर को मनाया जायेगा। इसके तहत शौर्य संचलन किया जायेगा। संचलन नगर के मुख्य मार्गों का भ्रमण करेगा। शौर्य संचलन में जिला के विभिन्न प्रखंडों से हजारों बजरंग दल के कार्यकर्ताओं तथा अन्य महत्वपूर्ण अतिथियों की सहभागिता रहेगी। इसके लिए साहित्य समाज चौक के पास स्थित संस्कृत कॉलेज प्रांगण स्थान चयनित किया गया है। मौके पर विहिप के जिला मंत्री दामोदर मिश्र, बजरंग दल के जिला संयोजक संदीप दास, नगर संयोजक विवेक चौबे, संस्कृत कॉलेज के प्राचार्य से मिल निवेदन पत्र देकर उनसे विद्यालय परिसर का कार्यक्रम के लिए इस्तेमाल करने की अनुमति प्राप्त की।

पंचायत प्रतिनिधियों ने बीपीओ और कनीय अभियंता के साथ की बैठक

हुसैनाबाद पलामू। प्रखंड कार्यालय परिसर में पंचायत प्रतिनिधियों ने मनरेगा कर्मी एवं कनीय अभियंता के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में प्रखंड मनरेगा पदाधिकारी बिष्णु कुमार मिश्रा ने बताया कि मनरेगा के तहत विभिन्न योजना एवं प्रधानमंत्री आवास के लक्ष्य को हर हाल में पूरा करना है। उन्होंने सभी कर्मियों को योजनाओं को ससमय पूरा करने पर बल दिया। बीपीओ ने मनरेगा कार्य को गुणवत्तापूर्ण कराने की बात कही। मौके पर मुखिया प्रेमा देवी, आत्मेश कुमार सिंह उर्फ डब्लू सिंह, अमरेंद्र ठाकुर, विनोद सिंह, संजु देवी, बबीता देवी, विजय कुमार राम, सुदामा यादव, आंचला देवी, अनीता देवी , पंचायत सचिव सूर्यनाथ राम, प्रखंड कार्यालय सहायक मोहम्मद समिर अख्तर, मनरेगा लेखा सहायक संजीव कुमार, विनोद कुमार, अजय कुमार यादव, दिलिप कुमार, धर्मेन्द्र कुमार, सफीर आलम, निरज कुमार गुप्ता, अभिषेक कुमार पासवान, विश्वनाथ कुमार, राजीव कुमार, उमेश कुमार चौधरी, नसीम ,कौशल, अशोक कुमार मौजूद थे।

असरे में बिछी होई पिताजी के अंखिया... दुअरे पर खड़ा होई बहिनि के रखिया...

- भव्यता के साथ मना शहीद लेफ्टिनेंट अनुराग शुक्ला का 28वां जन्मोत्सव
- भोजपुरी सम्राट गोलू राजा ने सोहर गायन से बांधा समा
- पिता जितेंद्र शुक्ला, भोजपुरी सम्राट गोलू राजा व अन्य ने किया सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन
- शहीद अनुराग के जन्मोत्सव पर सिंगरा में हर बरस लगेगा मेला : पिता जितेंद्र शुक्ला

दीप जलाकर कार्यक्रम का उद्घाटन करते शहीद के पिता व अन्य और कार्यक्रम प्रस्तुत करते गोलू राजा।

खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। शहीद लेफ्टिनेंट अनुराग शुक्ला का 28वां जन्मोत्सव आज भव्यता के साथ मनाया गया। सिंगरा खुर्द में शहीद अनुराग शुक्ला चौक पर जन्मोत्सव के मौके पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में भोजपुरी सम्राट गोलू राजा ने सोहर गायन कर समा बांधा। सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन शहीद लेफ्टिनेंट अनुराग शुक्ला के पिता जितेंद्र शुक्ला, भोजपुरी स्टार गोलू राजा सहित उमेश शुक्ला, पारस शुक्ला, संतोष शुक्ला, लव शुक्ला, दिलीप शुक्ला, रमेश शुक्ला, शिशिर शुक्ला, किशोर पांडेय, आशीष भारद्वाज आदि ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

शहीद लेफ्टिनेंट अनुराग शुक्ला के पिता जितेंद्र शुक्ला ने सभी का स्वागत, अभिनंदन किया। इसके पूर्व सभी ने शहीद अनुराग के आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर एवं शहीद वेदी पर पुष्परिंग अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। जन्मोत्सव पर सिंगरा खुर्द स्थित लेफ्टिनेंट अनुराग शुक्ला चौक तिरंगा से पटा था। वहीं शहीद के प्रतिमा स्थल को लाइटिंग, फूल-माला, बैलून से सजाया गया है। वहीं प्रतिमा स्थल के चारदीवारी पर लगे ग्रील को भी तीरंगा कलर किया गया है। मां भारती के सपूत शहीद अनुराग शुक्ला के जन्मोत्सव पर पूरा चौक देशभक्ति रंग में सराबोर रहा। हर दिल शहीद की कुबार्नी को याद कर रहे थे। साथ ही गांव के हर व्यक्ति के मन में शहीद के प्रति श्रद्धा का भाव था। हर वर्ष की भांति तीन दिसंबर को लेफ्टीनेंट अनुराग शुक्ला का भव्य जन्मोत्सव की तैयारी की गई थी। भोजपुरी सम्राट गोलू राजा अपने टीम के साथ सोहर एवं देशभक्ति गीतों से अनुराग के शहादत को नमन किया। गोलू राजा ने सोहर-ये राजाजी एकरे त रहल ह जरूरत... मुहूरत खुबसूरत रहल हो... जहां-जहां डाल-डाल पर सोने की चिड़िया करते है बसेरा... असरे में बिछी होई पिताजी के अंखिया... दुअरे पर खड़ा होई बहिनि के रखिया... आदि सोहर एवं देशभक्ति गीत से समा बांधा।

शहीद लेफ्टिनेंट अनुराग शुक्ला के 28वें जन्मोत्सव पर कटा 28 पौंड का केक

मेदिनीनगर। शहीद लेफ्टिनेंट अनुराग शुक्ला के 28वां जन्मोत्सव पर आज सिंगरा खुर्द स्थित शहीद अनुराग शुक्ला चौक पर अवस्थित शहीद के प्रतिमा स्थल परिसर में 28 पौंड का केक काटा गया। शहीद लेफ्टिनेंट अनुराग की माता उषा शुक्ला ने केक काटा। पूरी हिम्मत के साथ केक काटने पहुंची मां का कलेजा पिघल गया और वह भावुक हो गयी। मौके पर शहीद लेफ्टिनेंट अनुराग के पिता जितेंद्र शुक्ला, शहीद की बहन सुप्रिया शुक्ला तिवारी, कुमारी रौशनी, बहनोई अभिषेक तिवारी, भगीना अमोघ, भगीनी आद्या, बाबा संतोष शुक्ला एवं अन्य पारिवारिक सदस्यों के अलावा पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा, पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी, भाजपा के जिलाध्यक्ष विजयानंद पाठक, भाजपा के

>> शहीद अनुराग की मां उषा शुक्ला ने काटा केक,नम हो गयी आंखें

>> भोजपुरी सम्राट गोलू राजा, पुलिस अधीक्षक सहित अन्य ने दी श्रद्धांजलि

कंबल का वितरण : शहीद लेफ्टिनेंट अनुराग शुक्ला के जन्मोत्सव के मौके पर अतिथियों के हाथों सैकड़ों जरूरतमंद व्यक्तियों को कंबल दिया गया। मंच संचालन आशुतोष पाण्डेय लकी ने किया।

मनोज सिंह, पूर्व सैनिक ब्रजेश शुक्ला, पूर्व चेयरमैन सुरेंद्र सिंह, पूर्व उपाध्यक्ष मनोज सिंह, राकेश तिवारी, आशीष भारद्वाज, रूद्र शुक्ला, अविनाश देव, धनंजय त्रिपाठी, परशुराम सेना के जिलाध्यक्ष के अलावा अन्य राजनीतिक नेता, जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी एवं अन्य थे। इधर, केक काटने के साथ ही जमकर आतिशबाजी की गयी।

नौ को मुख्यमंत्री हेमंत पलामू में जनसभा को करेंगे संबोधित

- कार्यक्रम की सफलता के लिए जेएमएम जिला कार्यालय में हुई बैठक
- कार्यक्रम की सफलता के लिए झामुमो कार्यकर्ता आगे आयें : राजेंद्र सिन्हा

खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन खतियान जोहार यात्रा के तहत 9 दिसंबर को पलामू आने वाले हैं। वे शिवाजी मैदान में जनसभा को संबोधित करेंगे। इसकी तैयारी को लेकर झामुमो जिला कार्यालय जगत कुटीर में बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा ने कहा मुख्यमंत्री का पलामू में आगमन होना पूरे पलामू के लोगों के लिए गर्व की बात है। मुख्यमंत्री के स्वागत में झामुमो के सभी नेता कार्यकर्ता मजबूती के साथ लगे हुए हैं। कार्यक्रम की सफलता के लिए जिला अस्तर से लेकर प्रखंड स्तर तक के कार्यकर्ता बढ़-चढ़कर आगे आएं। मुख्यमंत्री ने जो कहा है वो किया है। सरकार ने जो भी वादे किये थे। वे सभी पूरे किए गए हैं। झारखंड के इतिहास में ये पहली बार हो रहा है कि मुख्यमंत्री ने चुनाव के पूर्व झारखंड की जनता के समक्ष जो वादे किए थे। आज सभी पूरा किये जा रहे हैं। झारखंड में यह पहला मुख्यमंत्री है जो जनता के विश्वास पर खरे उतर रहे हैं।

- उन्होंने कहा कि पूर्व के मुख्यमंत्री झारखंड की जनता को ठगने का काम किया है। लेकिन ये मुख्यमंत्री हैं जो जनता के समक्ष वादे किये थे उसे पूरा कर रहे हैं। जनकल्याणकारी फैसलों की वजह से आज झारखंड में मुख्यमंत्री की लोकप्रियता बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि1932 लागू करना हो या फिर पुरानी पेंशन सभी फैसलों ने जनता की दिल में मुख्यमंत्री का जगह बनाया है। सभी लोग शिवाजी मैदान आयें और मुख्यमंत्री के विचारों को सुने। वरिष्ठ नेता देवेंद्र तिवारी ने कहा कि हमारे सभी प्रखंड अध्यक्ष और पचायतों के कार्यकर्ताओं में गजब का उत्साह है। पार्टी के सभी लोग और पलामू की जनता उत्साह के साथ मुख्यमंत्री का स्वागत करेंगे। क्योंकि झारखंड का बेटा ने हमेशा उनकी बातों को सुना है और उसे लागू किया है।

अब पांकी विधानसभा क्षेत्र में हो रहा चहुंमुखी विकास: डॉ शशिभूषण मेहता

खबर मन्त्र संवाददाता

नीलांबर पीतांबरपुर। प्रखंड के कुदंरी पंचायत के मुरूबार में विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण ने जिला कल्याण मद से बनने वाले कब्रिस्तान के चारदिवारी निर्माण का विधिवत पूजा अर्चना कर नारियल फोड शिलान्यास किया। मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कब्रिस्तान के चारों ओर चहारदीवारी के निर्माण हो जाने से लोग कब्रिस्तान में गंदगी निजात पायेंगे, वहीं कब्रिस्तान में पशुओं के अन्यत्र विचरण व अन्य गंदे कामों से मुक्ति मिलेगी।

साथ ही पांकी विस में विकास कार्यों में तेजी लाते हुए लगातार योजनाओं का शिलान्यास कार्य किया जा रहा है ।आगे भी अन्य योजनाओं का शिलान्यास कार्यक्रम किया जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि विधानसभा में विकास की गति तेज कि गई है। गांव में सड़क नाली का निर्माण चरणबद्ध तरीके करवाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उनका पूरा प्रयास विधानसभा के हर क्षेत्र को चहुंमुखी विकास की ओर है । साथ ही उन्होंने लोकसभा सभा चुनाव पर चर्चा किया। चतरा सांसद प्रतिनिधि निर्भय कुमार ठाकुर ने कहा कि पांकी विधायक एवं चतरा सांसद के प्रयास से क्षेत्र में चहुमुखी विकास हो रहा है। विधायक के द्वारा राज्य स्तर से तथा संसद के द्वारा केंद्र के स्तर से योजनाओं को क्षेत्र में लाकर जन समस्या को दूर किया जा रहा है। मौके पर निर्भय कुमार, ठाकुर बच्चन ठाकुर, ललित मेहता, लाला प्रसाद यादव, बिगु साव, अरूण कुमार सिंह, विक्रमादित्य दुबे संदीप यादव, जियाउल हक आनंद सिंह मोहम्मद शकील हाजी अजीम मोहम्मद जन्मदिन मोहम्मद शोएब शमशाद व कई लोग उपस्थित हुए थे।

हुसैनाबाद-हैदरनगर में मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल टूर्नामेंट शुरू हुआ

खबर मन्त्र संवाददाता

हुसैनाबाद। मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल टूर्नामेंट हैदरनगर+2 हाईस्कूल के मैदान में शनिवार से शुरू कराया गया है। इस तीन दिनी खेल का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख कलावती देवी ने मैदान में गेंद को किक मारकर किया। इस टूर्नामेंट से युवक वर्ग व खेलप्रेमियों में उत्साह व ऊर्जा का सृजन हुआ है। उन्होंने कहा कि फुटबॉल टूर्नामेंट होने से युवाओं में जोश व नई उमंग है। वहीं बभंडी पंचायत के मुखिया जितेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि टूर्नामेंट होने से युवाओं को खेल क्षेत्र में आगे बढ़ने का मौका मिलेगा। उद्घाटन मैच परता बनाम बरडंडा पंचायत की टीम के साथ खेला गया जिसमें परता ने एक गोल से जीत दर्ज की। पहले दिन खेले मैच में हैदरनगर पश्चिमी बनाम इमामनगर बरेवा की टीम के बीच बरेवा की टीम एकतरफा चार गोल से जीती। हैदरनगर पूर्वी के टीम के भाग नहीं लेने से कुकही टीम को वाक ओवर दिया गया। समाचार भेजे जाने तक बिलासपुर और इममनगर बरेवा के क्वार्टर फाइनल का मैच जारी था।

अवैध बालू मामले में पुलिस कर रही है लगातार कार्रवाई

गौतम पटेल

- अभी तक पचास से ज्यादा गाड़ी केवल पुलिस ने पकड़ा हैं : एसडीपीओ

हुसैनाबाद, पलामू। बीते दिनों अनुमण्डल पदाधिकारी के द्वारा अवैध बालू और माइनिंग को रोकने को लेकर हुई बैठक की जानकारी देते हुए हुसैनाबाद एसडीपीओ पूज्य प्रकाश ने बताया कि अवैध बालू कारोबारियों के साथ पुलिस की मिली भगत की बात बिलकुल निराधार और सत्य से परे हैं। क्योंकि जब से सरकार के द्वारा बालू पर रोक लगाए गया हैं तब से पुलिस लगातार अवैध रूप से बालू धोने वाले पर रोक लगाने के लिए ट्रैक्टर को पकड़ कर खनन विभाग को अग्रेतर कार्रवाई हेतु भेजी हैं।

विभागीय और वरीय अधिकारियों के निर्देश पर भी लगातार करवाई की गई हैं ।आगे उन्होंने यह भी कहा कि अभी तक केवल पुलिस बल के द्वारा कुल 50 से भी अधिक अवैध बालू के ट्रैक्टर को पकड़ कर खनन विभाग को अग्रेतर करवाई हेतु प्रेसित किया हैं उन्होंने यह भी बताया कि जब जब टास्क फोर्स की गठन किया गया हैं उसमें पुलिस बल की व्यवस्था की गयी है।

महान विभूतियों के वजह से ही देश में हम सभी लोग मान-सम्मान के साथ जी रहे हैं : राकेश

मेदिनीनगर। आज देश के प्रथम राष्ट्रपति भारत रत्न डॉ राजेंद्र प्रसाद की जयंती और मां भारती की स्वतंत्रता के लिए 19 साल की उम्र में अपने प्राणों का बलिदान देने वाले खुदीराम बोस जी पलामू के लाल लेफ्टिनेंट अनुराग शुक्ला जी का जन्मोत्सव आम आदमी पार्टी ने मनाया सबों को याद किया। आप नेता राकेश तिवारी ने कहा कि इन्हीं महान विभूतियों के वजह से ही देश में हमसभी लोग मान-सम्मान के साथ जी रहे हैं। जिला प्रभारी कौशल किशोर बच्चन ने कहा कि आज ऐतिहासिक दिन है आज देश के महानायक डॉ राजेन्द्र प्रसाद, खुदी राम बोस, 1971 की भारत-पाक युद्ध में शहीद होने वाले अमर शहीद वीर सपूत अल्बर्ट एक्का का शहादत दिवस है। मौके पर इंद्रदेव सिंह, मुन्ना कुमार, शंकर दुबे, शशिकांत, कौशल किशोर बच्चन, राकेश तिवारी मौजूद थे।

शिक्षा के प्रति घर-घर जागरूक कर रहे प्राचार्य

मोहम्मदगंज। राजकीयकृत +2 रहमानिया उच्च माध्यमिक विद्यालय तारा पलामू के प्राचार्य मनोज कुमार ने विद्यालय के शिक्षकों के सहयोग से विद्यालय नहीं आ रहे वैसे छात्र छात्राओं को विद्यालय लाने के लिए अनोखी पहल की शुरुआत की। इस पहल के तहत प्राचार्य व शिक्षकों की एक टीम ने छात्र छात्राओं के घर-घर जाकर प्रेरित किया गया व अभिभावकों को इस पर पहल कर इस अभियान को सफल बनाने महत्वपूर्ण भूमिका निभाने पर बल दिया गया। अभिभावकों ने कहा कि बच्चे ही देश व परिवार के भविष्य है। अब नियमित बच्चों को विद्यालय भेजेंगे व इसके लिए उन्हें हमेशा प्रेरित करेंगे। प्राचार्य समेत शिक्षकों की टीम में संतोष चौहान, सुजाता पासवान, हरेंद्र कुमार सिंह, शशि शंकर, बसंत कुमार सोनी, सावित्री कुमारी, अशोक शर्मा, मनीष कुमार राय, जागेश्वर प्रसाद, राजहंश कुमार, सबा प्रवीण, लिपिक अजीत पासवान थे।

प्रतियोगिता से ही प्रतिभा में आती है निखार: बाबुल सिंह

खबर मन्त्र संवाददाता

बिश्रामपुर (पलामू)। रेहला के ज्ञान निकेतन पब्लिक स्कूल में शनिवार को सीसीए के दौरान कई खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। खो खो खेल प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागियों को चार हाउस में विभाजित था। जिसमे तेंदुलकर हाउस बॉयज ग्रुप को प्रथम स्थान, मिलखा हाउस को द्वितीय स्थान व विश्वनाथन हाउस को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। वर्ग पांच से वर्ग आठ तक के बच्चों हेतु भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा आयोजित किया गया था। सभी विजेता प्रतिभागियों को स्कूल प्रबंधन ने पुरस्कृत किया। निदेशक अमित सिंह उर्फ बाबुल सिंह ने कहा कि प्रतियोगिता से ही प्रतिभा में निखार आती है। इसीलिए स्कूल प्रबंधन हमेशा प्रतियोगिता आयोजित करते रहता है।

बड़ों की आज्ञा का न करें उल्लंघन : हेमलता शास्त्री

मेदिनीनगर। नारायण सेवा संस्थान के तत्वावधान में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे श्री धाम वृंदावन मथुरा से पधारे अंतरराष्ट्रीय कथा प्रवक्ता देवी हेमलता शास्त्री जी के श्री मुख से सभी भक्तों ने आनंद प्राप्त किया। उन्होंने सती चरित्र की कथा के माध्यम से कहा कि अपने से बड़ों की आज्ञा का उल्लंघन नहीं करना चाहिए, मां सती ने अपने पति की आज्ञा का उल्लंघन किया, मना करने पर भी अपने पिता के यहां गई तो अपने शरीर व प्राणों को त्यागना पड़ा।

भाकपा माले से जुड़े संगठनों ने किया उपायुक्त कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन

खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। राज्यव्यापी प्रतिरोध कार्यक्रम के तहत भाकपा माले से जुड़ा हुआ संबद्ध संगठन झारखंड ग्रामीण मजदूर सभा के द्वारा उपायुक्त कार्यालय के समक्ष मार्च व प्रदर्शन किया गया। उपायुक्त को मुख्यमंत्री के नाम मांग पत्र सौंपा गया। मांग पत्र के माध्यम से मांग किया गया कि बाघमारा गोली कांड के दोषियों सीआईएसएफ के पुलिस वालों पर केस दर्ज कर कारवाई की जाये। आयोग बना कर घटना की जांच हो,मृतकों के परिजनों को 10 लाख नगद और एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी दिया जाए। झारखंड सरकार की नई नियोजन नीति के तहत सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों में 75 प्रतिशत स्थानीयों को रोजगार दिया जाए। पलामू के सुखाड़ को देख मनरेगा को प्रभावी ढंग से लागू किया जाए व दो सौ दिन काम और 600 दैनिक मजदूरी भुगतान किया जाए और बकाया मजदूरी शीघ्र भुगतान किया जाए।

कायस्थ महासभा ने मनायी डॉ राजेंद्र प्रसाद की जयंती

मेदिनीनगर। शनिवार को अखिल भारतीय कायस्थ महासभा, पलामू एवं श्री चित्रगुप्त मंदिर समिति डालटनगंज के सदस्यों ने संविधान सभा के अध्यक्ष, देश के प्रथम राष्ट्रपति, कायस्थ गौरव, देशरत्न स्व डॉ राजेंद्र प्रसाद की जयंती मनायी। सदस्यों ने मेदिनीनगर छह मुहान स्थित देशरत्न की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किये। सदस्यों ने उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला।

विश्रामपुर: महान विभूति महाबीर प्रसाद पांडेय की 12वीं पुण्यतिथि मनायी गयी

- प्रतिमा पर किया गया माल्यार्पण, श्रद्धांजलि सभा का भी हुआ आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

श्रधांजलि अर्पित करते लोग।

विश्रामपुर (पलामू)। विश्रामपुर के महान विभूति महाबीर प्रसाद पांडेय की 12 वीं पुण्यतिथि मनायी गयी। पुण्यतिथि के मौके पर स्थानीय लोगो ने उन्हें हृदय से नमन किया। जनता उच्च विद्यालय व परियोजना जमुना देवी कन्या उच्च विद्यालय में श्रधांजलि सभा की गयी। सभा में स्व महाबीर प्रसाद पांडेय को नम आंखों के बीच श्रद्धा-सुमन अर्पित किया गया। महाबीर प्रसाद पांडेय के स्मृति व सम्मान में दो मिनट का मौन भी रखा गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय में स्थापित स्वर्ट्ट पांडेय की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर के किया गया। यहां उल्लेखनीय है कि स्वर्ट्ट महाबीर प्रसाद पांडेय ने विश्रामपुर मुख्यालय में कई शैक्षणिक संस्थानों की स्थापना करायी थी। विश्रामपुर के पूर्ण विकास हेतु कई उल्लेखनीय कार्य भी किया था। जिसके चलते स्थानीय लोग उन्हें विश्रामपुर का गांधी भी कहते थे। स्वर्ट्ट पांडेय के पुत्र सह समाजिक सेवा समिति के अध्यक्ष संजय पांडेय ने कहा कि उनके पिता ने अपना पूरा जीवन विश्रामपुर की भलाई में लगा दिया था। रेड रोज पब्लिक स्कूल के निदेशक सह विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय ने कहा कि स्वर्ट्ट महाबीर प्रसाद पांडेय व्यक्ति नही बल्कि एक विचारधारा थे। शिक्षा के क्षेत्र में जो क्रांति उन्होंने लायी, वह विश्रामपुर के लोग कभी भूल नही पायेंगे। मौके पर जनता उवि के प्राचार्य भोला राय, कन्या विद्यालय की प्रचार्या नीरज देवी, शिक्षक अरुण सिंह, रितेश कुमार, प्रतिमा टोपो, सरिता देवी, विजय साव, रोहित तिवारी, पंकज सिंह, कमल कांत आर्य, शिक्षक शिक्षिका, छात्र छात्र व कई स्थानीय लोग मौजूद थे।

सभी शिक्षक अपनी जिम्मेवारी को समझ कर विद्यार्थियों को पढ़ायें : उदेश यादव

➲ कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका उवि का मनाया गया स्थापना दिवस

खबर मन्त्र संवाददाता

खास बातें : मौके पर विधायक प्रतिनिधि उदेश यादव ने कहा कि शिक्षा से ही विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास होता है। शिक्षक व शिक्षिका अपने जिम्मेवारी को समझकर छात्राओं को बेहतर शिक्षा दें। बीडीओ ने विद्यालय के छात्राओं को उचित शिक्षा पर जोर देने को कहा। कहा कि विद्यार्थी शिक्षित होकर बेहतर समाज का निर्माण करें। उन्होंने विद्यालय के वार्डन सुषमा कुमारी को विद्यालय को समुचित सुदृढ़ ढंग से चलाने को कहा। कहा कि विद्यालय को किसी छोटी-छोटी समस्या को ना होने दें ताकि बाद में बड़ा रूप ले ले। मौके पर कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षिकाओं में रागिनी कुमारी, माधुरी कुमारी, रौशन ठाकुर, मनातू कांग्रेस कमेटी के प्रखंड अध्यक्ष विष्णुदेव यादव, वीरेंद्र सिंह, अंतु यादव, मुनेश्वर महतो, गोपाल यादव सहित काफी संख्या में बच्चे व अभिभावक शामिल थे।

मनातू पलामू। प्रखंड के पदमा पंचायत स्थित ग्राम पनाडीह में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका उच्च विद्यालय का 17वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया । स्थापना दिवस कार्यक्रम का उदघाटन मनातू प्रखंड विकास पदाधिकारी सच्चिदानंद महतो, विधायक प्रतिनिधि उदेश यादव, पदमा पंचायत के मुखिया अनुज प्रसाद, जिला परिषद प्रदीप भुइयां, वार्डन सुषमा कुमारी, कांग्रेस कमेटी के प्रखंड अध्यक्ष विष्णु देव यादव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर विद्यालय परिसर के प्रांगण में कस्तूरबा गांधी का प्रतिमा स्थापित किया गया। विद्यालय के छात्राओं ने एक से एक बढ़कर गीत और नृत्य प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया।

जिला परिषद सदस्य ने किया सड़क का शिलान्यास

चाइबासा। सदर प्रखंड के करलाजुड़ी गांव में विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास जिला परिषद सदस्य लालमुनी पूर्ति और अन्य जनप्रतिनिधिगण ने संयुक्त रूप से किया। जिला परिषद द्वारा 15वें वित्त आयोग मद से करलाजुड़ी में ग्रामसभा बैठकी चबूतरा और करलाजुड़ी टोला चेतन साई के सामने आंगनबाड़ी केन्द्र से हरिचरण पूर्ति के घर तक 500 फीट पीसीसी पथ का निर्माण होना है। शिलान्यास कार्यक्रम में मानकी किंगकोंग पूर्ति, मुंडा गोबिंद पूर्ति, उप प्रमुख प्रेम पूर्ति, मुखिया अनिता पूर्ति, संवेदक सुनील यादव, सुशील पूर्ति, हरिचरण पूर्ति, पांडु पूर्ति, सेलयी पूर्ति, सोंगा पूर्ति, गंगा पूर्ति, मंजू पूर्ति, डाली पूर्ति, पूनम पूर्ति, उदय पूर्ति, अजय पूर्ति, बाल कृष्ण पूर्ति, सचिन पूर्ति, मोरा मरसल पूर्ति, चोकरो गोप, नारायण देवगम, जॉन तुबिद, मंत्री पूर्ति उपस्थित थे।

कांग्रेस पार्टी ने रामगढ़ में भारत जोड़ो पदयात्रा का आयोजन किया, भारत जोड़ो यात्रा का उद्देश्य देश में एकता और भाई चारा

भारत जोड़ो यात्रा के माध्यम से कांग्रेस देश में भाई चारगी को बढ़ावा देने का कार्य कर रही है: राजेश

खबर मन्त्र संवाददाता

रामगढ़। कांग्रेस पार्टी ने शनिवार को रामगढ़ में भारत जोड़ो पदयात्रा का आयोजन किया। पदयात्रा में मुख्य रूप से कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, खाद्य आपूर्ति मंत्री रामेश्वर उरांव, रामगढ़ विधायक ममता देवी, कार्यकारी अध्यक्ष शाहजादा अनवर आदि शामिल हुए। पदयात्रा का शुभारंभ पटेल चौक से सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। पदयात्रा ब्लॉक चौक पहुंचने पर वहां स्थापित पंडित जवाहरलाल नेहरू की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। उसके उपरांत पदयात्रा के सुभाष चौक पहुंचने पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। पदयात्रा के क्रम में गांधी चौक पर स्थापित गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। पदयात्रा के दौरान आंबेडकर पार्क स्थित बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर भी माल्यार्पण किया गया। इसके बाद पदयात्रा चट्टी बाजार होते हुए एमएमटी ग्राउंड पहुंचकर सभा में तब्दील हो गई।

भारत जोड़ो यात्रा में शामिल कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर व यात्रा के संबंध में जानकारी देते

मौके पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा का मतलब भारत जोड़ने से है। यात्रा का आयोजन कांग्रेस जरूर कर रही है। उन्होंने कहा कि हम नफरत और बेरोजगारी दूर करने के लिए यात्रा का आयोजन कर रहे हैं। कहा कि यात्रा में सभी समाज के लोगों का भागीदारी मिल रही है । वहीं, खाद्य आपूर्ति मंत्री रामेश्वर उरांव ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा एक जन जागरण अभियान है । कहा कि यह यात्रा देश के लोगों को आपस में जोड़ने का कार्य कर रही है। कहा कि यात्रा का उद्देश्य पूरा हो रहा है।

पदयात्रा में बलजीत सिंह बेदी, पंकज तिवारी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए।

ग्रामीणों की बैठक में लिए गये कई निर्णय

खबर मन्त्र संवाददाता

चाइबासा। सामुदायिक भवन बुकासाई में शनिवार को सामाजिक कार्यकर्त्ता रंजीत गागराई की अध्यक्षता में ग्रामीणों की बैठक हुई. इसमें एस्पायर संस्था द्वारा बुकासाई में संचालित सामुदायिक शैक्षणिक संसाधन केंद्र की स्थापना और संचालन समिति का गठन, उद्देश्य के बारे रणनीति बनायी गई। बैठक में इस केंद्र का संचालन व मार्गदर्शक की भूमिका निभाने वाले संस्था एस्पायर के जगन्नाथपुर ब्लॉक को-ऑर्डिनेटर मानस, सीएफ विशाल गोप, रंजन चक्र एवं एलएफ मधुसुदन सिंकु, पूनम पूर्ति व लक्ष्मी कुमारी भी शामिल हुए। बैठक में सामुदायिक शैक्षणिक संसाधन केंद्र (सीईआरसी) के शुभारम्भ से पूर्व संचालन समिति का गठन करने का निर्णय लिया गया।

मंडल कारा का सायरन बजने से मचा हड़कंप

देवघर। देवघर मंडल कारा का अचानक 3 दिसंबर को सायरन बजने से हड़कंप मच गया। आवाज सुनते ही नगर थाना प्रभारी रतन सिंह पुलिस जवानों को लेकर दौड़ पड़े। जेल में बंद कैदियों में अफरातफरी मच गई। बाद में पता चला कि मॉक ड्रिल किया जा रहा था। इस वजह से सायरन बजाया गया। दरअसल 2 दिसंबर को दुमका सेंट्रल जेल के बाहर फायरिंग की घटना के बाद देवघर मंडल कारा प्रशासन अलर्ट है। मॉक ड्रिल आपात स्थिति से निपटने के लिए किया गया। सायरन बजते ही डेढ़ मिनट के अंदर नगर थाना पुलिस जेल परिसर पहुंच गई।

बच्चों को हर क्षेत्र में अव्वल बनाना है : अंगद

फैन्सी ड्रेस व चित्रांकन प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

प्रतियोगिता में शामिल नन्हे-मुन्ने बच्चे

खबर मन्त्र संवाददाता

भुरकुंडा (रामगढ़)। जवाहनगर भुरकुंडा स्थित न्यू डन बस्को स्कूल में शनिवार को फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इसमें कक्षा नर्सरी से आठ तक के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। विभिन्न थीम पर आधारित पोशाक पहने बच्चों ने अभिभावकों और शिक्षक-शिक्षिकाओं का मन मोह लिया। वहीं कक्षा एक के बच्चों के बीच चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिससें बच्चों ने एक से बढ़कर पेंटिंग बनाकर उपस्थित लोगों की खूब वाहवाही बटोरी। साथ ही कक्षा दो के बच्चों द्वारा सोलर सिस्टम का आकर्षक मडल प्रस्तुत किया गया। वहीं आठवीं कक्षा के बच्चों के बीच 'नो टू सिंगल यूज प्लास्टिक' थीम पर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में नर्सरी से यूकेजी में विराज मोहन मिश्रा, कक्षा एक में हुमायरा परवीन, कक्षा तीन में लाडली, कक्षा चार से आठवीं तक में रुख्साना परवीन और सोनू संयुक्त विजेता रहे। मौके पर स्कूल के प्रबंधक अंगद राय ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं से बच्चों की छुपी प्रतिभा निखरती है। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ हर क्षेत्र में बच्चों को अव्वल बनाने के प्रति विद्यालय प्रबंधन हर सार्थक कदम उठाती रहेगी। श्री राय ने कहा कि बच्चों बेहतर तालीम व संस्कार देकर उनका सर्वांगीण विकास करना ही विद्यालय का उद्देश्य है।

तोपा परियोजना प्रबंधन ने झाकोमयू प्रतिनिधि मंडल के साथ की वार्ता बैठक

अधिकांश मांगों पर बनी सहमति

खबर मन्त्र संवाददाता

कुजू। झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन, तोपा शाखा सचिव रामनाथ महतो द्वारा दिए गए 22 सूत्री मांगों को लेकर शनिवार को परियोजना कार्यालय में वार्ता बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता परियोजना पदाधिकारी मनीष कुमार ने की।इस बैठक में प्रबंधन ने सभी मांगों पर बिंदुवार चर्चा की। परियोजना पदाधिकारी मनीष कुमार ने परियोजना स्तर पर समाधान होने वाले मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया। साथ हीं वैसे मांग जो क्षेत्रीय व मुख्यालय स्तर पर समाधान होगा, उसके लिए फाइल को आगे बढ़ाने का आश्वासन प्रबंधन की ओर से दिया गया। वार्ता सकारात्मक सफल रहीं। वार्ता में प्रबंधन की ओर से परियोजना पदाधिकारी मनीष कुमार, खान प्रबंधक एमके सिंह, डिस्पैच अधिकारी निलेश कुमार, परियोजना के चिकित्सा पदाधिकारी, उप प्रबंधक माइनिंग, कार्मिक प्रबंधक अविनाश कुमार श्रीवास्तव, यूनियन की ओर से जोनल संगठन सचिव आर एन सिंह, शाखा सचिव रामनाथ महतो, शाखा अध्यक्ष मोहम्मद यासीन, झामुमो प्रखंड सचिव सुरेश चंद्र पटेल, विशेश्वर महतो, राजदीप कुमार, मंगू मांझी, तबारक अंसारी, बासुदेव गंझू, लालदेव महतो आदि मौजूद थे।

वार्ता बैठक में मौजूद लोग

बीडीओ ने किया निरीक्षण

नोवामुंडी। प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) नोवामुंडी अनुज बांडो ने शनिवार को हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पदापहाड़ का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी ने दवाइयों का स्टॉक रजिस्टर, दवाइयों की डिस्ट्रीब्यूशन सूची, नियमित हेल्थ चेकअप का रजिस्टर, एनेमिया की दवाइयों के वितरण की स्थिति, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में उपस्थित कर्मचारियों की उपस्थिति पंजी की जांच की।

डाइबिटीज से बचने के लिए लाइफ स्टाइल बदलें : डॉ विनय ढांढनिया

श्री अग्रसेन स्कूल में लगा मधुमेह जांच शिविर, 62 लोगों ने कराया स्वास्थ्य जांच, विद्यार्थियों के लिए स्वास्थ्य जागरूकता का हुआ आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

भुरकुंडा (रामगढ़)। रोटरी क्लब रांची के तत्वावधान में शनिवार को श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में मधुमेह और रक्तचाप जांच शिविर लगाया गया। इसका उद्घाटन प्रख्यात चिकित्सक ड विनय कुमार ढांढनिया, रोटरी रांची के अध्यक्ष दीपक श्रीवास्तव, क्लब के पूर्व अध्यक्ष प्रवीण राजगढ़िया, सेवानिवृत्त सीसीएल सीजीएम (पर्सनल) रेखा सिंह, रोटेरियन अतुल अग्रवाल, मुख्तार सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में 62 लोगों की मधुमेह और रक्तचाप की निःशुल्क जांच की गई। जांचोपरांत ड ढांढनिया ने मरीजों को आवश्यक परामर्श दिया।

इससे पूर्व बच्चों के लिए आयोजित स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम में ड ढांढनिया ने मधुमेह की रोकथाम और इसकी जटिलताएं, मधुमेह जांच, मोटापा, किशोरावस्था और गर्भावस्था में मधुमेह के कारणों के अलावा मोटापा और माहवारी से जुड़ी बातों की जानकारी दी।

उन्होंने बच्चों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का भी उत्तर दिया। ड ढांढनिया ने कहा कि डाइबिटीज से बचने के लिए लाइफ स्टाइल को बदलना जरूरी है। लेकिन दुर्भाग्य है कि हमलोग पौष्टिक भोजन न लेकर दिखावे की ओर जाते हैं। जंक फूड का सेवन करते हैं। जिसकी वजह से डायबिटिज की ओर अग्रसर हो रहे हैं।

दीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारंभ कराते मुख्य अतिथि ड विनय ढांढनिया

उन्होंने कहा की यदि हमलोग पूरी नींद लेने के साथ-साथ समय पर भोजन और नियमित व्यायाम करें, तो अपने शरीर में मेटाबलिज्म को बढ़ाकर डायबिटिज से बच सकते हैं। ड ढांढनिया ने बच्चों से पढ़ाई को तनाव के रूप में नहीं लेने की भी बात कही।

कहा कि तनाव और शारीरिक मेहनत नहीं करने से भी डायबिटीज होता है। शिविर को सफल बनाने में स्कूल के शिक्षकों के अलावा मेडिकल टीम के दिलीप कुमार, सुधीर कुमार, महेंद्र कुमार आदि का योगदान रहा।

दिव्यांग बच्चे अपनी विकलांगता अभिशाप नहीं मानें, बल्कि उसे ताकत बनाएं: आसु देवी

खबर मन्त्र संवाददाता

रजरप्पा। आवासीय दिव्यांग विद्यालय सुकरीगढ़ा लारी में विश्व दिव्यांग दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया. कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में सुकरीगढ़ा पंसस आसु देवी ने झंडोत्तोलन कर कार्यक्रम का उदघाटन किया। मौके पर उन्होंने कहा कि किसी तरह की विकलांगता अभिशाप नहीं होती। दिव्यांग व्यक्ति भी अपने मजबूत हौसलों के बूते सफलता के शीर्ष पर पहुंच सकता है। दिव्यांग बच्चे अपनी विकलांगता अभिशाप नहीं मानें, बल्कि उसे ताकत बनाएं। वे अपनी दृढ़ इच्छा शक्ति से अपने लक्ष्य को प्राप्त करें. वही विशिष्ट अथिति विद्यालय के संस्थापक देवधारी करमाली ने कहा कि समाज में दिव्यांग व्यक्तियों को बराबरी का दर्जा मिलना चाहिए। दिव्यांग भी समाज के प्रत्येक व्यक्ति की तरह आम नागरिक होते हैं। आज दिव्यांग अभिषाप नहीं बल्कि एक चुनौति है, समाज के सभी लोगों को साथ मिलकर इसका सामना करना है। मौके पर प्राचार्य लील मोहन पटेल, रजरप्पा दिव्यांग सेवा समिति के सचिव शंकरलाल महथा सहित भुवनेश्वर चौधरी, योसोदा देवी आदि लोग मौजूद थे।

झंडोतोलन के पश्चात मुख्य अथिति व अन्य

वैशाखी, कंबल व गर्म वस्त्र व भोजन का वितरण

राष्ट्रीय सेवा मंच भुरकुंडा ने मनाया विश्व दिव्यांग दिवस

वैशाखी व कंबल का वितरण करते मंच के लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

भुरकुंडा (रामगढ़)। विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर शनिवार को समाजसेवी संस्था राष्ट्रीय सेवा मंच के तत्वावधान में भुरकुंडा बाजार में कई कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत के प्रथम राष्ट्रपति ड. राजेन्द्र प्रसाद के जन्म दिवस पर उनके तस्वीर पर मंच के लोगों द्वारा पुष्प अर्पित कर की गई। इस अवसर पर मंच द्वारा 100 दिव्यांग, गरीब-असहाय, महिला-पुरुष एवं बुजुर्गों के बीच कंबल व गर्म वस्त्र का वितरण किया गया।

साथ ही दिव्यांगों को बैशाखी दिया गया। इस दौरान उपस्थित तमाम गरीबों को भोजन भी कराया गया। मौके पर मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह ने कहा कि ठंड को देखते हुए आने वाले समय में गरीबों के बीच और भी कंबल का वितरण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पिछले सात वर्षों से सबों के सहयोग से मंच द्वारा प्रत्येक रविवार को दातुन-पतल बेचने आये गरीबों को भोजन कराया जाता रहा है। जो आगे भी जारी रहेगा। मौके पर देश के प्रथम राष्ट्रपति ड. राजेन्द्र प्रसाद के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प भी लिया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने मंच के संस्थापक जगतार सिंह, अध्यक्ष डब्लू सिंह, उमाशंकर जायसवाल, लखन राम, ड जयश्री मेहता, प्रो.रामानुज सिंह, लालू उरावं, दिलीप गंझू, अशोक झा, शुकरा उरावं, श्रीनिवास अग्रवाल, संजय अग्रवाल, राम गोपाल अग्रवाल, ड.आरएन प्रसाद, कमलेश कुमार आदि का योगदान रहा। राष्ट्रीय सेवा मंच के संस्थापक जगतार सिंह ने कहा कि सेवा ही कर्म व सबसे बड़ा धर्म है। उन्होंने नर सेवा नारायण सेवा का नारा बुलंद करते हुए कहा कि मंच के लोग केंद्र सरकार, राज्य सरकार वं संबंधित पदाधिकारियों से हमेशा गरीब कल्याणकारी व सरकारी योजनाओं का लाभ धरातल पर उतारकर समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य करती आई है। श्री सिंह ने गरीबों की सेवा के लिए क्षेत्र के समाजसेवी, बुद्धिजीवी, जनप्रतिनिधि व आमजनों से भी हर संभव सहयोग करने की अपील की।

अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस को दिव्यांगों ने काला दिवस के रूप में मनाया

खबर मन्त्र संवाददाता

दुमका। जिले के दिव्यांगों ने अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस को काला दिवस के रूप में मनाया। इंडोर स्टेडियम में एकत्रित दिव्यांगों ने एक स्वर से कहा कि विगत 8 दिनों से रांची में राजभवन के समक्ष झारखंड दिव्यांग संघ 21 सूत्री मांगों को लेकर आंदोलनरत हैं। सरकार मांगों को नहीं मान रही है। इस वजह से दिव्यांगों में नाराजगी है। हमलोग काला दिवस मनाकर संघ का समर्थन कर रहे हैं। संघ की ये मांगें हैं। दिव्यांग जनों को हर माह मिलने वाली पेंशन की राशि बढ़ाकर 25 सौ रुपए किया जाए। दो वर्षों से खाली पड़े राज्य निःशक्तता आयुक्त के पद पर नियुक्ति शीघ्र हो।

राज्य सरकार के सभी विभागों में दिव्यांगों के लिए आरक्षित खाली पड़े पदों पर विशेष अभियान चलाकर नियुक्ति की जाए। केंद्र एवं राज्य सरकार के गरीबी उन्मूलन व सामाजिक सुरक्षा योजनाओं में दिव्यांगों को 5% आरक्षण सुनिश्चित कर आदेश पत्र जारी किया जाए। दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 के तहत सलाहकार समिति, रिसर्च व बोर्ड का गठन अविलंब हो।

अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर 26 सौ दिव्यांगों को मिला प्रमाण पत्र

खबर मन्त्र संवाददाता

देवघर। अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर 3 दिसंबर को इंडोर स्टेडियम में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में करीब 26 सौ दिव्यांगों के बीच प्रमाण पत्र निर्गत किया गया। दिव्यांगों को सामाजिक, आर्थिक व सांस्कृतिक रूप से जागरूक करने के उद्देश्य से संयुक्त राष्ट्र ने वर्ष 1993 में हर वर्ष 3 दिसंबर को अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस मनाने की की घोषणा की थी। कार्यक्रम में उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री और सदर अस्पताल देवघर के सिविल सर्जन डॉ. जेके चौधरी समेत जिला प्रशासन के वरीय अधिकारी शरीक हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि इसी वर्ष 10 से 15 अक्टूबर तक सदर अस्पताल में विशेष दिव्यांगता कैंप का आयोजन किया गया था. कैंप में दिव्यांगों ने प्रमाण पत्र निर्गत करने का आवेदन दिया था। जिला प्रशासन ने इसे गंभीरता से लिया। आवेदनों की बारीकी से जांच की गई। अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर 26 सौ दिव्यांगों को प्रमाण पत्र निर्गत किया गया। उपायुक्त ने जिन दिव्यांगों ने आवेदन नहीं दिए उन्हें सदर अस्पताल में हर माह 21 तारीख को लगने वाले दिव्यांग कैंप में कागजात जमा देने की अपील की। उपायुक्त के अलावा सिविल सर्जन ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर देवघर एम्स में भी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एम्स निदेशक डॉ. सौरभ वार्ष्णेय की मौजूदगी में स्कूली बच्चों के लिए पेंटिंग और क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विजेता प्रतिभागी बच्चों को पुरस्कार स्वरुप प्रमाण पत्र दिया गया।

दिव्यांगजनों को स्थायी व बेहतर भविष्य देने के प्रति प्रतिबद्ध है आशा-दी हप सेंटर : सुभाष चंद्र

जेएसपीएल फाउंडेशन ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस, कटी केक, बंटी मिठाई व गिफ्ट

खबर मन्त्र संवाददाता

बासल (रामगढ़)। आशा-दी हप, पतरातू में जेएसपी फाउंडेशन ने दिव्यांगजनों के सामान के लिए शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस मनाया। इस अवसर पर केंद्र में नामांकित अपने कार्य क्षेत्र के सभी दिव्यांग बच्चों और उनके अभिभावकों को आमंत्रित कर केक काटा गया। साथ ही बच्चों के बीच मिठाई व गिफ्ट का वितरण किया गया। इस दौरान अभिभावकों और बच्चों द्वारा सांस्तिक और खेल कूद जैसे कार्यक्रमों को प्रस्तुत किया गया एवं उनमें भागीदारी ली गयी। मालूम हो कि 3 दिसंबर को प्रतिवर्ष विश्व भर में अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस मनाया जाता है। दिव्यांगजनों को आज भी समाज में कमजोर कड़ी माना जाता है और बराबर का हक नहीं दिया जाता है। यह दिवस ऐसे में लोगों में दिव्यांगता मामले की समझ बढ़ाने, दिव्यांगजनों के सामाजिक सम्मान दिलाने उनके अधिकारों एवं कल्याण पर ध्यान केंद्रित कराने के उद्देश्यों हेतु काफी ही अहम है। जेएसपी फाउंडेशन के द्वारा चलाये जा रहे आशा-दी हप केंद्रों जो की पतरातू, रायगढ़ और अंगुल में स्थापित है उसके माध्यम से कई हजार दिव्यांग बच्चों को पुर्नवास सेवा प्रदान की जा चुकी है। इन केंद्रों के माध्यम से दिव्यांग बच्चों के लिए निःशुल्क थेरेपी, इलाज, शिक्षा, कौशल प्रशिक्षण और पोषण आहार की वयवस्था की जाती है। जिससे ये समाज में बराबरी का सम्मान और अपना जीविकोपार्जन करने के काबिल बन सकें। मौके पर विशिष्ट रूप से जेएसपी पतरातू के सुभाष चंद्र ने कहा कि इन दिव्यांग बच्चों के पुनर्वास के लिए आशा-दी हप के माध्यम से हर संभव मदद और सुविधा दी जायेगी। ताकि यह बच्चे सम्मान के साथ अपनी जिंद्गी जी सकें। मौके पर सुभाष सरन, अनुपम अनंत, संतोष कुमार, ड. दिलीप कुमार, हर्ष प्रियदर्शी और राम कुमार गंझू, रवि निवास, अनुराग सिंह, सनिधिया पहवाह, रश्मिता दस, सुरेंद्र कुमार, दिलीप कुमार, रूबी कुमारी, गीता कुमारी, शिवानी देवी, सबिता देवी, सुनीता देवी, सूरज कुमार एवं केंद्र के कई कर्मचारी सहित दर्जनो बच्चे और अभिभावक मौजूद थें।

केक काटते बच्चे

आलोचना के स्तंभ डॉ मैनेजर पाण्डेय

डॉ मैनेजर पाण्डेय के आवास पर पुस्तकों और टेबुल पर पड़ें दुनिया भर के साहित्यक आलोचना की पत्रिकाओं की उपस्थिति ने बिना कहे ही बहुत कुछ समझाने की कोशिस की। यह अनुभव हुआ कि साहित्यक समाचार जैसी अखबारी आलोचना या छात्र छात्राओं को ध्यान में रखकर लिखी अकादमिक आलोचनाओं से भिन्न मार्क्सवादी दृष्टि से समाजशास्त्रिय भूमिका निभाने वाली एक नवीन आलोचना पद्धति को अंकुरित-प्रस्फुटित एवं विकसित करने में आजीवन जितना परिश्रम करना होता है। एक ऐसी आलाचना पद्धति डॉ पांडेय ने हिंदी जगत को दी जिसने न केवल हमारी दृष्टि साफ किया बल्कि रचना-रचनाकार औरपाठक के अंतर संबंधों को व्याखायित करती व्यापक ब्रगंमय विमर्श का हिस्सा भी बनने में सफल हुई।

रणेन्द्र कुमार

जवाहरलाल नेहरू विवि के भारतीय भाषा केन्द्र के तत्कालीविभागाध्यक्ष और हिंदी के आलोचना के दैदीप्यमान प्रकाश स्तंभ डॉ मैनेजर पाण्डेय से पहली भेंट तो उनकी रचनाओं के माध्यम से हुई थी। साहित्य में समाज शास्त्र की भूमिका, साहित्य और इतिहास दृष्टि,अलोचना की सामाजिकता, अनभै सांचा आदि ने हिन्दी साहित्य की मेरी समझ को तराशने में भूमिका निभाई उसकी व्याख्या नहीं की जा सकती है, बस उसे महसूस किया जा सकता है। वैसे हिंदी साहित्य विद्यार्थी न होने की एक तरह की दीनता बोध से उबरने के लिये मैंने ऐसी दो चार पुस्तको से दो-चार होते रहने की कोशिशें की है। पढ़ने समझने के क्रम में डॉ मैनेजर पाण्डेय के शब्द और कर्म के साथ मेरे मानसिक जुड़ाव गहराते गये। इसमें मेरे नगर रांची ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यहां के जन संस्कृति मंच के कार्यक्रमों में , राष्ट्रीय अधिवेशनों में डॉ पाडेय की उपस्थिति रहती थी। प्रतिबद्ध मार्क्सवादी आलोचक डॉ रविभूषण और जेएनयू के डॉ पाण्डेय के प्रिय शिष्य डॉ राहुल सिंह के माध्यम से मेरा डॉ पाण्डेय से को जानने का बड़ा अवसर मिला।

डॉ मैनेजर पाण्डेय के आवास पर पुस्तकों और टेबुल पर पड़ें दुनिया भर के साहित्यक आलोचना की पत्रिकाओं की उपस्थिति ने बिना कहे ही बहुत कुछ समझाने की कोशिस की। यह अनुभव हुआ कि साहित्यक समाचार जैसी अखबारी आलोचना या छात्र छात्राओं को ध्यान में रखकर लिखी अकादमिक आलोचनाओं से भिन्न मार्क्सवादी दृष्टि से समाजशास्त्रिय भूमिका निभाने वाली एक नवीन आलोचना पद्धति को अंकुरित-प्रस्फुटित एवं विकसित करने में आजीवन जितना परिश्रम करना होता है। एक ऐसी आलाचना पद्धति डॉ पांडेय ने हिंदी जगत को दी जिसने न केवल हमारी दृष्टि साफ किया बल्कि रचना-रचनाकार औरपाठक के अंतर संबंधों को व्याखायित करती व्यापक ब्रगंमय विमर्श का हिस्सा भी बनने में सफल हुई। डॉ पांडेय की यह अवधारणा धीरे-धीरे स्पष्ट हुई कि साहित्यक रचनाएं इतिहास से निर्मित होती है और इतिहास का निर्माण भी करती है। रचना का अस्तित्व इतिहास के भीतर होता है इतिहास के बाहर नहीं।

कृतियों की उत्पति में इतिहास की सक्रिय भूमिका होती है ओर पाठको द्धारा उनके अनुभव और मूल्यांकन का इतिहास उनके जीवन का इतिहास होता है। कलाकृतियां अपने सामाजिक एतिहासिक संदर्भ की उपज होती है, लेकिन महत्वपूर्ण कलाकृतियां अपने संदर्भ के परे भी सार्थक सिद्ध होती है। जब हम डॉ मैनेजर पाण्डेय के आलोचना संसार से रूबरू होते हैं तो हमें यह भीगहराई से अनुभव होता है कि अतः करण से समाज के वर्चस्ववादी विमर्श से आत्मिक जुड़ाव और उपर से जन पक्षधरताके छदम रचने वाली रचनाओं की निर्मम आलोचना करनेवाली बौद्धिकता तेजस्विता केसी होती है। वह तेजस्विता किस प्रकार अथक परिश्रम से अर्जित अपनी इस बौद्धिकता से अपने समय समाज और संस्कृति के आलोचनात्मक विवेक के निरंतर सक्रिय संवेदी तन्तु केवल साहित्य के इतिहास से ही नहीं बल्कि समय के हर हलचलों और धड़कनों सेभी ऊर्जा ग्रहण करते रहती है। इसलिए उनकी लेखनी की परम्परा की स्मृति , वर्तमान के बोध और भविष्य की चिन्ता काअसानी से रखांकित किया जा सकता है। उनके निधन से जो शून्य पैदा हुआ है उसे आलोचना की दुनिया में भर पाना कठिन है।

(लेखक प्रख्यात साहित्यकार और पूर्व आइएएस अधिकारी हैं वर्तमान में जनजातीय शोध संस्थान के निदेशक हैं।)

गंगा-जमुनी संस्कृति

स्वामी सत्यानंदजी परमहंस

त्याग और समर्पण का सर्वोत्तम उदाहरण यमुना है। मथुरा के विश्राम घाट पर भाई बहन के स्नान करने की परम्परा है। मान्यता है कि विश्राम घाट पर भाई बहन के स्नान करने से यम यानि यमदूत मृत्यु को टालेगा। यमुना को यम का बहन माना गया है इसलिये ऐसी मान्यता है। यमुना का अर्थ है जो मृत्यु से निकाल दे वह यमुना। यमुना प्रयाग में अपना सर्वस्व गंगा में मिला देती है। इसलिये देश की संस्कृति को गंगा जमुनी संस्कृति कहा गया है। भारत के घर-घर में प्रयाग और संगम का रुप देखने के लिये मिलता है। हमारी संस्कृति में हमारी मातायें, बहने,बेटियां विवाह के बाद जहां जाती है सब कुछ वहां के लिये समर्पित कर देती है। पूराजीवन वहां बीताती है लेकिन कुछ भी उनके नाम पर नहीं होता है। पुत्र को भी लोग पिता के नाम से जानते हैं और उस स्त्री को भी उस पति के नाम से ही जाना जाता है। ऐसा समर्पण जो देश के सुख, समृद्धि और संस्कृति का आधार है। भारतीय स्त्रियां नाम के लिये नहीं मरती है। उनका त्याग बहुत बड़ा है। यही कारण है कि हमारी संस्कृति में सीता-राम, राधे-कृष्ण का नाम ही महामंत्र के रुप में स्वीकार किया गया है। इसी क्षमता के कारण स्त्री पूज्यनीय होती है।

एक व्यक्ति ने मुझसे सवाल किया कि मंदिर में भगवान हैं? मूर्तिवाले भगवान। उस व्यक्ति का रामेश्वर धाम में 35 साल से एक दुकान था और निश्चित ही वह प्रतिदिन पूजा पाठ भी किया करता है। घटना 2009 की है। उसने हमसे पूछा कि हमें शंकर जी का दर्शन होगा कि नहीं। हमारे नियम लौकिक और वैदिक बनाये गये हैं। लोग काशी, विन्ध्याचल सहित तीर्थों में जाते हैं। काशी के पूड़ी और जिलेबी की चर्चा अधिक होती है। विन्ध्याचल भवानी कोलेकर भी सवाल उठते रहता था। आखिर जिज्ञासा होगा तब ही जिज्ञासा का शमन होगा। इन तीर्थों का भी अर्थ है ये लौकिक हैं वैदिक है इनसे हमारे मन में जिज्ञासा और सवाल पैदा होते हैं तब हम गुरु की खोज करते हैं। ईसाई और इस्लाम धर्म में इसकी संभावना कम है। इस्लाम में नमाज और रोजा की प्रधानता हो गयी है। हिंदूज्म में कर्मकांड में भी मजबूती है यह प्ररित करता है प्रेरणा का काम करता है। हिंदूज्म में तर्क की गुंजाइश है यह धर्म ओपेन है खुला हुआ है।

1887 में जब विवेकानंद अमेरिका के शिकागो गये तब उन्होंने कहा मैं जिस देश से आया हूं और जिस धर्म का प्रतिनिधि हूं वहां भगवान की पूजा मात्र ही लक्ष्य नहीं है। हिंदू इतने में संतुष्ट नहीं होता है। हिदू ईश्वर से साक्षात्कार और भगवत प्राप्ति की बात करते हैं। ईश्वर प्राप्ति की बात ने दुनिया को अमेरिका को सोचने के लिये विवश कर दिया। स्वामी विवेकानंद जी का सात-आठ लेक्चर हुआ। धर्म का अर्थ है ईश्वरसे साक्षत्कार। राजपुर गांव के गोविंद सिंह काशी से चेला बनकर आये थे और वे कहते थे कि काशी में भगवान देखा है काशी चलो।

आप पतल पर भात चाहते हैं और दूध चलाया जा रहा है तब आपको भात मिलेगा कैसे?तब क्या होगा। पात्र के अनुसार ही सामान आयेगा। आपको जिज्ञासा ही नहीं है तो आपको मिलेगा कैसे?

आप प्रेम चाहते हैं तो आपको प्रेम मिलेगा कैसे? बिना किये प्रेम चाहते है। आखिर गाय बछिया को हटाकर उसका चारा भी खा लेती है क्योंकि पशु पक्षी षडचक्र के भीतर है। राधा और मीरा ने प्रेम के माध्यम से पा लिया। आप भी पा सकते हैं।

(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम छोटका राजपुर, बक्सर, बिहार)

हमारा मेटॉबॉलिज्म ही हमारी जान

हम जब सोते हैं तब हमारे शरीर के भीतर कई सारी रसायनिक गतिविधियां होती हैं। हम जो भोजन खाते हैं , वो पचने के बाद ऊर्जा में परिवर्तित होता है। जिस माध्यम से यह प्रक्रिया होती है, वह मेटाबॉलिज्म है। मेटाबॉलिज्म के सुस्त पड़ने से शरीर में थकावट महसूस होने लगती है, डायबिटीज होने की संभावनाएं भी बढ़ जाती है। कई बार अचानक वजन बढ़ने या घटने लगता है। शरीर में चुस्ती-फुर्ती नहीं रहती है, समय-बेसमय शरीर में दर्द होने लगता है, मांसपेशियों में कमजोरी, ह्रदय गति का कम होना, अवसाद आदि समस्याएं इसी कारण से होने लगती है। इसलिए बहुत जरूरी है कि हमारा मेटाबॉलिज्म कम न रहे। यदि आपका भी मेटाबॉलिज्म कम है तो अगली स्लाइड्स से जानिए मेटाबॉलिज्म बढ़ाने के उपाय।

नाश्ते को न करें नजरअंदाज

पूरे दिन शरीर में ऊर्जा नियंत्रित रहे इसके लिए बहुत जरूरी है कि आप सुबह उठकर व्यवस्थित नाश्ता करें। जो लोग सुबह नाश्ता नहीं लेते और लंबे समय तक भूखे रहते हैं, उनका मेटाबॉलिज्म सुस्त रहता है। वे दिनभर आलस्य का शिकार रहते हैं।

दही

मेटाबॉलिज्म बढ़ाने के लिए दही का सेवन बहुत लाभकारी है। दही मतलब दही, ऐसा नहीं कि दही के साथ आप कोई तली-गली चीज का सेवन करें। कोशिश करें कि कम फैट वाला दही खाएं। दही में ऐसे पोषक तत्व होते हैं, जो कि शरीर का मेटाबॉलिज्म बढ़ाते हैं इसलिए दिन के भोजन के साथ एक कटोरी दही जरूर खाएं।

डार्क चॉकलेट

यदि आपको डार्क चॉकलेट पसंद है तब तो आपका मेटाबॉलिज्म कभी कमजोर नहीं हो सकता है। डार्क चॉकलेट में मौजूद कैफिन और एंटीऑक्सीडेंट मेटाबॉलिज्म बढ़ाते हैं। यदि मेटाबॉलिज्म के नाम पर आप सामान्य चॉकलेट खाएंगे तो नुकसान पहुंचाएगी क्योंकि उसमें शुगर बहुत अधिक होती है।

गहरी सांस

मेटाबॉलिज्म बढ़ाने के लिए बहुत जरूरी है कि दिनभर में आप थोड़ी देर के लिए खुली हवा में बैठकर लंबी गहरी सांसें लें। ऐसा करने से शरीर में प्राणवायु अच्छे से जाएगी जो कि अधिक से अधिक ऊर्जा खर्च करने में आपकी सहायता करेगी। जब शरीर की ऊर्जा अधिक से अधिक खर्च होगी तो शरीर में सुस्ती महसूस नहीं होगी।

सोयाबीन का तेल

सोयाबीन का तेल खाना भी बहुत जरूरी है। यह मेटाबॉलिज्म का विकास करता हैअधिक सेवन से बचें। सोयाबीन के तेल में ओमेगा-3 फैटी एसिड्स होते हैं जो कि मेटाबॉलिज्म को बढ़ाने के लिए बहुत लाभदायक है।

पर्यावरण के हित में

सत्यवीर नाहड़िया

नई पीढ़ी को पर्यावरण के प्रति संस्कारित करने के लिए बाल-साहित्य की विभिन्न विधाओं में पर्यावरण प्रमुख विषय रहा है। आलोच्य कृति गर्म पहाड़ और अन्य कहानियां भी ऐसा ही रचनात्मक प्रयास है। शहरीकरण तथा पर्यावरण पर शोध कर चूंकि लेखिका अनीता भटनागर जैन ने तीन रोचक बाल कहानियों के माध्यम से अनूठा संदेश दिया है।

शीर्षक कहानी गर्म पहाड़ में जहां पर्यावरण असंतुलन के चलते पहाड़ों की बदलती आबोहवा का मार्मिक चित्रण है, वहीं इसकी आदर्श पहाड़ी-यात्रा प्रेरक बन पड़ी है। दूसरी कहानी पॉलिथीन का प्रलय में बच्चा पार्टी द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक तथा पॉलिथीन के प्रति व्यावहारिक जागरूकता के टीम-वर्क को रेखांकित किया गया। संग्रह की तीसरी कहानी सोन चिरैया जल संरक्षण हेतु जंगल के जानवरों द्वारा तालाब की खुदाई व जीर्णोद्धार का अनूठा कथानक प्रभाव छोड़ता है, जिसमें कजरी हथिनी, श्वेता सारस, लंबू जिराफ, मिट्ठू तोता, चुन्नू बंदर, कल्लू भालू, यामा कोयल व सुनहरी हिरण के सामूहिक कार्य के सुखद परिणाम से एकता में बल है। के मूल मंत्र को सिखाया गया है।

संग्रह की भाषा बेहद सरल व सहज है। चित्रकार धीरज सामबोसी के रंगीन मनोहरी चित्र, सुंदर छपाई तथा प्रासंगिक कलात्मक आवरण इस बालकृति की अन्य खूबियां हैं। यह संग्रह पर्यावरण चेतना के साथ बाल-साहित्य को समृद्ध करेगा, ऐसा विश्वास है।

उड़ आयी चिड़िया



राजा-रानी बन जाने को
महानगर उड़ आई चिड़िया
कहां पड़ी थी इतने दिन तक
पहले क्यों न आई चिड़िया!
चक-चक सड़कें,भक-भुक चौक
धुक-धुक मन घबराई चिड़िया!
रातें जगमग दिन से उजली
कितनी मन को भाई चिड़िया!

फुदुक-फुदुक खोजे पीपल-बट
इधर-उधर बौराई चिड़िया
पके लाल फल मारी चोंच
अपने होंठ जलाई चिड़िया!

फल फूलों को ही खाती थी
जूठन चोंच लगाई चिड़िया
तेल धुएं पर छटपट उड़ती
सांस सांस तरसाई चिड़िया!

वो झूले वो पवन-झकोरे
कहां छोड़ कर आई चिड़िया
नील गगन में मगन पंख थे
दैत्य महल अझुराई चिड़िया!

टोला भूला बस्ती भूली
संगी-गंध गंवाई चिड़िया!

तन-मन-गगन सभी अब बदले
कितने लेप चढ़ाई चिड़िया
भोजन बदला बोली बदली
अब कैसे घर जाई चिड़िया!

इस जहाज में बंधी मुसाफिर
इसे छोड़ न पाई चिड़िया
कई बार उड़ जाना चाही
पुनि पुनि लौट के आई चिड़िया!

जहां से आई वो भी बदला
कटे बगीचे सबकुछ गंदला
सूखे ताल तलैया तरुवर
कैसे प्राण बचाए चिड़िया!
आई यहां तो चहकन भूली
उपवन-लाड़ भुलाई चिड़िया

एक दिन देखा अपना चेहरा
खुद ही ना पतियाइ चिड़िया
आई थी तो सुआ पंख थी
धूसर धूरि रंगाई चिड़िया!

--डॉ. श्रीनिवास चंद्र ठाकुर

पहली महिला वकील

भारत की पहली महिला वकील बनने का गौरव कॉर्नेलिया सोराबजी के पास है। जिन्होंने बॉम्बे यूनिवर्सिटी से ग्रेजुएशन करने के बाद ऑक्सपोर्ड से वकालत की पढ़ाई की।

आजादी के पहले भारत में किसी भी महिला का उच्च शिक्षा में पढ़ना इतना आसान नहीं था। लेकिन कॉर्लेनिया ने वकालत की पढ़ाई कर सारे बंधनों को तोड़ा। परीक्षा में सबसे ज्यादा अंक पाने के बावजूद उन्हें महिला होने के नाते स्कॉलरशिप से दूर रखा गया। ग्रेजुएशन की पढ़ाई पूरी करने के बाद उनके लिए ऑक्सफोर्ड जाकर पढ़ना मुश्किलों भरा था। तब कुछ अंग्रेज महिलाओं की मदद से उनके लिए फंड का इंतजाम किया गया और कॉर्नेलिया वकालत की पढाई के ऑक्सफोर्ड पहुंची। 1892 में कॉर्नेलिया ने बैचलर ऑफ सिविल लॉ की परीक्षा पास करने वाली पहली महिला बनीं। लेकिन कॉलेज ने उन्हें डिग्री देने से मना कर दिया। क्योंकि उस काल में महिलाओं को वकालत के लिए रजिस्टर करने और प्रेक्टिस की इजाजत नहीं थी।

लेकिन कॉर्नेलिया ने हार नही मानी।

भारत लौटकर वापस आने के बाद वो महिलाओं को न्याय दिलाने के लिए मदद करने लगीं। काफी अथक परिश्रम के बाद कार्नेलिया को सफलता हाथ लगीं। वकालत के दौरान कार्नेलिया ने 600 से ज्यादा महिलाओं को कानूनी सलाह दी।

1922 में लंदन बार ने महिलाओं को कानून की प्रैक्टिस करने की आज्ञा दी। तब कार्नेलिया को कानून की डिग्री हासिल हुई। कार्नेलिया कलकत्ता हाईकोर्ट में बैरिस्टर बन कानून की प्रैक्टिस करने वाली पहली महिला बनीं।

सर्दियों की तैयारी करें सोच समझकर

साल 2023 अब दस्तक देने वाला है और सर्दियों का आगाज हो चुका है। सर्दियों के मौसम में वैसे हो हर साल कुछ खास तैयारियां की जाती हैं लेकिन चूंकि यह साल कोरोना महामारी की दहशत में बीता है। और इसकी वजह से हमारे जीवन पर जो प्रभाव पड़ा, उनको देखते हुए यह साल अन्य से अलग रहा। पिछले कुछ समय में कोरोनावायरस ने हमारे जीवन को पूरी तरह से बदल दिया। ऐसे में सर्दियों के मौसम में सेहत और स्किन का ख्याल रखना ज्यादा जरूरी हो जाता है। तो इन सर्दियों साल 2022 के बाय-बाय बोलने से पहले लाइफस्टाइल से जुड़ी ये तब्दीलियां आप अपने जीवन में कर सकते हैं। इससे न केवल आपका जीवन सुखी रहेगा बल्कि आपकी सेहत भी बेहतर रहेगी...

धूप सेंकने के लिए वक्त निकालें

सर्दियों के मौसम में खुद के लिए वक्त निकालें। घर में पास बने पार्क या सखी-सहेलियों के साथ छत पर धूप का आनंद लें। सूर्य की किरणें विटामिन डी का स्रोत हैं, इसके साथ ही धूप सेंकने से जोड़ों का दर्द और सर्दी से होने वाले बदन दर्द से भी राहत मिलती हैं। जब आप पर्याप्त समय के लिए धूप में बैठते हैं तब शरीर के विटामिन डी की जरूरत पूरी होती है।

स्किन को रखें हाइड्रेट और मॉइश्चराइज करें

सर्दियों के समय त्वचा रुखी और बेजान हो जाती है, ऐसे में अपनी स्किन को मॉइश्चराइज करें ऐसा करने से आपकी स्किन हेल्दी रहेगी। आप चाहें तो स्किन को मुलायम बनाये रखने के लिए चेहरे पर शहद और मलाई लगा सकती हैं। इसके अलावा नारियल तेल से भी फेस मसाज कर सकती हैं।

वॉक या वर्कआउट

सर्दियों का मौसम काफी आलस भरा होता है। हर समय बस रजाई तान कर सोने और खाने का मन करता है लेकिन रोजाना वॉक और वर्कआउट दोनों ही करें। वर्कआउट करने से स्किन हेल्दी बनी रहती हैं। अगर आप एक हेल्दी लाइफ जीना चाहते हैं तो रोज वॉक और वर्कआउट को अपने रूटीन में उतार लें।

हेल्दी डाइट

सर्दियों के मौसम में खान-पान पर विशेष रूप से ध्यान देना चाहिए। खाने में मौसमी फल और सब्जियां जैसे आंवला और कई तरह के साग शामिल करने चाहिए। इसके अलावा आप सर्दियों में सोंठ और मेथी के लड्डू, बादाम, हल्दी वाले दूध, काढ़े, विटामिन उ से युक्त खाद्य-पदार्थ का भी सेवन कर सकते हैं। ये चीजें आपको अन्दुरूनी रूप से फिट रखेंगे।

सर्दियों में करें बालों की देखभाल

सर्दियों के मौसम में बाल बेजान हो जाते और कई बार इनमें रूसी की समस्या भी होने लगती है। इससे बचने के लिए सर्दियों में बालों को हफ्ते में दो बार धोएं। बालों को साधारण फ्रेश पानी से और माइल्ड शैम्पू से वाश करें। गर्म पानी से बालों को वाश करने पर उनकी प्राकृतिक शाइन चली जाती है। इसके साथ ही बालों में तेल की मालिश जरूर करें। बालों को धोने से एक दिन पहले बालों में गर्म तेल की मालिश करें।

मातृभाषा में उच्च शिक्षा से ही विकास संभव

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

यदि सरकार अंग्रेजी की बपौती को खत्म करके अंग्रेजी समेत 5-7 विदेशी भाषाओं को देश में प्रचलित करें तो हमारा विदेश-व्यापार और राजनय कुलांचे भरने लगेगा और भारत दुनिया की एक सबल और संपन्न महाशक्ति हमारे देखते-देखते बन जायेगा।

शिक्षा मंत्री डॉ रमेश पोखरियाल निशंक ने घोषणा की है कि उनका मंत्रालय उच्च शिक्षा में भारतीय भाषा के माध्यम को लाने की कोशिश करेगा। बच्चों की शिक्षा भारतीय भाषाओं या मातृभाषाओं के माध्यम से हो, यह तो नई शिक्षा नीति में कहा गया है और कोठारी आयोग की रपट में भी इस नीति पर जोर दिया गया था। 1967 में इंदिरा सरकार के शिक्षा मंत्रियों डॉ त्रिगुण सेन, श्री भागवत झा आजाद और प्रो शेरसिंह तथा बाद में डॉ मुरली मनोहर जोशी ने भी शिक्षा में भारतीय भाषाओं को बढ़ाने की भरपूर कोशिश की थी लेकिन हमारी सरकारें, चाहे वे भाजपा या कांग्रेस या जनता दल की हों, शिक्षा का भारतीय भाषाकरण करने में विफल क्यों रही हैं? इसलिए विफल रही हैं कि उन्हें बाल तो सिर पर उगाने थे लेकिन वे मालिश पांव पर करती रहीं। पांव पर मालिश याने बच्चों को मातृभाषा के माध्यम से पढ़ाना तो अच्छा है लेकिन वे ज्यों-ज्यों आगे बढ़ते हैं, अंग्रेजी की गुलामी करने लगते हैं। उन्हें देखकर समझदार और समर्थ लोग पांव की मालिश भी बंद कर देते हैं। वे अपने बच्चों को भी अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों में पढ़ाते हैं। यदि हम देश में शिक्षा और ज्ञान-विज्ञान का माध्यम स्वदेशी भाषाओं को बनाना चाहते हैं तो सबसे पहले उच्च-शिक्षा और पीएच.डी. के शोध-कार्यों को अपनी भाषाओं में करने को प्राथमिकता देनी चाहिए। यदि हमारी सरकारें ऐसी हिम्मत करें तो करोड़ों लोग अपने बच्चों को जानलेवा और जेबकाटू अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों में क्यों पढ़ायेंगे? तब सरकारी नौकरियों से भी अंग्रेजी की अनिवार्यता हटानी पड़ेगी।

यह बात मैं पिछले साठ साल से कहता आ रहा हूं लेकिन निशंक-जैसे शिक्षा मंत्री के मुंह से यह बात पहली बार सुनी है। 2011 में मेरे कहने पर भोपाल में अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी वि.वि. इसी उद्देश्य के लिए बनवाया गया था लेकिन अब भी वह घुटनों के बल रेंग रहा है। अब से 55 साल पहले मैंने इंडियन स्कूल ऑफ इंटरनेशनल स्टडीज में जब अपना अंतरराष्ट्रीय राजनीति का शोधग्रंथ हिंदी में लिखने की मांग की थी तो मुझे स्कूल से निकाल बाहर किया गया था। देश की सभी पार्टियों के नेताओं ने, द्रमुक के अलावा, मेरा समर्थन किया था। संसद का काम-काज कई बार ठप्प हुआ लेकिन अंततोगत्वा मेरी विजय हुई लेकिन असली मुद्दा आज भी जहां का तहां खड़ा है, क्योंकि हमारी सभी सरकारें और शिक्षाशास्त्री अंग्रेजी की गुलामी में जुटे हुए हैं। शायद डॉ. निशंक कुछ कर गुजरें। वे पढ़े-लिखे विद्वान व्यक्ति हैं। यदि वे अंग्रेजी की बपौती को खत्म करके अंग्रेजी समेत 5-7 विदेशी भाषाओं को देश में प्रचलित करें तो हमारा विदेश-व्यापार और राजनय कुलांचे भरने लगेगा और भारत दुनिया की एक सबल और संपन्न महाशक्ति हमारे देखते-देखते बन जायेगा।

ऋषि सुनक की जिम्मेदारी

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

वर्षो से खराब पड़ा चापानल और जलमीनार हुआ दुरुस्त

बरही। प्रखंड अंतर्गत कोल्हुआकला पंचायत के विभिन्न गाँवों में वर्षों से खराब पड़े कई चापानल एवं जलमीनार को मुखिया मंगलदेव यादव ने मरम्मत करवाया। उन्होंने बताया कि कुछ चापानल और जलमीनार लगभग 3-4 वर्षों से बंद पडा हुआ था, जिसके कारण ग्रामीणों को पानी की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। मुखिया मंगलदेव यादव के प्रयास से पंचायत के लोगों को पानी की असुविधा ना हो। इसके लिए उन्होंने खराब पड़े चापानल और जलमीनार का मरम्मत कराया। मुखिया मंगलदेव यादव ने कहा कि पेयजल जैसी जीवन की मूल जरुरत पूरी करने में कोई दिक्कत न हो। इसलिए सभी मिलकर सरकारी व्यवस्था जलमीनार और चापानल का उचित रख-रखाव पर भी ध्यान दें। किसी तरह की परेशानी हो तो उन्हें अवश्य सूचना दें।

बरही चौक में अतिक्रमण कारण युवक की हुई मौत, अतिक्रमणकारियों के खिलाफ बरही सीओ ने चलाया अभियान

बरही बाजार से अतिक्रमण हटायें नहीं तो होगी कार्रवाई : सीओ

खबर मन्त्र संवाददाता

बरही। जनप्रतिनिधिओं की राजीनीतिक लाभ के कारण आदिवासी युवक मौत के मुँह में चला गया। पुनः अंचलाधिकारी द्वारा रूटिनवर्क के अधीन बरही चौक में मौजूद अतिक्रमणकारियों के खिलाफ अतिक्रमण हटाने की मुहिम जारी किया है। बताते चलें कि विगत वर्ष तत्कालीन अंचलाधिकारी ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा चौक अतिक्रमणकारियों के खिलाफ मुहिम चलाई गई थी,परन्तु विधायक उमाशंकर अकेला के द्वारा अंचलाधिकारी के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया गया। परिणामस्वरुप मुहीम रोक दिया गया था। पुनः

अतिक्रमणकारियों को हटाते सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो

रूटिनवर्क के तहत सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो ने माइकिंग कर दुकानदारों को अंतिम चेतावनी देते हुए अतिक्रमण हटा लेने की चेतावनी दी हैं। अतिक्रमण स्वेच्छा से नहीं हटाने पर दोषी लोगों पर जुमार्ना करते हुए प्रशासन की ओर से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू की जाएगी। अतिक्रमण हटाने के लिए प्रशासन की ओर से नोटिस जारी की गयी है ।नोटिस जारी किए गए लोगों में बरही बाजार के सुनील कुमार, कुंदन निषाद, रवि साव, संतोष कुमार, बबलू केशरी, सुनील कुमार, उमेश प्रजापति, सतीश कुमार, मंटू निषाद सहित 10 लोगों का नाम शामिल हैं।

बरही चौक में अतिक्रमण के कारण युवक की हुई मौत : बताते चलें कि शुक्रवार की रात लगभग 8 बजे बरही चौक पर एक अज्ञात वाहन की चपेट में आने से रविंद्र गंजू पिता स्व शुकर गंजू उम्र लगभग 36 वर्ष साकीन अफिमकोठी हजारीबाग रोड निवासी बहुत ही गंभीर रूप से घायल हो गए थे। घायल अवस्था में उन्हें बरही अनुमंडलीय अस्पताल बरही में लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर किया गया। अंततः उनकी मृत्यु हो गई।

बाइक व टेम्पो लगने के कारण होती है सड़क जाम : शहर की ट्रैफिक व्यवस्था में ऑटो चालक व मोटरसाइकिल सबसे बड़ी बाधा बन रहे हैं। खास बात यह है कि बाजार के बरही हजारीबाग रोड, धनबाद रोड व गया रोड और चौराहों पर ट्रैफिक पुलिस तैनात नही होने के कारण मोटरसाइकिल व ऑटो ड्राइवर सवारी को देखते ही कही भी गाड़ी रोक देते हैं। यह नजारा पुलिस भी मूक दर्शक बनकर देखती रहती है। गौरतलब है कि एक लाख से अधिक की आबादी वाले शहर में इन दिनों सैकड़ो मोटरसाइकिल और ऑटो की संख्या एक सौ आंकड़ा पार कर रही हैं। ऐसे में वाहन चालक में सवारी को लेकर मारामारी की स्थिति बनी रहती है।

एक नजर में

मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल मैच का विजेता बना मेढकुरी खुर्द पंचायत

दारू। प्रखंड स्तरीय दो दिवसीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल मैच का आयोजन हरली मैदान में किया गया। जिसका फाइनल मुकाबला जिनगा बनाम मेड़कुरी के बीच खेल गया । फाइनल मुकाबले से पूर्व सेमीफाइनल का पहला मुकाबला दिगवार बनाम मेढकुरी के बीच खेला गया जिसमें निर्धारित समय के बाद पेनल्टी सूट 2-3 गोल के द्वारा मेढकुरी टीम विजय हुई तथा दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला जिनगा बनाम रामदेव खैरिका के बीच खेला गया इस मुकाबले में भी पेनल्टी सूट 2-1गोल के द्वारा जिनगा कि टीम विजय प्राप्त कर फाइनल में पहुँची । फाइनल मुकाबले ने मध्यांतर समय तक दोनों टीमो के तरफ से कोई गोल नही हुआ । मध्यांतर के बाद मेढकुरी कि टीम चढ़ाई करते हुए 1 गोल करने में सफल हुई तथा फाइनल मुकाबला अपने नाम किया । फाइनल मैच का उद्घाटन हरली पंचायत मुखिया फरजाना खातून , मेढकुरी मुखिया भोला तुरी, दिगवार मुखिया महेंद्र मुर्मू ने खिलाड़ियों से परिचय के बाद कीक मार कर किया। इस फुटबॉल लीग मैच में प्रखंड़ के नौ पंचायत से एक एक टीम को आमंत्रण किया गया था। इसमें पुनाई की टीम मैच में भाग नही लिया।जिन पंचायत के टीम ने मैच में भाग लिया इनमे दिगवार, जिनगा मेढकुरी खुर्द, कबिलासी, हरली, रामदेव खरिका, इरगा व दारू की टीम थी। दारू प्रखंड की विजेता टीम मेढकुरी टीम जिला स्तरीय पहुँच कर अन्य प्रखंडों के साथ खेलेगी। विजेता व उपविजेता टीम को हरली मुखिया फरजान खातून, दिगवार मुखिया महेंद्र मुर्मू, मेढकुरी खुर्द मुखिया भोली तुरी ने शील्ड देकर पुरस्कृत किया। इस मौके पर गंगा सागर, बीडब्लूओ रविन्द्र कुमार आशीष कुमार, प्रमोद कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

देशरत्न डॉ. राजेन्द्र प्रसाद प्रथम राष्ट्रपति बने रहने पर भी अहंकार से दूर रहे : अवधेश सिंह

हजारीबाग। जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में देशरत्न डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की 138 वीं जयंती उनके चित्र पर पुष्प तथा माल्यार्पण कर मनाई गई । कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष अवधेश कुमार सिंह ने उनके जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि देशरत्न डॉ. राजेन्द्र प्रसाद स्वाधीन भारतीय गणराज्य के प्रथम राष्ट्रपति थे । अत्यंत धार्मिक भाव से जहां उन्होंने धार्मिक श्रद्धा को जीवन में स्थान दिया था, उसी भांति भारतीय संस्कृति और इतिहास के प्रति भी उन्हें लगाव था । संस्कृत और फारसी के तो विद्वान थे ही बुद्धिमत्ता के बल पर, इस किसान पुत्र ने राष्ट्रपिता गांधीजी से प्रभावित होकर, स्वाधीनता संग्राम में पुरी निष्ठा और निडरता के साथ भाग लिया । अपनी सादी जीवनी से वे किसानों से घुलमिल गए । पटना में सदाकत आश्रम की स्थापना उन्होंने की । देश के प्रथम राष्ट्रपति बने रहने पर भी अहंकार से दूर रहे और कर्तव्यनिष्ठ बने रहे । निवृत होते ही उन्होंने पुनः सदाकत आश्रम के अपने कार्यक्षेत्र को बिन्दु बनाकर शेष समय वहीं व्यतीत किया । कार्यक्रम में अपने-आपने विचार व्यक्त करने वालों में पूर्व अध्यक्ष आबिद अंसारी उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान, सुनिल कुमार ओझा, मनोज नारायण भगत, जावेद इकबाल, डॉ. दीपक बंधू आदि शामिल थे।

मतदाता जागरूकता शिविर का आयोजन

टाटीझरिया। प्रखंड क्षेत्र के धर्मपुर पंचायत स्थित उत्क्रमित +2 उच्च विद्यालय धर्मपुर के द्वारा 3 दिसम्बर को क्षेत्र के 18 वर्ष आयु के युवकों को मतदाता पहचान पत्र बनवाने को लेकर जागरूकता कार्यक्रम 2023 को लेकर आयोजन किया गया। मौके पर टाटीझरिया बीडीओ सह सीओ साइनी तिग्गा,डीएसडब्लू ओ इंदु खलखो ,धर्मपुर पंचायत की मुखिया कांति देवी,डूमर पंचायत मुखिया ममता देवी,प्रधानाध्यपक राज कुमार सिन्हा,अरुण रवि, तुलसी राम,संतोष प्रजापति संग कई लोग उपस्थित थे।

जिला परिषद के सहकारिता समिति का अध्यक्ष बने जीतन राम

खबर मन्त्र संवाददाता

कटकमदाग। जिला परिषद की विशेष बैठक का आयोजन किया गया जिसमे 8 समितियों का गठन किया गया। कटकमदाग के जिप सदस्य जीतन राम को सर्वसमिति से सहकारिता समिति का अध्यक्ष बनाया गया जिसमे सचिव जिला परिषद जो की इस समिति के पदेन सचिव तथा शेख तैय्यब, मंजू देवी, सूरज पटेल, वासुदेव करमाली, मंजू नंदनी, पिंटू देवी को सदस्य मनोनित किया गया है। कटकमदाग के जिप सदस्य को सहकारिता समिति के अध्यक्ष बनाए जाने से कटकमदाग

जीतन राम

के साथ साथ हजारीबाग के लोगो में उत्साह है।

इको सेंसेटिव जोन संघर्ष समिति की बैठक संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता

इचाक। इको सेंसेटिव जोन संघर्ष समिति के बैनर तले इक्को सेंसेटिव जॉन के खिलाफ सिझुवा उच्च विद्यालय के प्रांगण में सर्वदलीय बैठक की गई।

जिसकी अध्यक्षता सांसद प्रतिनिधि सह इक्को सेंसेटिव जॉन संघर्षशील समिति के अध्यक्ष भागवत प्रसाद मेहता जबकि संचालन झामुमो नेता व पूर्व मुखिया इंद्रदेव प्रसाद मेहता ने किया। मुख्य अतिथि हजारीबाग के पूर्व सांसद भुनेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा कि इको सेंसेटिव जोन जनहित के खिलाफ है सरकार को इसे वापस

बैठक में शामिल लोग

लेना होगा। हजारीबाग वन आश्रयणी के आड़ में इचाक को गरीबों की चरम सीमा पर धकेलने का काम किया है। उक्त बातें हजारीबाग के पूर्व सांसद भुनेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा। जीप अध्यक्ष उमेश प्रसाद मेहता ने कहा कि बिना ग्राम सभा और बिना आम सभा के 218 गांव को नरक में धकेल दिया गया। इसके खिलाफ गाँव स्तर पर कमिटी बनाएं, हमेशा आपके साथ है। बैठक में पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, भाजपा के वरिष्ठ नेता बटेश्वर प्रसाद मेहता, कांग्रेस पार्टी के प्रमंडलीय अध्यक्ष डॉ आरसी प्रसाद, कांग्रेस के प्रदेश प्रतिनिधि दिगंबर कुमार मेहता, जीप सदस्य रेणु देवी, पद्मा जीप सदस्य बसंत मेहता, जदयू के जिला अध्यक्ष अर्जुन कुमार मेहता, भाजपा के मंडल अध्यक्ष जयनंदन मेहता, सुभाष सोनी पूर्व 20 सूत्री अध्यक्ष गौतम नारायण सिंह, समेत दर्जनो प्रतिनिधि और ग्रामीण लोग उपस्थित हुए।

व्यापार मंडल में चना बीज विक्रय केंद्र का उद्घाटन

इचाक। प्रखंड के व्यापार मंडल प्रखंड मुख्यालय में सरकार की ओर से किसानों के बीच चना बीज अनुदानित दर पर विक्रय हेतु विक्रय केंद्र खोला गया । उद्घाटन उप प्रमुख सत्येंद्र कुमार मेहता, कांग्रेस नेता दिगम्बर कुमार मेहता एवं प्रमुख प्रतिनिधि सिकंदर कुमार दास ने संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं नारियल फोड़कर किया। व्यापार मंडल से कैसे खरीदेंगे किसान बीज - व्यापार मंडल अध्यक्ष जागेश्वर प्रसाद मेहता ने बताया कि व्यापार मंडल को सरकार की ओर से किसानों के बीच 90% अनुदानित दर पर बेचने हेतु 50 किवंटल चना प्राप्त हुआ है। व्यापार मंडल से बीज पंचायत स्तर पर पैक्स के माध्यम से मुखिया, पंचायत समिति सदस्य , पैक्स अध्यक्ष के आपसी सहमति बनाकर बीच उठाओ कर किसानों को चिन्हित कर वितरण किया जाएगा। खरीद के समय किसानों को पहचान पत्र हेतु आधार कार्ड या कोई पहचान पत्र एवं मोबाइल नंबर अनिवार्य रूप से जमा करना होगा। मौके पर बीसीओ राजेश कुमार , सीताराम मेहता , 20 सूत्री सदस्य दिगंबर कुमार मेहता, पैक्स अध्यक्ष प्राबिल प्रसाद मेहता , रमेश रंजन, कंचन मेहता के अलावा कई किसान शामिल थे।

मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता का हुआ समापन

पुरूष वर्ग में लपंगा और महिला वर्ग में चिकोर बना चैम्पियन, विजेता टीम जिला स्तरीय प्रतियोगिता में लेंगे हिस्सा

बालक वर्ग के विजेता टीम को पुरस्कृत करते मुख्य अतिथि बीडीओ हलधर सेठी।

अतिथियों के साथ पुरस्कार लिऐ बालक वर्ग की टीम

खबर मन्त्र संवाददाता

भदानीनगर (रामगढ़)। पतरातू प्रखंड-प्रशासन के तत्वावधान में भदानीनगर आईएजी फुटबॉल मैदान में चल रहे दो दिवसीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल कप प्रतियोगिता का शनिवार को समापन हुआ।

पुरूष वर्ग के फाइनल मैच में लपंगा ने भुरकुंडा को 5-4 व महिला वर्ग में चिकोर ने लबगा को 3-1 से पराजित कर खिताब पर कब्जा जमा लिया।

इससे पूर्व पुरूष वर्ग के लीग मैच में पाली ने हफुआ को 1-0, चिकोर ने कुरसे को 1-0, लपंगा ने तालाटांड को 1-0, भुरकुंडा ने सांकुल को 3-0, हरिहरपुर ने देवरिया को 1-0 व दोतल्ला पंचायत ने लबगा को 5-4 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। वहीं क्वार्टर फाइनल में भुरकुंडा व लपंगा की टीम को पूर्व के प्रदर्शन के आधार पर बाई मिला। जबकि हरिहरपुर ने चिकोर को 1-0 व पाली ने दोतल्ला को 6-5 से पराजित कर सेमिफाइनल में प्रवेश किया। पहले सेमीफाइनल में भुरकुंडा ने पाली को 5-3 व लपंगा ने हरिहरपुर को 5-4 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

वहीं बालिका ग्रुप में चिकोर ने चोरधरा को 2-1 और लबगा ने दोतल्ला को 3-0 से पराजित कर फाइनल में स्थान बनाई। विजेता व उपविजेता टीम को मुख्य अतिथि पतरातू बीडीओ हलधर सेठी, प्रमुख कौशल्या देवी, लपंगा मुखिया आनंद दुबे, चोरधरा मुखिया रामनारायण कुमार, भुरकुंडा मुखिया अजय पासवान ने ट्रॉफी और जर्सी देकर सम्मानित किया। मौके पर मुख्य अतिथि बीडीओ हलधर सेठी ने कहा कि राज्य सरकार खिलाड़ियों के बढ़ावा दे रही है। यह प्रतियोगिता खिलाड़ियों के लिए काफी कारगर सिद्ध होगा।

उन्होंने कहा कि खेल-कूद से शारीरिक व मानसिक विकास तो होता ही है। यह हमें अनुशासन की भी सीख देता है। श्री सेठी ने कहा कि बहेतर प्रदर्शन कर खेलो में भी कैरियर बनाया जा सकता है।

प्रतियोगिता के संयोजक मो. कमरूद्दीन ने बताया विजता टीम जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेगी। मौके पर शंकर तुरी, प्रमुख प्रतिनिधि सीताराम मुंडा, आजाद अंसारी, चंद्रिका चौधरी, मुस्तफा आजाद, शशि, भोला, समीर सिंह, विक्की सहित दर्जनों लोग मौजूद थें।

आयुर्वेदिक संस्थान के नाम पर ठगी

चरही। चरही थाना क्षेत्र के तरवाटांड़ निवासी रामदास महतो ने बताया कि 26 नवंबर को वैधनाथ आयुर्वेद कंपनी से डाक के द्वारा लॉटरी टिकट भेजा गया।जिसमें एक चार पहिया वाहन निकला।कंपनी के द्वारा कहा गया कि वाहन या इसके एवज में रकम ले सकते हैं।जब कंपनी के लोगों को फोन किया, तो कहा कि खाता संख्या 01841040000301787 है।इसी खाता संख्या पर 9 हजार रुपये भेज दें।साथ ही कंपनी को ग्राहक अपना खाता संख्या भेजें। ताकि लॉटरी के रकम भेजा जा सके। रामदास महतो ने बताया कि वर्षों से इस कंपनी दवा को मंगाकर सेवन कर रहा हूं। साथ ही कई ग्रामीणों को भी इस कंपनी के दवा को मंगाकर दे रहा हूं। इसके एवज में मुझे लॉटरी की टिकट भेजी गई। निकली लॉटरी की रकम को मांग किया,तो कंपनी के लोग कहने लगे कि इसके लिए केरल जाना होगा। या फिर इस टिकट को जला दो। जब भुक्तभोगी ने कंपनी के एक व्यक्ति गोपाल हलधर के मोबाइल नंबर 8653287068 पर फोन करने पर कहा कि तो उपरोक्त खाता नंबर में रकम भेजें। तभी लॉटरी की रकम या फिर वाहन को दिया जा सकता है।

बाल विवाह को लेकर कार्यक्रम का आयोजन

चरही। गुरुवार को स्वयं सेवी संस्था झारखंड महिला उत्थान के तत्वाधान में उत्क्रमित मध्य विद्यालय फुसरी के मांझी टोला स्कूल प्रांगण में किशोरियों को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था की सचिव नीलम बेसरा ने की। ग्रामीण क्षेत्र के किशोरियों द्वारा नुक्कड़ नाटक किया गया।सचिव नीलम बेसरा ने कहा कि अभिभावक किशोरियों को बेहतर शिक्षा दिलाएं।ताकि अपने पैरों खडी हो सके।आगे कहा कि बाल विवाह एवम जबरन विवाह रोक लगाए।बाल विवाह होने से बचपन छिन्न जाता है। शारीरिक और मानसिक रूप से आघात पहुंचता है।इसलिए बाल विवाह और जबरन विवाह पर अंकुश लगाएं।इसके लिए पूरे चुरचू प्रखंड में संस्था के द्वारा जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम में कई बच्चे-बच्चियां उपस्थित थे।

किसानों के बीच चना बीज का वितरण

चरही। शनिवार को चुरचू प्रखंड के सडवाहा, बहेरा, जरबा, दासोखाप,चीचीकला,चनारो,चुरचू और आंगो महिला किसानों के बीच चना बीज का वितरण किया गया।उक्त बीज को झारखंड सरकार कृषि विभाग के द्वारा उपलब्ध कराया गया है। जिसका वितरण प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक एवं कृषि पदाधिकारी काशीनाथ के द्वारा किया गया।मौके पर चुरचू प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक,कृषि पदाधिकारी काशीनाथ,बहेरा मुखिया देवकी महतो,चनारो मुखिया ब्रजबिहारी महतो,पूर्व चरही मुखिया महादेव सोरेन, उप प्रमुख संजय सिंह,पूर्व उप प्रमुख चोलेश्वर महतो, समाजसेवी प्रकाश यादव,समुंह के महिला किसान उपस्थित थे।

गीता देवी बनी जिला स्तरीय संचार एवं संकर्म समिति के अध्यक्ष

दारु। ग्रामीण त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के बाद जिला परिषद की पहली बैठक में जिला परिषद अध्यक्ष चुनाव हुआ वहीं दूसरी बैठक में दारु प्रखंड के जिला परिषद सदस्य गीता देवी जिला स्तरीय संचार एवम संकर्म समिति की अध्यक्ष सह सभापति निर्वाचित हुई, पदेन सचिव जिला परिषद एवम सदस्य पद के लिए सुनीता देवी सदर पूर्वी, गीता देवी केरेडारी उत्तरी, लक्ष्मी कुमारी, रवि शंकर यादव, राम प्रसाद, सुनीता देवी बड़कागांव मध्य से निर्वाचित हुए।गीता देवी ने कहा कि अध्यक्ष पद मेरे लिए जनता का आशीर्वाद है। इस जिम्मेवारी को मैं क्षेत्र की जनता के विकास के लिए मन लगाकर काम करूंगी। इस पद में मैं लघु सिंचाई, ग्रामीण आवास, ग्रामीण जलप्रदाय, जल निकास एवम अन्य कार्यों के लिए उत्तरदाई हूं। साथ ही उन्होंने कहा कि मेरे विभाग में विकास कार्य के लिए आवंटित राशी को बिचौलियों से बचाकर क्षेत्र की जनता हित के कार्यों तक पहुंचाऊंगी। बैठक में डीडीसी, जिला परिषद अध्यक्ष एवं जिला के सभी प्रखंडों के जिला परिषद सदस्य मौजूद थे।

चंद्रावती देवी को प्रबंधन ने बैठक के लिए किया आमंत्रित

5 दिसंबर को सुबह साढ़े ग्यारह बजे महाप्रबंधक कार्यालय बरका-सयाल में आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता

भुरकुंडा (रामगढ़)। बरका-सयाल एसओपी ने ठेकेदारी कम्पाउंड निवासी चंद्रावती देवी को 5 दिसंबर को बरका-सयाल जीएम कार्यालय में बैठक के लिए आमंत्रित किया है। भेजे गये पत्र में कहा है कि आपके द्वारा 12 नवंबर 2022 को सीसीएल प्रबंधन को दिये गये आवेदन व 26 नवंबर 2022 के माध्यम से प्रभारी पदाधिकारी, जनशक्ति कोषांग रामगढ़ द्वारा जारी किये गये पत्र के आलोक में उपरोक्त विषय वस्तु से संबंधित एक बैठक 5 दिसंबर को सुबह साढ़े ग्यारह बजे महाप्रबंधक कार्यालय बरका-सयाल में आयोजित की गई है। बैठक में उपस्थित होकर आप अपना पक्ष रखें ताकि समस्या का समाधान हो सके।

मालूम हो कि चंद्रावती देवी के पति राम नारायण पांडेय जो सीसीएल भुरकुंडा में कार्यरत थें। लगभग 25 वर्षों से वे लापता हैं। मामले को ले चंद्रावती देवी ने अपने पुत्र को नौकरी देने की गुहार प्रबंधन से लगाई थी। वर्षों बीत जाने के बाद भी सीसीएल प्रबंधन द्वारा पहल नहीं किये जाने पर चंद्रावती देवी ने भुरकुंडा परियोजना कार्यालय के समक्ष अपने पुत्र द्वारा आत्मदाह करने की बात कही थी। इसी आलोक में प्रबंधन ने चंद्रावती देवी को बैठक के लिए बुलाया है।

ओमप्रकाश जिंदल कम्युनिटी कॉलेज का 15वां वार्षिकोत्सव मना

खबर मन्त्र संवाददाता

पतरातू। ओम प्रकाश जिंदल कम्युनिटी कॉलेज आईटीआई पतरातू के 15 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में पांच दिवसीय वार्षिकोत्सव का शनिवार को सफल समापन समारोह आयोजन किया गया । इसका उद्घाटन मुख्य अतिथि जिंदल स्टील एवं पावर पतरातू के मानव संसाधन विभाग अध्यक्ष सुभाष चंद्र के द्वारा किया गया। वहीं संस्थान के प्राचार्य अजय पांडे ने समारोह के सभी अतिथियों का स्वागत बुके द्वारा किया गया है। जिसमें पतरातू प्रखंड के बीडीओ हलधर कुमार सेठी भी उपस्थित रहे। संस्थान द्वारा आयोजित वार्षिकोत्सव में जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया था जिसमें वॉलीबॉल संगीत, रंगोली लोंग जंप, हाई जंप, टेक आफ वार आदि थे । इस समारोह में आईटीआई के छात्रों द्वारा मॉडलों का भी प्रदर्शन किया गया वॉलीबॉल में ओपीजेसीसी के

पुरस्कृत करते अतिथि

टीम विजेता रही। रंगोली में निकिता (ओपीजेसीसी) द्वितीय पारुल कुमारी (जेएम कॉलेज) तथा तृतीय प्रियंका कुमारी (ओपीजेसीसी) रहे संगीत प्रतियोगिता में प्रथम अजहर अंसारी (ओपीजेसीसी) द्वितीय सूरज उराव (ओपीजेसीसी) तथा तृतीय सुनील कुमार(ओपीजेसीसी) रहे हाई जंप में प्रथम आसिफ राजा (जेएम कॉलेज) द्वितीय अमन कुमार राय (ओपीजेसीसी) तथा तृतीय मिथुन मुर्मू (ओपीजेसीसी) रहे लोंग जंप में प्रथम प्रेमदीप दास (ओपीजेसीसी) द्वितीय सरोज नायक (जी एम कॉलेज) तथा तृतीय राहुल कुमार (ओपीजेसीसी) रहे संस्थान द्वारा विशिष्ट अतिथि कॉमनवेल्थ खेल 2022(इंग्लैंड) के सिल्वर मेडल विजेता श्री दिनेश कुमार तथा सुनील बहादुर जिन्होंने पदक जीतकर देश और राज्य का नाम रोशन किया उन्हें मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया संस्थान में कार्यरत 3 कर्मचारियों श्री पतिराम माहतो , श्री दीपक कुमार तथा जितेंद्र कुमार जिन्होंने 15 वर्षों का कार्यकाल पूरा किया उन्हें भी मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए अतिथियों ने संस्थान के द्वारा किए जा रहे कार्य की सराहना किया उन्होंने बताया पतरातू में इस प्रकार के व्यवसायिक शिक्षा देने वाला संस्थान खोलकर व्यवसायिक शिक्षा देने के साथ-साथ जिंदल स्टील एवं पावर के चेयरमैन श्री नवीन जिंदल जी को बधाई एवं धन्यवाद देते हुए उन्होंने बताया कि पतरातू में इस प्रकार का शिक्षण संस्थान खोलना यहां के निवासियों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है संस्थान में व्यवसायिक शिक्षा ग्रहण कर आज क्षेत्र के बेरोजगार युवक देश-विदेश के कई कंपनियों में कार्य कर रहे हैं अंत में संस्थान के प्राचार्य अजय पांडे ने समारोह में आए सभी अतिथियों, छात्रों को धन्यवाद दिया उन्होंने कहा व्यवसायिक शिक्षा के साथ व्यवहारिक शिक्षा में भी संस्थान को और आगे ले जा जाने का हर संभव प्रयास करते रहेंगे क्षेत्र के लोगों को गुणवत्ता शिक्षा देने का प्रयास करते रहेंगे कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्थान के सभी कर्मचारियों का विशेष योगदान रहा।

वाहन चेकिंग के दौरान मवेशी बरामद

बरकट्ठा। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी महोदय बरही के नेतृत्व में गुप्त सूचना के आधार पर शनिवार को सुबह 5 बजे बरकट्ठा थाना गेट के सामने वाहन चेकिंग के दौरान पिकअप गाड़ी नंबर हइ67अ-6016 में अवैध रूप से मवेशियों को लोडकर ले जाते हुए पकड़ा गया। उक्त पिकअप वाहन में कुल 07 मवेशियों को क्रूरतापूर्वक गूँजरा मोड़ से लोडकर आसनसोल(प0बंगाल) ले जाया जा रहा था जिस सन्दर्भ में बरकट्ठा थाना कांड संख्या-198/22 दिनांक 03.12.22 अंकित किया गया है तथा गिरफ्तार चालक-राजा पासवान पिता स्व० नागो पासवान,आसनसोल(प0बंगाल) एवं टिंकू पासवान पिता स्व0 मुन्ना पासवान नवादा(बिहार) को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।

नर्सरी बच्चों को योगा व कराटे की ट्रेनिंग

भुरकुंडा (रामगढ़)। मार्शल आर्ट सितोरियू कराटे कोच कंचन दास के नेतृत्व में ए ला एंगलाइज विद्यालय के कक्षा नर्सरी के बच्चों को शारीरिक स्वास्थ्य व मानसिक विकास के लिए शनिवार को पीटी, योग व कराटे के गुरू सिखाए गए। इसमें छह से आठ वर्ष तक के विद्यार्थी शामिल हुए।

स्पीड न्यूज

हिंडाल्कों में खनिज संरक्षण सप्ताह कल से

लोहरदगा। 29 वां खान पर्यावरण एवं खनिज संरक्षण सप्ताह को लेकर बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता वरीय प्रबंधक जितेंद्र कुमार ने की। जितेंद्र कुमार ने बताया कि हम पर्यावरण एवं खनिज संरक्षण सप्ताह लक्ष्य के साथ मनाना है। उन्होंने कहा कि खान पर्यावरण एवं खनिज संरक्षण के प्रति हम बेहद गंभीर हैं। इसके लिए जन जागरूकता अभियान पोस्टर, बैनर, पंपलेट, फ्लेक्स, स्लोगन के माध्यम से करनी है। साथ ही साथ खनन कर्मी, खान मजदूर, ट्रक चालक, ग्रामीण सभी के बीच में जन जागरूकता अभियान चलाए जाने हैं। जिससे पर्यावरण के प्रति खनिज संरक्षण के प्रति जागरूकता बड़े बैठक में कमेटी का भी गठन सर्वसम्मति से किया गया। जिसमें अध्यक्ष जितेंद्र कुमार, सचिव मिहिर बरई, अतिथियों का स्वागत एवं पुरस्कार वितरण मानव संसाधन विकास विभाग सहायक प्रबंधक सतीश विश्वकर्मा, कार्यक्रम का प्रचार प्रसार जन जन तक करने हेतु डिप्लोमा इंजीनियर प्रज्जवल साहू एवं सीएसआर विभाग के अभय भारती को जिम्मेवारी दी गई। खान क्षेत्र की सज्जा सहायक प्रबंधक चंद्रकांत दुबे की अगुवाई में प्रमोद कुमार साहू, नागेंद्र सिंह, सुजीत कुमार झा, उमेश कुमार, कैलेंडर उरांव, फुलधारी उरांव की गठित टीम द्वारा की जाएगी।

कांग्रेस ने राजेंद्र प्रसाद को दी श्रद्धांजलि

लोहरदगा। जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में कांग्रेसी नेता नेसार अहमद के अध्यक्षता में देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद का जयंती मनाई गई। कांग्रेसियों के द्वारा राजेंद्र पार्क स्थित डॉ राजेंद्र प्रसाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। नेसार अहमद ने कहा कि डॉ राजेंद्र प्रसाद भारत के प्रथम राष्ट्रपति एवं महान भारतीय स्वतंत्रता सेनानी थे। वे भारतीय स्वाधीनता आंदोलन के प्रमुख नेताओं में से एक थे और उन्होंने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष के रूप में प्रमुख भूमिका निभाई उन्होंने संविधान के निर्माण में भी अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया था। उन्होंने अपना पूरा जीवन राष्ट्र की सेवा में समर्पित कर दिया। मौके पर जिला काग्रेस के जगदीप भगत, तनवीर गौहर चंदन कुमार, राजू कुमार, मनान अंसारी ,शेरू खान ,मनु कुमार, अमन समेत अन्य कांग्रेसी उपस्थित थे।

विद्यालय में लगा फ्री हेल्थ कैंप

कैरो। उत्क्रमित मध्य विद्यालय खरता प्रांगण में शनिवार को सीबीएन अस्पताल कैरो द्वारा शिविर लगाकर मरीजों का निशुल्क जांच व दवा का वितरण किया गया। शिविर में रांची के एमबीबीएस डर राकेश रंजन द्वारा बीपी, शुगर, दमा, पेट की बीमारी सहित बीमारी का जांच व इलाज कर दवा वितरण करते हुए कहा कि आज भी कोरोना से सावधानी बरतने की जरूरत है साथ ही घर मे साफ साफ के साथ रहने से कई बीमारी से दूर रह सकते हैं साथ मे इंसान को स्वस्थ रहने के लिए व्यायाम भी करना चाहिए। किसी भी तरह: की परेशानी होने पर इलाज के बाद ही दवा लेने की सलाह दिया गया। मौके पर हॉस्पिटल के डायरेक्टर उज्ज्वल कुमार, एएनएम राजमणि उरांव व लालमणि कच्छप व मरीज मौजूद थे।

दिव्यांगों को मिला ट्राई साइकिल

लोहरदगा। विश्व दिव्यांगता दिवस के अवसर पर प्रखण्ड संसाधन केंद्र लोहरदगा के तत्वावधान में दिव्यांग बच्चों के बीच ट्राई सायकल का वितरण किया गया। बीईईओ रामजीवन नायक और सीडीपीओ विमला देवी ने संयुक्त रूप दिप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। उनके द्वारा दिव्यांग बच्चों तन्मय उराँव, यश गुप्ता, देव कुमार, अरमान अंसारी, दिनशू महतो,कुसुम उराँव और दुर्गा लोहरा को ट्राई सायकल उपलब्ध कराया गया।मौके पर बीईईओ रामजीवन नायक ने कहा कि दिव्यांग बच्चे विशेष बच्चे हैं जो हम सभी के अभिन्न अंग है। इन्हें भी सामान्य बच्चों की भांति सभी अधिकारी दिया गया है। मौके पर प्रखण्ड तकनीकी सहायक धीरज पटेल द्वारा दिव्यांग बच्चों को विभाग द्वारा प्रदत्त सुविधाओं की जानकारी दी गई। बताया गया कि हम सभी की सामुहिक जिम्मेदारी है कि हमारे विशेष बच्चे शिक्षा की मुख्य धारा से जुड़ कर अपने सपनों को उड़ान दे सके। जिसमें इन सबों की भागीदारी आवश्यक है। रिसोर्स शिक्षिका शीलवंती मिंज ने भी सभी उपस्थित माता पिता, अभिभावकों को स्काउट भत्ता, दिव्यांग बच्चों के विशेष देखभाल आदि की जानकारी दी।

जन्म-मृत्यु निबंधन को ले कार्यशाला

लोहरदगा।अर्थ एवं सांख्यिकी निदेशालय, योजना एवं विकास विभाग (योजना प्रभाग) झारखण्ड, रांची के तत्वावधान में नागरिक निबंधन प्रणाली अंतर्गत ऑनलाईन जन्म, मृत्यु निबंधन करने एवं इसमें प्रगति लाने हेतु जिला परिषद सभागार में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई।कार्यशाला में जिला सांख्यिकी पदाधिकारी, सहायक सांख्यिकी पदाधिकारी, कनीय सांख्यिकी सहायक द्वारा जन्म-मृत्यु निबंधन के बारे विस्तृत जानकारी दी गई। जिला सांख्यिकी पदाधिकारी शिशिर तिग्गा द्वारा जानकारी दी गई कि बच्चे के जीवन की शुरूआत के समय उसकी पहचान सुनिश्चित करना सबसे पहली और प्रमुख आवश्यकता है। जन्म का निबंधन पहला कानूनी दस्तावेज है जिसमें बच्चा अपने विवरणो के साथ पंजीकृत हो जाता है। जन्म और मृत्यु निबंधन अधिनियम, 1969 पर आधारित जन्म और मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियमावली झारखण्ड राज्य में फरवरी, 2009 से लागू की गई। जिला के उपायुक्त जन्म एवं मृत्यु के जिला रजिस्ट्रार होते हैं। इस प्रकार जिला सांख्यिकी पदाधिकारी, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी और सिविल सर्जन को अपर जिला रजिस्ट्रार के रूप में अधिकार दिये गये हैं। सहायक सांख्यिकी पदाधिकारी मंगल किशोर उरांव और कनीय सांख्यिकी सहायक रामजी सिंह द्वारा जन्म-मृत्यु के निबंधन का समय, निबंधन कराने की जगह, ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में निबंधन कराने का स्थान, नि:शुल्क निबंधन का समय व शुल्क चुका कर निबंधन कराने का समय, निबंधन में सुधार कराने के प्रावधान समेत अन्य जानकारी दी गई।कार्यक्रम में विजय कुमार द्वारा सीआरएस पोर्टल की जानकारी दी गई।

अवैध ईंट भट्ठे पर चला बुलडोजर

खबर मन्त्र संवाददाता

उपायुक्त के निर्देश पर तर्री स्थित अमित ईंट भट्ठा हुआ ध्वस्त

ईंट भट्ठा को ध्वस्त कराते एसडीपीओ व अंचलाधिकारी।

गुमला। जिले में अवैध रूप से संचालित ईंट भट्ठों में प्रशासन का फिर से बुलडोजर चलना शुरू हुआ। शनिवार को तर्री स्थित अमित ईंट भट्ठा को एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल व सीओ केके मुंडू के देखरेख में बुलडोजर चलाकर पूरी तरह ध्वस्त कर दिया गया। जिले के उपायुक्त सुशांत गौरव ने खनन विभाग, गुमला सदर ,चैनपुर तथा बसिया अनुमण्डल पदाधिकारी सहित सभी अंचलाधिकारियों को अवैध संचालित ईंट भट्ठों पर सख्त कार्यवाही करने को लेकर निर्देश जारी किया गया था। जिसके आलोक में कार्रवाई आरंभ कर दी गई है। उपायुक्त ने अपने निर्देश में कहा है कि डुमरी अंचल क्षेत्र में विगत दिनों जिस प्रकार एक ईंट भट्ठे पर काम कर रहे तीन मजूदरों की दबकर मौत हो गई थी। उससे स्पष्ट होता है कि अधोहस्ताक्षरी के द्वारा पूर्व में अवैध ईंट भट्ठों को ध्वस्त करने के दिए गए निदेशों का सही से अनुपालन नहीं किया गया था जो ये प्रकट करता है कि दिए गए निर्देश की अवहेलना है । ऐसे में उपायुक्त ने एक बार फिर से सख्त रुख अख्तियार करते हुए आगामी 15 दिसंबर तक सभी अवैध ईंट भट्ठों (लाल ईंट) को चिमनी सहित धराशाई करने का निर्देश जारी किया है। इधर उपायुक्त के जारी फरमान के बाद ईंट भट्ठा संचालकों में हडकंप मच गई है। ज्ञात हो कि गुमला जिला में बिना सीटीओ व पर्यावरण प्रदूषण सर्टिफिकेट के कई ईंट भट्ठों का संचालन किया जा रहा है। उपायुक्त ने अवैध रूप से संचालित सभी लाल ईंट भट्ठों को ध्वस्त करते हुए 15 दिसंबर तक शून्य प्रतिवेदन समर्पित करने का निर्देश अधिकारियों को दिया है।

डीसी ने गरीबों को दिया कंबल

गुमला उपायुक्त सुशांत गौरव ने शुरू कराया रैन बसेरा व अलाव

खबर मन्त्र संवाददाता

जरूरत मंद को कंबल देते उपायुक्त सुशांत गौरव।

गुमला। उपायुक्त सुशांत गौरव ने शुक्रवार की रात शहर का औचक भ्रमण किया। इस दौरान जशपुर रोड स्थित वेंडिंग जोन के पास जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरित किये। कंबल वितरण के समय नगर परिषद के अध्यक्ष श्री दीप नारायण उरांव, अनुमंडल पदाधिकारी सदर रवि जैन, भूमि सुधार उप समाहर्ता, नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी, वार्ड पार्षद आदि भी मौजूद थे। उपायुक्त ने नप के कार्यपालक पदाधिकारी संजय कुमार से शहर के आश्रय गृहों के बारे में जानकारी प्राप्त कर अविलंब एक आश्रय गृह सह रैन बसेरा शहर के बीचों बीच आरंभ करने को कहा। उन्होंने पूर्व से बंद पड़े एक भवन का निरीक्षण कर वहीं पर रेन बसेरा आरंभ करने का निर्देश दिया। रैन बसेरा के लिए भवन देखने के उपरांत उपायुक्त अपने अधीनस्थों के साथ बस स्टैंड पहुंचे। बस स्टैंड में अतिक्रमण एवं अस्त व्यस्तता को देखकर उन्होंने अनुमंडल पदाधिकारी एवं कार्यपालक पदाधिकारी को संयुक्त रूप से वृहत रूप से अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाने का निर्देश दिया। बस स्टैंड परिसर में निमार्णाधीन यात्री निवास की गुणवत्ता का भी उन्होंने प्रथम दृष्टया अवलोकन किया। उन्होंने कार्यपालक पदाधिकारी को निर्देश दिया कि गुणवत्ता जांच के उपरांत ही एजेंसी को भुगतान किया जाए। बढ़ती ठंड को देखते नगर परिषद द्वारा शहर के मुख्य चौक चौराहों पर अलाव शुरू किया गया। इसकी शुरूआत पटेल चौक पर उपायुक्त एवं नगर परिषद अध्यक्ष द्वारा संयुक्त रूप से अलाव जलाकर किया गया। इस दौरान जिले के पदाधिकारीगण एवं नगर परिषद के कर्मचारी गण मौजूद थे।

विपरीत परिस्थिति में भी देश की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ : तिवारी

घाघरा। कृषि विज्ञान केंद्र विकास भारती बिशुनपुर के द्वारा शनिवार को कस्तूरबा विद्यालय घाघरा में कृषि शिक्षा दिवस का आयोजन हुआ।कार्यक्रम की अध्यक्षता कस्तूरबा विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती रेनू सुजाता ने की। अटल बिहारी तिवारी ने बताया कि आज भारत कृषि प्रधान देश होने के कारण विपरीत परिस्थितियों में भी देश की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ रही है। युवाओं को कृषि से जोड़ने और भारत में कृषि शिक्षा को आगे बढ़ाने के लिए 3 दिसंबर का दिन कृषि शिक्षा दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया।

इसका मुख्य मकसद ज्यादा से ज्यादा युवाओं को कृषि की शिक्षा मुहैय्या करवाना और देश को कृषि क्षेत्र मे समृद्ध बनाना है। हालांकि इन दिनों यह बदलाव तेजी से देखा जा सकता है। फल, फूल, सब्जी की खेती, डेयरी, मछली पालन, मधुमक्खी पालन, सुकर पालन इत्यादि खेती से जुड़े कई ऐसे व्यवसाय हैं जो युवाओं के बीज प्रचलित हो रहे हैं। इस कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक सुभयं दास के साथ-साथ 65 छात्रों ने भाग लिया।

अल्बर्ट एक्का का गृह जिला रेल लाइन से वंचित: विजय

गुमला। झारखंड नवनिर्माण दल गुमला इकाई ने परमवीर अल्बर्ट एक्का के शहादत दिवस पर गुमला स्टेडियम स्थित शहीद की प्रतिमा पर जेएनडी के संयोजक सहित दर्जनों नेताओं ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी तथा पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत गुमला को रेल लाइन से जोड़ने के लिए 3 दिसंबर से 3 दिसंबर 2023 तक विशेष अभियान की शुरूआत करते हुए हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह ने कहा कि शहीद अल्बर्ट एक्का जैसे परमवीर को सम्मान देने में सभी सरकारें सिर्फ घड़ियाली आंसू बहाया । शहीद का गांव जारी को आदर्श प्रखंड बनाने का घोषणा भी फाइलों में धूल फांक रही है । आजादी के 75 साल बाद भी परमवीर का गृह जिला का रेल लाइन से नहीं जुड़ना सत्ताधारी पार्टियों के शहीदों के प्रति असली नजरिया को दर्शाता है। मौके पर अभियान में अजीत विश्वकर्मा , आदित्य सिंह, गोपेश्वर गोप , शिवप्रसाद साहू, प्रमोद कुमार दास , ललन साहू , मनोज बकरा व अन्य मौजूद थे।

सेन्हा के चंदकोपा में महिला की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या

मृतक महिला के पति से पुलिस ने की पूछताछ, अपराधियों की गिरफ्तार को कर रही छापेमारी

लोहरदगा। सेन्हा थाना क्षेत्र के चंदकोपा गांव में अज्ञात अपराधियों ने दिनदहाड़े महिला की घर में गोली मारकर उहत्या कर दी गई। महिला के शरीर में धारदार हथियार से भी हमले का निशान मिला है। गोली चलने के बाद आसपास के लोगो ने महिला को सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित किया। मृतक महिला की पहचान सेन्हा थाना क्षेत्र अंतर्गत चंदकोपा निवासी प्रमोद साहू की पत्नी उज्वला देवी (28 वर्ष) के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही लोहरदगा पुलिस दलबलके साथ घटनास्थल पहुंच गोली का खोखा बरामद कर जांच में जुट गई। फिलहाल हत्या किस कारण से की गई इसकी खुलासा नहीं हो पाई है। परिजनों के अनुसार घटना सुबह लगभग 10:00 बजे के आसपास की है और घटना के समय घर पर मृतक महिला अकेली थी,इसी का फायदा उठाकर किसी ने घटना को अंजाम देकर फरार हो गया। वहीं घटना के बाद पुलिस मृतक महिला के पति से पूछताछ की। घटना के बाद काफी संख्या में शव के साथ सदर अस्पताल में भीड़ जुटने लगी। जिसे देख मुख्यालय डीएसपी परमेश्वर प्रसाद, सदर थाना प्रभारी पंकज शर्मा, अरविंद शर्मा समेत पुलिस अधिकारियों के साथ सदर अस्पताल पहुंच घटना का जायजा ले रहे हैं पुलिस घटना में शामिल अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

गुमला में अल्बर्ट एक्का को श्रद्धांजलि देते जेएनडी के नेता विजय सिंह व अन्य।

बच्चों में प्रतिभा की कमी नहीं : सीओ

घाघरा। सॉलिटेयर एजुकेशनल एकेडमी स्कूल में शनिवार को वार्षिकोत्सव उद्घाटन सीओ प्रणव ऋतुराज ने किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के सहित खेलकूद प्रतियोगिता आरंभ हुआ। सीओ ने कहा कि इस तरह के आयोजन से बच्चों में छुपी प्रतिभा सामने निखरता है। विद्यालय में बच्चों के खाना पीना बनाने व व्यंजन की बिक्री करने का भी स्टाल लगाया गया जो काबिले तारीफ है। छोटे-छोटे बच्चों में प्रतिभा की कमी नहीं है।

अनुशासन सिखाता है खेल : सांसद

लोहरदगा मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में वार्षिक खेलकूद का हुआ शुभारंभ 100 मीटर दौड़ में नीलिमा लकड़ा बनी कॉलेज की सबसे तेज धाविका

खबर मन्त्र संवाददाता

लोहरदगा। मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय लोहरदगा में वार्षिक खेलकूद समारोह सप्ताह का समारोह पूर्वक शुभारंभ हुआ' उद्घाटन मुख्य अतिथि सांसद सुदर्शन भगत और विशिष्ट अतिथि विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के राष्ट्रीय मंत्री ब्रह्माजी राव सहित अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया' मौके पर मुख्य अतिथि सांसद सुदर्शन भगत ने कहा कि खेलकूद जीवन में अनुशासन का सबक सिखाता है' विशिष्ट अतिथि ब्रह्माजी राव ने कहा कि विद्यार्थियों को खेल में कठोर परिश्रम से सफलता का मार्ग प्रशस्त करना सीखना चाहिए। उद्घाटन समारोह में महाविद्यालय के भैया बहनों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर इसे यादगार बनाया' विशिष्ट अतिथि ने खेल ध्वज फहराया और मार्च पास्ट की सलामी ली' मसाल भी प्रज्वलित किया' विद्या मंदिर घोष दल द्वारा अतिथियों का स्वागत हुआ' प्राचार्य उत्तम मुखर्जी ने अतिथियों का स्वागत एवं परिचय कराया' खेल प्रमुख यशोदा कुमारी ने खेल वृत्त प्रस्तुत किया' संचालन प्रीति कुमारी गुप्ता और धन्यवाद ज्ञापन नीतू कुमारी ने किया' मंच से राष्ट्रीय स्तर पर 3000 मीटर तेज चाल में पदक जीतने वाली पूनम कुमारी और राष्ट्रीय स्तर पर ऊंची कूद में सहभागिता निभाने वाले सुजल बाखला को सम्मानित किया गया। सुदर्शन भगत ने सांसद मद से 11 लाख की राशि से चहारदीवारी निर्माण का शिलान्यास किया। पहले दिन संपन्न स्पर्धाओं में 100 मीटर की दौड़ जीतकर नीलिमा लकड़ा कॉलेज की सबसे तेज धाविका बनी। नीलिमा ने 200 मीटर की दौड़ में भी गोल्ड मेडल जीता' 100 मीटर दौड़ में सुषमा अभिषेक लकड़ा ने सिल्वर और मंजू टोप्पो ने ब्रॉन्ज मेडल जीता। 200 मीटर दौड़ में सिल्वर मेडल मंजू टोप्पो और ब्रोंज मेडल पूर्णिमा भगत ने जीता' बालक वर्ग के घड़ा दौड़ में रोहित कुमार साहू ने गोल्ड, सुभाष उरांव ने सिल्वर और आकाश भगत में ब्रोंज मेडल जीता' तीन पैर की दौड़ में सतीश टोप्पो एवं शिव शंकर उरांव की जोड़ी ने गोल्ड, चरणजीत उरांव और आदित्य उरांव की जोड़ी ने सिल्वर तथा पवन लकड़ा एवं शशि तिग्गा की जोड़ी ने ब्रॉन्ज मेडल जीता स्लो साइकिल रेस में चरणजीत उरांव ने गोल्ड और अमन उरांव ने सिल्वर मेडल जीता। इस अवसर पर विभाग प्रमुख अखिलेश कुमार, प्रांतीय घोष प्रमुख राजेश प्रसाद, सांसद प्रतिनिधि चंद्रशेखर अग्रवाल, श्याम बिहारी यादव, आशुतोष मिश्रा, अजय प्रसाद, अनिल अग्रवाल, डॉ शशि गुप्ता, पुष्कर महतो, शोभा देवी, विद्या नंदन शर्मा, बिपिन कुमार दास, सुरेश चंद्र पांडे, जीतराम बड़ाईक, सचिन किसलय, दीपक कुमार, सचित सिंह, हिमांशु केसरी, शिव शंकर सिंह, अभिभावक, शिक्षक और विद्यार्थी उपस्थित थे।

एक नजर में

अल्बर्ट एक्का को एसडीओ ने दी श्रद्धांलि

जारी। अदम्य साहस की प्रतिमूर्ति, देशवासियों के रियल हीरो परमवीर चक्र विजेता लायंस नायक अल्बर्ट एक्का के 51 वें शहादत पर उनके पैतृक गांव जारी स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अधिकारियों ने श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर जारी थाना के जवानों ने परमवीर अल्बर्ट एक्का को सशस्त्र सलामी दी। एक्का व उनकी पत्नी बल्मदीना एक्का के समाधि स्थल पर भी श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप स्कूटीव मजिस्ट्रेट सुनील खाखा, पुअनि देवानंद राणा, जोय बखला, फुलमाईत देवी, नंद किशोर नंद, पूर्व सैनिक सेवा परिषद के अध्यक्ष विनोद मिंज, ओझा उराँव, यादराम साहू, मीला उरांव, विनोद उरांव, तेरेसा कुजूर, जोलजिन लकड़ा, चोहन्ती मिंज,ओपोलिना कुजूर,ज्योति लकड़ा इदा गिद्ध, मधुबाला लकड़ा सहित प्रखंड के विभिन्न स्कूलो के बच्चे बच्चियां उपस्थित थे।

परमवीर चक्र विजेता का मना शहादत दिवस

चैनपुर। चैनपुर प्रखंड मुख्यालय के अल्बर्ट एक्का चौक में परमवीर चक्र विजेता लांस नायक अल्बर्ट एक्का का शहादत दिवस मनाया गया। जिसमें चैनपुर मुख्यालय सहित आस पास के क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हे भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। भूतपूर्व सैनिक संघ के अध्यक्ष जेम्स रोजारियो तिग्गा ने कहा कि अल्बर्ट एक्का हमारे ही क्षेत्र के वीर सैनिक थे। जिन्होंने अपने अदम्य साहस का परिचय देते हुए सन 1971 में भारत पाकिस्तान की लड़ाई में दुश्मनों के दांत खट्टे कर दिए थे। कार्यक्रम में पंहुचे स्कूली बच्चों ने वीर शहीद के नाम पर भक्ति गीत एवं झांकी प्रस्तुत किये। कार्यक्रम में एसडीओ प्रीति किस्कु, बीडीओ शिशिर कुमार सिंह, अंचलाधिकारी गौतम कुमार, प्रभारी थाना प्रभारी दिवाकर मिश्रा सहित चैनपुर अनुमंडल के जनप्रतिनिधियो ने बारी बारी से वीर शहीद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हे नमन किया।

सुखा राहत के छारदा पंचायत में लगा शिविर

सिसई। सिसई प्रखंड के छारदा पंचायत स्थित राजीव गांधी सेवा केंद्र के प्रांगण में शनिवार को सुखा राहत अंतर्गत शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 100 किसानों का निबंधन किया गया। सीओ अनुरिमा एक्का ने कहा कि सरकार द्वारा राज्य को सुखा घोषित किया गया है। उसी के तहत सरकार सभी कृषि बीमा निबंधित किसानो को 3500 सौ रूपया खाता मे दे रही है। इसलिए जो छुट गये है वैसे सभी किसान प्रज्ञा केंद्र में आकर निबंध करा ले। इसके लिए किसानो को जमीन का रशीद, आधार कार्ड, बैंक खाता, मोबाइल नंबर देना होगा। मौके पर मुखिया पार्वती देवी,पंचायत प्रतिनिधियां,जनसेवक एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

कई मुद्दों को ले झामस ने निकाला विरोध मार्च

गुमला। पूर्व घोषित राज्यव्यापी कार्यक्रम के तहत झारखंड ग्रामीण मजदूर सभा (झामस) के बैनर तले शनिवार को धनबाद के बाघमारा में हुए गोलीकांड, मनरेगा में घोटाला, राशन की कम आपूर्ति, नियमित बिजली और मासिक बिल नहीं मिलने के विरोध में डीएसपी रोड स्थित केदार बगान से मजदूरों ने मार्च निकाला। मार्च में बाघमारा कण्ड के दोषी अफसर को गिरफ्तार करने, गोलीकांड में मरे 4 मजदूर के परिवारो को 25-25 लाख व घायलों को 5 लाख मुआवजा देने, मनरेगा में घोटाला बन्द करने, मनरेगा कार्यों का समाजिक अंकेक्षण कराने, पुरा राशन का वितरण की गारंटी देने, राशन की कालाबाजारी और कटौती बन्द करने आदि की मांग की गई। मार्च के बाद सभा हुई । जिसके बाद प्रतिनिधि मंडल के द्वारा तीन सूत्री मांग पत्र उपायुक्त गुमला को सौंप गया । मौके पर माले जिला सचिव गजेन्द्र सिंह ने कहा कि सरकार का जिला प्रशासन पर नियंत्रण नहीं है। जिसके चलते जिला में भ्रष्टाचार, कमीशनखोरी व्याप्त है और राशन, मनरेगा में धांधली जारी है। बाघमारा जैसी घटना हो रही है। इस अवसर पर रवि उराव ,महेंद्र जंक्शन उरांव, सुखदेव उराव,दर्शन उरांव, सुषमा देवी, जीवन कक्षप ,बन्धा उरांव ,मंगल देव उरांव ,बुधवा उरांव ,लक्ष्मण उरांव ,एवारी देवी ,जॉनी उरांव ,विरजानंद उरांव, सुमति देवी, प्रसाद केरकेटा ,रसो देवी, फगन देवी ,सुकरू देवी, कांति देवी, दिनेश्वर उराव ,सहित दर्जनों कार्यकर्ता मार्च सभा में शामिल थे।

डायन बिसाही के खिलाफ जागरूता अभियान

रायडीह। सुरसांग थाना के राजकीयकृत मध्य विद्यालय रमजा में शनिवार को थाना प्रभारी विवेक कुमार पांडेय के नेतृत्व में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चो को शिक्षको की उपस्थिति में डायन बिसाही, नशापान, बाल विवाह, मॉब लिचिंग, साइबर फ्रॉड, मानव तस्करी आदि की जानकारी दी गई। मौके पर थाना प्रभारी विवेक कुमार पाण्डेय ने बच्चो को समझाते हुए कहा कि नशापान हमारे शरीर को काफी हानि पहुंचाता है। नशा से कोई लाभ नहीं है बल्कि हानि है। हमलोग देख रहे है कि दिन प्रतिदिन हमारे आस पास दुर्घटनाएं होते रहती है इस लिए आपलोग होनहार विद्यार्थी है इसलिए घर में और आस पास जितने भी लोग नशापान करते है उसको समझाइये और नशा से दूरी बनाने को कहिये। इस मौके पर सुरसांग पुलिस , शिक्षक और विद्यार्थी मौजूद थे।

लोहरदगा में अंतर जिला फुटबॉल टूर्नामेंट शुरू

लोहरदगा। झारखंड फुटबॉल एसोसिएशन के द्वारा सीनियर अंतर जिला फुटबॉल टूर्नामेंट लोहरदगा में होगा। टूर्नामेंट को 8 जोन में बांटा गया है जिसमें से एक जोन लोहरदगा को प्राप्त हुआ । लोहरदगा में खेले जाने वाले मैच में रांची, लोहरदगा और गुमला जिला को रखा गया है । लोहरदगा जिला फुटबॉल संघ के तत्वाधान में प्लस टू नदिया हिंदू हाई स्कूल के मिनी स्टेडियम में लोहरदगा एकादश बनाम गुमला एकादश मैच का शुभारंभ मुख्य अतिथि लोहरदगा अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल ने किया । चैंपियनशिप मैच में गुमला 2-1 से विजयी हुआ । मैच प्रारंभ होने से पूर्व मुख्य अतिथि के द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि अरविंद कुमार लाल ने कहा कि लोहरदगा में अंतर जिला फुटबॉल चैंपियनशिप का आयोजन होना गर्व की बात है । इस तरह का खेल का आयोजन होने से लोहरदगा के खिलाड़ियों को बहुत कुछ सीखने का मौका मिलेगा ।ऐसे भी लोहरदगा में फुटबॉल खेल के प्रति लोगों में काफी जुनून रहता है। खेल के माध्यम से भी हम अपने जीवन के लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं उसके लिए हमें प्रतिबद्धता के साथ खेलना होगा । मुख्य अतिथि ने यहां पर आए सभी खिलाड़ियों की उज्जवल भविष्य की कामना की ।मौके पर विशिष्ट अतिथि कांग्रेस नेता आलोक कुमार साहू ,जाहिद अहमद ,अभिनव सिद्धार्थ ,मनोज भगत ,साजिद अहमद चंगू,वीरेंद्र यादव तबारक अंसारी ,कार्तिक कुजुर ,अमिदक साहू ,अनिल उरांव बिगन महतो, फूलदेव उरांव, गुड्डू, महेश वर्मा ,आरिफ ,संजय भगत, मैच कमिश्नर नवीन जयदीप मुंडी, रेफरी करण हसदा, अकाश राऊत, मतला सोरेन ,रोशन मुंडा सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

गढ़वा से जोहार यात्रा शुरू करेंगे सीएम

गढ़वा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरन जोहार यात्रा का शुभारंभ गढ़वा जिला से करेंगे। कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए शनिवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा की बैठक मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के आवास पर हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में लोग की उपस्थिति, झंडा, पोस्टर, बैनर, प्रचार-प्रसार आदि का निर्णय लिया गया। बैठक में मुख्य से जिला अध्यक्ष तनवीर आलम खान, जिला सचिव मनोज ठाकुर, नीतेश सिंह, ताहिर अंसारी, मेदिनी खान, जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी, सत्यनारायण यादव, पिंकी केशरी, नीरज तिवारी, विनोद चन्द्रवंशी, फुजैल अहमद, कंचन साहू, शरीफ अंसारी, अरविन्द यादव, दिनेश गुप्ता, राज किशोर यादव, इरफान असारी, कामेश्वर चैधरी, आलमगीर अंसारी, भोलू, सूरज चन्द्रवंशी, नवीन तिवारी आदि उपस्थित थे।

डीएवी मॉडल स्कूल में मनी पूर्व राष्ट्रपति की जयंती

गढ़वा। शहर के डीएवी मॉडल स्कूल में शनिवार को देष के प्रथम राष्ट्रपति देशरत्न डॉ राजेंद्र प्रसाद की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान विद्यालय के निदेशक सुशील केशरी, प्राचार्य गुलाम सरवर, शिक्षक अंजनी कुमार सिंह, ओम प्रकाश शर्मा, मदन मोहन द्विवेदी, वीरेंद्र कुमार, खुशबू दुबे, आरती देवी, कोमल कुमारी, शिवानी कुमारी, चांदनी कुमारी तथा स्कूल के बच्चों ने डॉ राजेंद्र प्रसाद के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। मौके पर प्रज्ञा राज, भारती कुमारी, निर्मला कुमारी, संजना शर्मा, नंदनी कुमारी, कृष्णा कुमार, सिद्धार्थ कुमार, हर्षित राज, श्वेता, रिया, नीता, खुशी आदि उपस्थित थे।

कुशाग्र बुद्धि के थे राजेंद्र प्रसाद : अमित

गढ़वा। उमेश सिंह एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा संचालित ज्ञान निकेतन पब्लिक स्कूल बेलचंपा में शनिवार को देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद की 138वीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के निदेशक अमित कुमार सिंह बाबुल तथा प्रधानाचार्य ओम प्रकाश मिश्रा ने देश के प्रथम राष्ट्रपति के चित्र पर माल्यार्पण कर तथा दीप जलाकर किया। निदेशक ने कहा कि डॉ राजेंद्र प्रसाद का आजादी की लड़ाई में महत्वपूर्ण योगदान था। वे कुशाग्र बुद्धि के थे तथा हमेशा अव्वल रहे। मौके पर विद्यालय के वरीय शिक्षक शैलेश चैबे, अजीत तिवारी, नंदकुमार, पियूष पांडेय, गीता पांडेय, मधु चैबे, प्रतिभा चैबे, प्रतिमा कुमारी, अब्दुल लतीफ, विकास दीप चैबे सहित काफी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

भवनाथपुर : सड़क हादसे में चार घायल

भवनाथपुर। श्री बंशीधर नगर मुख्य पथ के नेपालखोह में ऑटो व पशु के बीच हुई टक्कर में पशु की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि ऑटो पर सवार चार लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। उसी रास्ते से गुजर रहे विधायक भानु प्रताप शाही ने इसकी सूचना थाना को दी। मौके पर पहुंचे पुलिस इंस्पेक्टर चंदन कुमार सिंह, थाना प्रभारी सतीश कुमार महतो के सहयोग से विधायक ने अपने निजी वाहन एवं एम्बुलेंस से धायलों को भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थकेन्द्र में प्राथमिक उपचार के लिए भर्ती कराया। जहां आयुष चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद दो लोगों को सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया। घायलों में मकरी धांगरडीहा निवासी बबिन्दर बैठा के पुत्र धीरेंद्र कुमार रजक, अरसली दक्षिणी बाघमनवा निवासी दिनेष पाल की पत्नी चिंता देवी, छतरपुर निवासी धनंजय सिंह की पत्नी अर्चना देवी व अरसली दक्षिणी हेसलदाग निवासी स्व. राम खेलावन चेरो के पुत्र गुप्तु चेरो का नाम शामिल है। घटना के बारे में घायलों ने बताया कि रांची-चोपन ट्रेन से सभी लोग उतर कर श्री बंशीधर नगर से ऑटो से भवनाथपुर आ रहे थे। ऑटो में लाईट नहीं होने के कारण चालक नेपालखोह के पास एक गाय को टक्कर मारने से अनियंत्रित होकर पलट गई जिससे सभी लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए ।

कांडी : सड़क दुर्घटना में तीन घायल

कांडी। थाना क्षेत्र के मझिआंव-सुंडीपुर मुख्य सड़क स्थित राणाडीह गांव में बाईक सवारों ने एक पैदल चल रहे युवक को पीछे से धक्का मारकर घायल कर दिया। घटना शुक्रवार शाम की है। इस घटना में दोनों बाईक सवार भी घायल हो गये। प्राप्त जानकारी के अनुसार बाईक दो युवक तेज गति से सुंडीपुर की ओर जा रहे थे, तभी राणाडीह गांव में पैदल अपने चाचा के साथ घर जा रहे युवक को पीछे से धक्का मारते हुए बाईक सहित गिर गये। जबकि युवक का चाचा बाल बाल बच गया। घायल युवक राणाडीह गांव का 14 वर्षीय गुलशन कुमार है, जबकि दोनों बाईक सवार मोरबे गांव के बताए जाते हैं। युवक को पैर, चेहरे व सर में चोट है, वहीं बाईक सवारों के भी सर व पैर में चोट है। मौके पर उपस्थित ग्रामीणों ने दोनों घायल बाईक सवारों को मोरबे गांव के ही एक व्यक्ति के माध्यम से इलाज के लिए अस्पताल भेजा, दोनों युवक शराब के नशे में थे।

मनोज को बीपीओ का अतिरिक्त प्रभार

केतार। प्रखंड के बलिगढ़ पंचायत के रोजगार सेवक मनोज कुमार को अतिरिक्त प्रभार के रूप में प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी केतार के रूप नियुक्त किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी मुकेश मछुआ ने पत्राचार के माध्यम से यह उल्लेख किया है कि मनरेगा कार्य हित एवं प्रशासनिक दृष्टिकोण से उक्त रोजगार सेवक को अतिरिक्त प्रभार केतार प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी का दिया गया है। वही तत्कालीन केतार प्रभारी कार्यक्रम पदाधिकारी दीपक जायसवाल को दो दिनों के अंदर बलीगढ़ रोजगार सेवक मनोज कुमार को मनरेगा का संपूर्ण प्रभार देना सुनिश्चित करने और उक्त प्रभारी कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा से संबंधित संपूर्ण कार्य एवं दायित्वों का विधिवत निम्नानुसार ससमय निर्वहन करने का निर्देष दिया गया। बताते चले कि लगभग एक वर्ष पूर्व मनोज कुमार को प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी का पदभार हटाकर रोजगार सेवक दीपक जायसवाल को दिया गया था। लेकिन एक वर्ष के अंदर ही दीपक जायसवाल को हटाते हुए, पुनः दूसरी बार मनोज कुमार को प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी का प्रभार दिया गया।

भद्रकाली कॉलेज का मना 38वां स्थापना दिवस

इटखोरी। भद्रकाली महाविद्यालय का 38वां स्थापना दिवस शनिवार को पूरे धूमधाम के साथ मनाया गया। महाविद्यालय के स्थापना दिवस में स्थानीय विधायक किशुन कुमार दास, जिला परिषद के उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी शामिल हुए। महाविद्यालय के स्थापना दिवस पर कालेज के छात्र छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति भी दी। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक किशुन कुमार दास, जिला परिषद के उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी, संस्थापक सचिव कुमार यशवंत नारायण सिंह, सचिव डा प्रदीप कुमार सिंह, इंटर महाविद्यालय के सचिव श्याम कुमार सिंह, प्राचार्य डा दुलार हजाम ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। तत्पश्चात भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर अतिथियों ने देश के प्रथम राष्ट्रपति की जयंती पर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। महाविद्यालय के स्थापना दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि भद्रकाली महाविद्यालय की वजह से क्षेत्र की बेटियों को उच्च शिक्षा ग्रहण करने में काफी सहूलियत मिली है। जिस उद्देश्य के साथ महाविद्यालय की स्थापना की गई थी वह उद्देश्य लगातार पूरा होते जा रहा है। विधायक ने भद्रकाली महाविद्यालय में भवन के निर्माण के लिए विधायक कोष से आठ लाख रूपया देने की भी घोषणा की। जिला परिषद के उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी ने कहा कि चतरा जिला में भद्रकाली महाविद्यालय की अपनी एक अलग पहचान है। उन्होंने छात्र-छात्राओं से आग्रह किया कि इस महाविद्यालय के अनुशासन को आगे भी बनाए रखें। जिला परिषद के उपाध्यक्ष ने महाविद्यालय के विकास के लिए हर संभव मदद देने का आश्वासन दिया। महाविद्यालय के प्राचार्य डा दुलार हजाम ने 1985 में स्थापित हुए

विधायक ने कॉलेज भवन के निर्माण के लिए आठ लाख दिया

भद्रकाली महाविद्यालय के अब तक के सफर पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय के संस्थापक सचिव कुमार यशवंत नारायण सिंह के प्रयास से इस महाविद्यालय की स्थापना की गई थी। प्राचार्य ने महाविद्यालय के भवन निर्माण को लेकर भूमि दान करने वाले दानदाताओं को भी याद किया। इससे पूर्व महाविद्यालय परिवार ने आगंतुक अतिथियों का माला पहना कर अभिनंदन किया। महाविद्यालय के स्थापना दिवस के कार्यक्रम में जिला परिषद की सदस्य सरिता देवी, प्रखंड बीस सूत्री समिति के अध्यक्ष जागेश्वर यादव, इंटर महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य रियाजुद्दीन अंसारी, देव कुमार सिंह, पूर्व मुखिया अमित कुमार सिंह, इंटक नेता पवन शर्मा, मृत्युंजय सिंह, डोमन राणा, राजेंद्र राम आदि उपस्थित थे।

खेल से युवाओं का होता है विकास : नरेश प्रसाद सिंह

खबर मन्त्र संवाददाता

स्व. रामप्रसाद सिंह मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट शुरू

कांडी(गढ़वा)। हरिगावां बस स्टैंड खेल मैदान में शनिवार को स्व. रामप्रसाद सिंह मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट शुरू हुआ। मैच में डाला कला की टीम ने गरदाहा की टीम को 28 रनों से पराजित कर दिया। मुख्य अतिथि विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के समाजसेवी सह राजद नेता नरेश प्रसाद सिंह ने स्व. राम प्रसाद सिंह की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया। वहीं लमारी कला पंचायत की मुखिया शशि कुमारी के प्रतिनिधि रिंकू सिंह व कमेटी के सदस्यों ने माल्यार्पण कर मुख्य अतिथि का स्वागत किया। साथ ही अंगवस्त्र प्रदान कर कमेटी की ओर से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने फीता काटकर मैच का उद्घाटन किया। मुख्य अतिथि ने दोनों टीम के खिलाड़ियों से एक-एक कर परिचय प्राप्त किया। इसके बाद प्रखंड प्रमुख सत्येंद्र कुमार पांडेय उर्फ पिंकू पांडेय ने बॉलिंग किया। जिस पर राजद नेता नरेश प्रसाद सिंह व 20 सूत्री अध्यक्ष चंद्रशेखर उपाध्याय उर्फ विकास उपाध्याय ने बेहतरीन शॉर्ट खेला।

मुख्य अतिथि श्री सिंह ने कहा कि खेल से युवाओं का सर्वांगीण विकास होता है। आज खेल में बेहतर से बेहतर करियर बनाने का विकल्प मौजूद है। जिसके लिए आप ईमानदारी से प्रयास करें। उन्होंने खेलों के विकास के लिए अपने मिशन जन कल्याण के तहत निजी राशि से सभी सात प्रखंडों में दर्जनों अच्छे खेल मैदानों का निर्माण कराया है। आगे भी आपके उत्तरोत्तर विकास के लिए वे सदा आपके साथ हैं। मौके पर कांडी दक्षिणी भाग संख्या 05 की जिला परिषद सदस्य नेहा कुमारी, कमेटी के अध्यक्ष सामाजिक कार्यकर्ता विपुल सिंह, कांडी उत्तरी भाग संख्या 04 के जिला परिषद सदस्य सुषमा कुमारी के प्रतिनिधि दिनेश कुमार, दक्षिणी भाग 05 के जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि सुजीत कुमार, उप प्रमुख नारायण यादव, युवा संघर्ष सेना के केंद्रीय सचिव अविनाश कुमार, कमेटी के कोषाध्यक्ष प्रिंस सिंह, सचिव शैलेश कुमार, संचालक राजा सिंह, डॉ रामजन्म प्रसाद, डॉक्टर दिनेश पासवान, पिंकू सिंह, बबलू सिंह, अम्पायर पींकू पासवान, सूरज पासवान, स्वयंसेवक सुनंद कुमार, विश्वनाथ चन्द्रवंशी, अक्षयवर चन्द्रवंशी, राजगृही प्रसाद सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

चार हजार छात्रों ने दी संस्कृत की परीक्षा

गढ़वा। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में शनिवार को पूरे गढ़वा जिले में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन किया गया। गढ़वा शहर के विभिन्न सरकारी व निजी विद्यालयों के अलावे मेराल, रमना, विशुनपुरा, नगर उंटारी, मझिआंव, बरडीहा आदि प्रखंडों को मिलाकर इस परीक्षा में करीब 4000 विद्यार्थी शामिल हुए। कुल 34 विद्यालयों के लिए जिले भर में 21 परीक्षा केंद्र बनाये गये थे। सभी विद्यार्थियों ने ओएमआर सीट के माध्यम से परीक्षा दी। परीक्षा के दौरान गायत्री परिवार के जिला समन्वयक विनोद पाठक एवं भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा समिति गढ़वा के जिला संयोजक संजय सोनी ने विभिन्न केंद्रों पर पहुंचकर परीक्षा का जायजा लिया। जिला संयोजक संजय सोनी ने बताया कि यह परीक्षा आज के दिन पूरे झारखंड प्रदेश में एक ही समय में ली गयी है। इसमें कक्षा पांच से 12वीं तक के छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी। सभी कक्षाओं के लिये अलग-अलग प्रश्न पत्र था। श्री सोनी ने बताया कि अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में देशस्तर पर आयोजित की जाती है।

डीसी ने जल जीवन रथ को किया रवाना

चतरा। समाहरणालय परिसर से उपायुक्त अबु इमरान ने जल जीवन मिशन अन्तर्गत जन जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल चतरा अन्तर्गत जल जीवन मिशन योजना के प्रचार-प्रसार हेतु जन जागरूकता रथ जिले के विभिन्न प्रखण्ड अन्तर्गत क्षेत्रों में घूम घूम कर जल जीवन मिशन का व्यापक प्रचार प्रसार कर आमजनों को जागरूक करने का कार्य करेगी। हर घर नल का जल योजना के तहत लाभ के लिए अपनी जल सहिया या अपने पंचायत के मुखिया से संपर्क कर सकते है।

डीसी ने सीसीएल के अधिकारियों के साथ की बैठक: समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष से उपायुक्त अबु इमरान ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से टण्डवा अंचल अंतर्गत संचालित विभिन्न विकास परियोजनाओं की समीक्षा सीसीएल महाप्रबंधक एवं सभी संबंधित पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में मूख्य रूप से ग्रामीणों का विस्थापन, सिमरिया टण्डवा रोड के प्रभावितों का स्थानांतरण, भूमि का सत्यापन, कन्वेयर बेल्ट का निर्माण से संबंधित सर्वे, वनपट्टा एवं रैयतों का भूमि सत्यापन एवं भूमि का एनओसी समेत अन्य मामलों से संबंधित समस्याओं को परियोजना के प्रबंधकों द्वारा ध्यान आकृष्ट कराया गया। उपायुक्त श्री इमरान न सभी कोल परियोजना क्षेत्र में आने वाले भू रैयतों का सभी कागजातों का भौतिक सत्यापन कर स्थानीय लोगों को मुआवजा राशि का भुगतान करने को लेकर निर्देशित गया। साथ ही उन्होंने कहा कि सभी कोल परियोजनाओं में होने वाले हैवी ब्लास्टिंग से पूर्व लोगों को सायरण के माध्यम से सूचना देंगे। साथ ही उन्होंने खनन क्षेत्र के आस पास निवास करने वाले ग्रामीणों को किसी अन्य स्थानों पर बसाने हेतु निर्देशित किया। वनपट्टा, भूमि का सत्यापन, एनओसी समेत अन्य मामलों में आने वाले विवादों को दूर करने के लिए उपायुक्त ने संबंधित परियोजना के प्रबंधकों एवं सभी संबंधित पदाधिकारियों को आपस में समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करने हेतु निर्देशित किया। बैठक में अपर समाहर्ता पवन मंडल, अनुमण्डल पदाधिकारी सिमरिया श्री सुधीर दास,निदेशक डीआरडीए सह जिला कल्याण पदाधिकारी श्री अरूण कुमार एक्का, सीसीएल के मुख्य प्रबंधक , तीनो परियोजनाओं के महा प्रबंधक, टण्डवा अंचल अधिकारी समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

गढ़वा ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में नामांकन कल से

गढ़वा। शहर के नारायणपुर टंडवा स्थित ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल के प्राचार्य पीवी जोसे ने शनिवार को प्रेस वार्ता आयोजित कर बताया कि ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में नए सत्र 2023-24 में नामांकन के लिए आगामी पांच दिसंबर से कक्षा प्री नर्सरी से लेकर कक्षा आठ तक के छात्र छात्राओं का नामांकन प्रारंभ हो जाएगा। प्राचार्य श्री जोसे ने बताया कि पांच दिसंबर से ही बच्चों के नामांकन के लिए रजिस्ट्रेशन फॉर्म उपलब्ध करा दिया जाएगा। तत्पश्चात निर्धारित तिथि को टेस्ट कराकर बच्चों का नामांकन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि विद्यालय में शिक्षण संबंधित सुविधा जैसे कि स्मार्ट क्लास, हाइटेक कंप्यूटर लैब के साथ अत्याधुनिक तकनीक का उपयोग कर छात्र-छात्राओं को बड़े शहरों जैसी सभी सुविधाओं के साथ अंग्रेजी माध्यम में सीबीएसई पैटर्न पर आधारित शिक्षा कुशल एवं अनुभवी शिक्षकों द्वारा दी जा रही है। उन्होंने बताया कि कोविड के दौरान विद्यालय के अनुभवी शिक्षकों के द्वारा ऑनलाइन माध्यम से सभी बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान कराई गई थी। सत्र 2022-23 के सभी छात्र छात्राओं को अपने वर्ग में उपस्थित होकर डिजिटल बोर्ड के माध्यम से उनके पाठ्यक्रम को एनीमेटेड वीडियो एवं प्रैक्टिकल करा कर बच्चों को वैज्ञानिक तरीके से अध्ययन कराया जा रहा है।

दिव्यांग बना हाईकोर्ट में सहायक सेक्शन अधिकारी

उमा शंकर

कोडरमा। आधुनिक युग में निःशक्त लोगों को कमजोर नजर से कुछ लोग देखते हैं, लेकिन इन सबके बीच कुछ ऐसे भी शख्स हैं, जिन्होंने अपनी निःशक्तता को कभी भी अपने ऊपर हावी नही होने दिया, बल्कि उसे हथियार बनाकर, जीवन में सफलता अर्जित करते हुए, बड़े आसनों में बैठ, समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत बने हुए हैं। जिले के दो दिव्यांगों की संघर्ष की कहानी, जिन्होंने अपनी काबिलयत के बल पर न केवल ऊंचे स्थानों में जगह पाने में सफलता अर्जित किया बल्कि वर्तमान समय में निःशक्तों के बीच प्रेरणास्त्रोत बने हुए हैं। कोडरमा प्रखंड के लोचनपुर निवासी रमेश कुमार रजक बचपन से ही 80 प्रतिशत दिव्यांग हैं, झारखंड उच्च न्यायालय रांची में सहायक सेक्शन पदाधिकारी के पद पर कार्यरत हैं। रमेश संघर्ष की दांस्ता सुनाते हुए कहा कि वह जन्म के करीब ढाई वर्ष बाद दोनों पैर से दिव्यांग हो गए, जैसे तैसे बचपन बीतने बाद जब बड़ा हुआ तो अपनी शारिरिक अवस्था देख, अंदर से टूट गया, मगर मेरे माता-पिता ने हौसला बढ़ाया और तब मैंने अपनी दिव्यांगता को हथियार बनाने का फैसला कर, मैट्रिक, इंटर और उसके बाद बीएड व एमए तक कि शिक्षा हासिल किया और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में जुट गया, इस दौरान मैंने सवेरा विकलांग विकास संघ बना कर जिले के दिव्यांगों को जोड़ने का काम किया और उनके हक और अधिकार को लेकर सदैव सक्रिय रहा, इसी दौरान हाईकोर्ट में मेरी पोस्टिंग हो गयी, हालांकि आज भी पढ़ाई जारी है।

दिव्यांग दिनेश की कहानी अलग ट्यूशन पढ़ाकर, बने सहायक शिक्षक : कोडरमा प्रखंड के चिगलाबर निवासी दिनेश यादव बहुत ही गरीब परिवार से आते हैं, उन्होने अपनी संघर्ष की दांस्ता बताते हुए कहा की हमने अपनी दिव्यांगता को अपने ऊपर हावी नहीं होने दिया, बल्कि साहस और धैर्य के साथ इसका मुकाबला किया, बच्चों को ट्यूशन पढ़ाकर, उससे मिले पैसे से उच्च शिक्षा हासिल किया और आज मैं जामताड़ा जिले में सहायक शिक्षक बन अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहा हूं।

बिरजामु के दिव्यांग उमेश जला रहे हैं शिक्षा का अलख : बिरजामु के उमेश कुमार दोनों पैर से दिव्यांग होने के बावजूद भी अपने हौसलों को उड़ान देने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी, आज वे सरकारी शिक्षक बन, ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा का अलख जगा रहे हैं। उमेश बताते हैं कि दिव्यांग होना कोई अभिशाप नहीं है, लेकिन कुछ लोग इसे कमजोरी मान लेते हैं, जो कि गलत है। मैं दोनों पैरों से दिव्यांग होने के बावजूद भी खुद को लक्ष्य से भटकने नही दिया, परिणामस्वरूप गिरिडीह जिले में सरकारी शिक्षक बन बच्चों के बीच शिक्षा का अलख रहे हैं।

एक नजर में

सरस्वती विद्या मंदिर में हिंदी कविता प्रतियोगिता

कोडरमा। कोडरमा स्कूल सहोदया कॉम्प्लेक्स के तत्वाधान में कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर झुमरीतिलैया में अंतर विद्यालय हिंदी कविता वाचन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व शिक्षा मंत्री सह कोडरमा विधायक डॉ. नीरा यादव कार्यक्रम में उपस्थित रहीं। जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में यूको बैंक प्रबंधक झुमरीतिलैया राहुल कुमार गोंड भी उपस्थित रहे। निर्णायक की भूमिका में डॉ. साईं शरण चैबे, डॉ. प्रेमी मोनिका तोपनो और कांति कुमारी ने अपना योगदान दिया। इसमें प्रथम स्थान पर मेरिडियन एकेडमी के छात्र विवेक कुमार यादव रहे, जबकि दूसरे स्थान पर सेक्रेड हर्ट स्कूल की छात्रा माही पांडेय रही, व तृतीय स्थान पर आदर्श प्लस टू उच्च विद्यालय मधवाटांड़ की छात्रा संध्या बिरेल रही। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉ. नीरा यादव ने बच्चों की भूरी-भूरी प्रशंसा की और कहा कि हमारे समाज के निमार्ता गुरुजन हैं, जो समाज को सही दिशा देते हैं। मैं भी एक शिक्षिका रही हूं और इस पेशे के प्रति समाज के दृष्टिकोण से भली-भांति परिचित हूं। वहीं संस्था के सचिव शर्मेंद्र कुमार साहु ने कहा कि सहोदया का उद्देश्य विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करना है। साथ ही इस प्रकार के कार्यक्रमों से उनके अंदर छिपी हुई प्रतिभाओं को बाहर लाना है। कार्यक्रम में प्रमोद कुमार सिंह, अनिल कुमार, अविनाश सेठ, मुस्ताक अहमद, ओपी राय, मकसूद आलम, नितेश कुमार एवं कई विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ-साथ समाज के गणमान्य लोग उपस्थित थे।

कांग्रेस कार्यालय में मनी राजेंद्र प्रसाद की जयंती

कोडरमा। संविधान सभा के प्रथम अध्यक्ष आजाद भारत के प्रथम राष्ट्रपति बहुमुखी प्रतिभा के धनी देशरत्न डॉ. राजेंद्र प्रसाद की जयंती श्रद्धा पूर्वक जिला कांग्रेस कार्यालय पर मनाई गई। जयंती सभा की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष मनोज सहाय पिंकू ने कहा कि सादगी एवं सच्चाई के रूप में संपूर्ण भारत पूर्व राष्ट्रपति को नमन करता है। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में उपस्थित जिप सदस्य लक्ष्मण यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष आशीष पांडेय ने कहा कि एकीकृत बिहार के ग्राम जीरादेई के लाल ने पूरे विश्व में भारत का मान बढ़ाया, जब उन्होंने विश्व के सबसे बड़े संविधान भारत के संविधान के निर्माण में अपना योगदान दिया। वहीं जिला महासचिव संजय सेठ ने डॉ. राजेंद्र प्रसाद को कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में नमन किया। जयंती कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला प्रवक्ता संजय कुमार शर्मा, जिला सचिव अरविंद सेठ, चिकित्सा प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. जितेंद्र, युवा विधानसभा प्रभारी चांद आलम, अल्पसंख्यक जिला सचिव महताब आलम सहित जिला एवं प्रखंड के कांग्रेस जनों ने उपस्थित होकर पुर्व स्वतंत्रता सेनानी पूर्व राष्ट्रपति को उनकी 139वीं जन्म जयंती पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

अलग-अलग हादसे में तीन घायल

कोडरमा। थाना क्षेत्र के दो अलग अलग जगहों में शनिवार को हुए दो सड़क हादसे में तीन लोग घायल हो गए। घटना के सम्बंध में मिली जानकारी के मुताबिक कोडरमा बाजार में सड़क पार करने के दौरान अज्ञात वाहन के चपेट में आने से दो लोग घायल हो गए, घायलों में झुमरीतिलैया निवासी 45 वर्षीय मुरली मोदी पिता रामचन्द्र मोदी और 60 वर्षीय केदार वर्णवाल के नाम शामिल हैं। जबकि दूसरी घटना चांदेडीह के समीप घटित हुआ, यहां दो बाइक के बीच हुए टक्कर में एक बाइक सवार चांदेडीह निवासी 35 वर्षीय दिनेश यादव पिता खूबलाल यादव घायल हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से तीनों घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा गया।

बच्चों का लिया गया सप्ताहिक टेस्ट

कोडरमा। जिले के विभिन्न सरकारी स्कूलों में प्रोजेक्ट रेल के तहत सप्ताहिक टेस्ट परीक्षा का आयोजन किया गया, जिसमे कक्षा नवम और दशम वर्ग के छात्र छात्राएं बड़ी संख्या में शामिल हुए। वहीं शनिवार को लिए गए टेस्ट परीक्षा में हिंदी और विज्ञान विषय की परीक्षा ली गयी। गौरतलब हो कि जिले में शैक्षणिक व्यवस्था को दुरुस्त करने और शतप्रतिशत बेहतर रिजल्ट को लेकर उपायुक्त आदित्य रंजन के नेतृत्व में प्रोजेक्ट रेल चलाया जा रहा है, इस प्रोजेक्ट के माध्यम से जिले के सरकारी स्कूलों के कक्षा षष्ठ से लेकर 12वीं तक के छात्र छात्राओं का सप्ताहिक टेस्ट परीक्षा लिया जा रहा है। पिछले वर्ष इस प्रोजेक्ट के कारण मैट्रिक और इंटर की परीक्षा में कोडरमा जिले का रिजल्ट पूरे राज्य में अव्वल रहा था।

घरों का गंदा पानी सड़क पर बहा रहे ग्रामीण

जयनगर (कोडरमा)। प्रखंड अंतर्गत परसाबाद कटिया पंचायत के वार्ड संख्या 10 में हरेंद्र विश्वकर्मा के घर से रेलवे फाटक तक नाली नहीं रहने के कारण घर का गंदा पानी सड़क पर बहता रहता है, जिससे क्षेत्र के लोगों में काफी रोष है एवं लोगों में हमेशा टकराव की स्थिति बनी रहती है। इस समस्या को लेकर कटिया पंचायत की उप मुखिया नीलू कुमारी से पूछने पर उन्होंने बताया कि उच्च पदाधिकारियों से नाली निर्माण की मांग की गयी है ताकि क्षेत्र के लोगों को इस समस्या से निजात मिल सके। वहीं अविनाश भदानी, गोविंद बिहारी, रामकिशुन राम, पवन गुप्ता, पियूष भदानी, अशोक भदानी, बिंदेश्वरी बिहारी, संजय बिहारी, सुभम भदानी, रणधीर शर्मा, रोहित पासवान आदि ग्रामीण ने जल्द से जल्द नाली निर्माण की मांग की है।

24 घंटे अखंड रामायण पाठ हुआ शुरू

जयनगर (कोडरमा)। प्रखंड अंतर्गत अंबाडीह निवासी बिरेंद्र राणा के आवास में 24 घंटे का अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया गया। जिसमें बसंत शास्त्री आचार्य एवं विष्णुकांत शास्त्री के द्वारा मंत्र उच्चारण कर अखंड रामायण पाठ किया गया और शुक्रवार को पाठ की समाप्ति की गई। अखंड रामायण पाठ के माध्यम से कैलाश शर्मा, सिकंदर यादव, राम सिंह ने पूरे गांव के लोगों को झुमाया एवं पूरा गांव भक्ति मय हो गया। मौके पर जितेंद्र राणा, जुगल साव, नरेश शर्मा, संती देवी, विसनी मसोमत, बासुदेव राणा, रमेश राणा, कृषि राणा आदि ग्रामीण मौजूद थे।

स्कॉर्पियो ने पेड़ में मारी टक्कर, दो घायल

जयनगर (कोडरमा)। गरचांच पेट्रोल पंप के समीप बीती रात लगभग दो बजे अनियंत्रित स्कॉर्पियो जेएच/12के/7351 ने पेड़ में जोरदार टकर मार दी। जिसमें दो लोग घायल हो गये। वहीं घायलों की पहचान पूर्वी जिप सदस्य केदारनाथ यादव के पुत्र 26 वर्षीय नितीश यादव एवं अर्जुन यादव के पुत्र 28 वर्षीय सुजीत यादव रूपयडीह निवासी के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार दोनों युवक शादी समारोह से घर वापस लौट रहे थे। इसी दौरान गरचांच पेट्रोल पंप के नजदीक स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकरायी। वहीं ग्रामीणों द्वारा थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार सिन्हा को सूचना दी गई, तत्पश्चात अपने दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचकर घायलों को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

स्पीड न्यूज

संत जेवियर्स ग्यारवा वार्षिक महोत्सव मनाया गया

लातेहार। जिला के महुआडाड संत जेवियर्स महाविद्यालय महुआडांड़ का ग्यारवा वार्षिक महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। महाविद्यालय का स्थापना सुदूर जनजातीय क्षेत्र में उच्च शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से सोसाइटी ऑफ जीसस के द्वारा वर्ष 2011 ईस्वी में किया गया था। बहुत ही कम समय में इस कॉलेज ने नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय के टॉप में अपने को स्थापित किया है। संत जेवियर्स महाविद्यालय को यूजीसी, नैक के द्वारा 2018 ईस्वी को बी ग्रेड प्रदान किया गया है। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि मनिका विधायक रामचंद्र सिंह, नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. राम लखन सिंह, विशप थिओडर मैक्रनेश, एसडीपीओ राजेश कुजुर, बीडीओ आमरेन डांग, उपप्रमुख अभय मिंज और साथ में प्राचार्य फादर डॉ. एम के जोस ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य ने पुष्पगुच्छ और मोमेंटो प्रदान कर अतिथियों का सम्मान किया। समारोह के अंत में धन्यवाद ज्ञापन वाइस प्रिंसिपल सिस्टर कैसलीन जूलियट ने किया। उन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए प्राचार्य महोदय, महाविद्यालय प्रशासन, सभी प्राध्यापको, कर्मचारियों और विद्यार्थियों को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम का सफल संचालन श्रेया कुमारी, निशा, सुष्मिता, पेट्रस आईद, स्टीवन मुंजनी और नीलगगन ने किया।

गुरुकुल एकेडमी में मनाया गया डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद का जन्मदिन

बालूमाथ। बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित गुरुकुल एकेडमी नामक शिक्षक संस्थान में एक कार्यक्रम आयोजित कर पूर्व राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद की जयंती मनाई गई। मौके पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। मौके पर बोलते हुए गुरुकुल एकेडमी के व्यवस्थापक अजीत ओझा ने डॉ. राजेंद्र प्रसाद के जीवनी पर प्रकाश डाला। मौके पर जयंती के उपलक्ष्य में बच्चों के बीच भाषण प्रतियोगिता और और पेंटिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पाने वाले छात्रों को संस्था के संचालक विनोद राय द्वारा पुरस्कृत किया गया। मौके पर प्रधानाचार्य रंजन कुमार, दीपू सिंह, अनुज प्रताप, मनराज तुरी, रेखा सिंह, गायत्री कुमार, प्रियंका कुमारी सहित सैकड़ों छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

पेड़ से गिरकर घायल, रिम्स रेफर

बालूमाथ। बालूमाथ थाना क्षेत्र अंतर्गत झाबर ग्राम में मवेशी के लिए पेड़ में चढ़कर पत्ता तोड़ने के क्रम में एक व्यक्ति गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के संबध में मिली जानकारी के अनुसार प्रभु प्रजापति उम्र 54 वर्ष पिता स्व. बिनेश्वर प्रजापति अपने मवेशी के लिए जंगल मे पत्ता तोड़ने गया हुआ था। जहां सखुआ के पेड़ पर चढ़कर पत्ता तोड़ने के क्रम में वह गिर पड़ा और गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद परिजनों ने उसे बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ईलाज के लिए लाया। जहां डॉक्टर सुरेश राम द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर ईलाज के लिए उसे रिम्स रेफर कर दिया गया। वही घायल व्यक्ति के सर व शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आई है।

अंचलाधिकारी ने किया बैठक

बैठक करते अधिकारी।

लातेहार। अंचल कार्यालय लातेहार में शनिवार को अंचलाधिकारी रूद्रप्रताप ने अंचल कर्मियों के साथ समीक्षा बैठक किया। बैठक में राजस्व उप निरीक्षक, अंचल निरीक्षक, अंचल अमीन एवं कंप्यूटर ऑपरेटर के साथ नामांतरण, उतराधिकारी, आपसी बटवारा नामांतरण, सीमांकन, राजस्व संग्रहण, जनता दरबार एवं अंचल से संबंधित सभी कार्यों का समीक्षा सीओ के द्वारा किया गया व कर्मियों को ससमय सभी कार्यो का निष्पादन करने हेतु निर्देश दिया गया।

शिविर का आयोजन पांच को

बारियातू। प्रखंड अंतर्गत फुलसू पंचायत सचिवालय परिसर मे बिरहोर आदिम जनजाति परिवार की मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने को लेकर पांच दिसंबर को शिविर का आयोजन किया जायेगा। उपरोक्त सम्बंध मे जानकारी देते हुए बीडीओ दीपाली भगत ने बताई की बिरहोर आदिम जनजाति परिवार का आधार कार्ड, वोटर आईडी कार्ड, राशन मे नाम जोड़वाने सहित अन्य मूल सुविधा के लिए पांच दिसंबर को एक शिविर का आयोजन किया जायेगा। शिविर मे बिरहोर आदिम जनजाति की सहयोग के लिए प्रखंड कर्मी पंचायत प्रतिनिधि सहित अन्य विभाग के कर्मी उपस्थित रहेंगे।

दिव्यांगता को बांटे गये ट्राइ साइकिल

लातेहार। विश्व दिव्यांगता दिवस पर शनिवार को प्रखंड सह अंचल कार्यालय मे दिव्यांगों के बीच ट्राइ साइकिलों का वितरण किया गया। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी शेखर कुमार, प्रखंड प्रमुख परशुराम लोहरा, प्रखंड विकास पदाधिकारी मेघनाथ उरांव, अंचलाधिकारी रूद्र प्रताप व दिशा के सदस्य रामदेव सिंह ने दिव्यांगों बीच ट्राइसाइकिलो का वितरण किया। एसडीओ श्री कुमार ने बताया कि विश्व दिव्यांग दिवस के मौके पर कई दिव्यांगों को मतदाता सूची में जोड़ा गया। उन्होने कहा कि सरकार दिव्यांगों के प्रति बहुत ही संवेदनशील है। उन्हें सरकार के द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। मौके पर चमन परिहिया व पंचायत समिति सदस्य नसबुलेन आलम समेत कई लोग उपिस्थत थे।

चकला कोल ब्लॉक के खिलाफ ग्रामीणों का उग्र प्रदर्शन, विरोध जारी

जियोलॉजिकल सर्वे करने गये हिंडालको की टीम को ग्रामीणों ने घंटों बैठाया, प्रशासन ने कराया मुक्त

- बिना ग्रामसभा के अनुमति के किसी प्रकार का कार्य नहीं करने को लेकर कंपनी के अधिकारियों को लिखवाया बॉन्ड
- ग्रामीणों का कहना था कि उनके पूर्वजों ने अपने प्राणों की आहुति देकर जल जंगल और जमीन को सुरक्षित रखा है आज कंपनी उसे लूटना चाह रही है

खबर मन्त्र संवाददाता

चंदवा। चंदवा के चकला में प्रस्तावित हिंडालको चकला कोल माइंस को लेकर विस्थापित हो रहे आधा दर्जन से अधिक गांव के ग्रामीणों का विरोध थमने का नाम नहीं ले रहा है। शनिवार की दोपहर चकला कोल ब्लॉक को लेकर जियोलॉजिकल सर्वे करने गए हिंडालको के जीएम राजीव कुमार समेत हिंडालको की पूरी टीम को चकला, पदुआ, हरैया, बरवाटोली, बहुकुटा, नवाटोली, अर्रडिया टांड समेत चकला राजस्व ग्राम के ग्रामीणों के सैकड़ो की संख्या में ग्रामीणों ने लगभग एक घंटे तक अपने कब्जे में लेते हुए जमकर रोष प्रकट किया। इस दौरान ग्रामीण पारंपरिक हथियार लाठी, डंडा, हसुआ आदि से लैस थे व कंपनी के अधिकारियों को बिना ग्राम सभा के इजाजत के किसी प्रकार के कार्य नहीं करने की नसीहत दे रहे थे साथ ही दलाली से भी बाज आने की बात कहा जा रहा था। विरोध कर रहे ग्रामीण कंपनी के कार्यशैली से काफी आक्रोशित भी नजर आ रहे थे। कई ग्रामीण कंपनी को जमीन देने को भी तैयार नहीं दिख रहे थे। ग्रामीणों का कहना था कि उनके पूर्वजों ने अपने प्राणों की आहुति देकर जल जंगल और जमीन को सुरक्षित रखा है आज कंपनी उसे लूटना चाह रही है।

बिना ग्रामसभा की अनुमति किसी भी प्रकार का कार्य नहीं करने की दी नसीहत

हिंडालको के अधिकारियों के समक्ष विरोध करते ग्रामीण।



हिंडालको के अधिकारी ग्रामीणों के समक्ष लिखा बोंड।

विरोध करते ग्रामीण महिला।

सूचना के बाद पहुंची प्रशासन, समझा-बुझाकर मामला कराया शांत

इधर अधिकारियों के बैठाये जाने की सूचना के बाद चंदवा पुलिस के पदाधिकारी दल बल व जवानों के साथ वहां पहुंचे। ग्रामीणों को समझाकर मामला शांत कराया व हिंडालको के अधिकारियों को सकुशल वहां से निकाला गया। हालांकि ग्रामीणों द्वारा कब्जे में रखे जाने की बात को लेकर पूछे जाने पर हिंडालको के अधिकारी और प्रशासन इंकार कर रहे हैं।

कंपनी के जीएम से लिखवाया बिना ग्राम सभा के इजाजत के बिना प्रवेश नहीं करने का बांड

इस दौरान विरोध कर रहे ग्रामीणों ने हिंडालको कंपनी के जीएम राजीव कुमार, राम गौतम से बिना ग्राम सभा के इजाजत के किसी प्रकार कार्य नहीं करने का बांड भी लिखवाया। बांड में हिंडालको के अधिकारियों से लिखवाया गया है कि हम सभी आश्वस्त कराते हैं कि चकला में किसी भी कार्य को करने से पहले ग्राम सभा में अनुमति लेने के बाद ही गांव में प्रवेश करेंगे। सीएसआर के तहत संचालित होने वाले कार्य को भी ग्राम सभा की इजाजत के बाद ही किया जाएगा।

आखिर क्यों खफा हैं ग्रामीण

बता दें कि चंदवा की धरती पर आज से लगभग एक दशक पूर्व 2-2 पावर प्लांट अभिजीत व एस्सार पावर स्थापित हो रहा था। लेकिन कोल आवंटन रद्द होने के बाद दोनों प्लांटों पर ग्रहण लग गया। लंबे समय तक बंद रहने के बाद दोनों प्लांट आज लिक्विडेशन (परिसमापन) की प्रक्रिया में चला गया है। जिसके बाद दोनों प्लांटों को स्क्रैप घोषित कर बैंक के कर्ज भुगतान को लेकर स्क्रैप की नीलामी कर दी गई है। दोनो प्लांटों से कई चरणों में अब तक स्क्रैप का उठाव भी हो चुका है। दोनों प्लांटों को लेकर स्थानीय रैयतों द्वारा जमीन दिए जाने के बाद ग्रामीण अपनी जमीन से बेदखल तो हो ही गए हैं साथ ही उन्हें न ही नौकरी मिली और ना ही उनका भविष्य सांवरा। अब चकला में कोल ब्लॉक आवंटित होने के बाद ग्रामीणों के एक बार फिर से विस्थापन का डर सताने लगा है और वे लगातार इसका विरोध करते देखे जा रहे हैं।

युवक की कुएं में डूबने से संदेहास्पद मौत

गंगानगर रांची का है मृतक मुकेश साहू, पिता ने जताई हत्या की अशंका

खबर मन्त्र संवाददाता

चंदवा। थाना क्षेत्र अंतर्गत नगर मंदिर के समीप चारदीवारी के अंदर स्थित कुएं में डूबने से गंगानगर रांची निवासी मुकेश साहू (28 वर्ष) पिता उमेंद्र प्रसाद साव की मौत हो गयी। मुकेश साहू रांची सुखदेव नगर से विवाह समारोह में शामिल होने नगर मंदिर आया हुआ था। मृतक के पिता उमेंद्र प्रसाद साव ने बताया कि उनका बेटा वैवाहिक कार्यक्रम में नगर आया था, देर रात्रि करीब 3 बजे उनके फोन पर सुचना मिली कि उनके कुएं में गिर गया है जिससे उसकी मौत हो गयी है। मृतक के पिता ने हत्या का अंदेशा जताते हुए कहा कि कुएं में धक्का देकर उनके बेटे की हत्या की गई है। उनका बेटा आत्महत्या नही कर सकता है उससे दो छोटे-छोटे बच्चे हैं। पिता ने मंदिर प्रांगण व आसपास लगे सीसीटीवी की जांच करने मांग प्रशासन से की है। इधर घटना के संबंध में बताया जाता है कि नगर में उपेंद्र सिंह की पुत्री के वैवाहीक कार्यक्रम चल रहा था, इसी दौरान मृतक अपने दोस्तों के साथ शराब का अत्यधिक सेवन किया था, जिसके बाद कुछ लोगो के साथ नोक झोंक व कहा सुनी होने के बाद वह गुस्से में वहां से निकल गया। कुछ देर बाद पास ही स्थित कुएं से चिल्लाने की आवाज आने के बाद लोग वहां पहुंचे व उसे बचाने का प्रयास भी किया, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। इधर घटना की सूचना के बाद शनिवार की सुबह चंदवा पुलिस घटनास्थल पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लिया व अन्तःपरिक्षण के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। पुलिस मामले में सभी बिंदुओं को ध्यान में रखते हुए जांच पड़ताल कर रही है। बता दें कि मृतक अपने पीछे दो मासूम बच्चों को छोड़ गया, वहीं पत्नी भी गर्भवती है। मुकेश के असामयिक मौत के बाद परिजनों पर दुःखों का पहाड़ टूट गया है।

मृतक व्यक्ति।

सड़क दुर्घटना में चार घायल

बालूमाथ। बालूमाथ थाना क्षेत्र में हुई दो अलग-अलग सड़क दुर्घटना में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पहली घटना बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित ब्लॉक कॉलोनी निवासी पप्पू चौबे के घर के पास घटी। जहां दो बाइक सवारों में हुई आमने-सामने टक्कर में तीन लोग घायल हो गए। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मिथिलेश यादव 20 वर्ष पिता नरेश यादव और शांति देवी 45 वर्ष पति प्रेम साव दोनों ग्राम बेलवाडीह थाना बालूमाथ निवासी दोनो बाइक में सवार होकर अपने घर से बालूमाथ आ रहे थे। वही नंदकिशोर साहू 60 वर्ष पिता स्व. शीतल साव बालूमाथ निवासी अपने घर से बाईक में तेल लेने मुरपा रोड़ स्तिथ साहू पेट्रोल पंप जा रहा था। इसी दौरान ब्लॉक कॉलोनी निवासी पप्पू चौबे के घर के पास दोनो बाइक सवार में टक्कर हो गई। जिसमें तीनो घायल हो गए स्थानीय लोगों के सहयोग से सभी घायलों को बालूमाथ समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर सुरेश राम की देखरेख में घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया। जिसमें शांति देवी को सर में चोट लगने के कारण और नन्दकिशोर यादव दाहिना हांथ में फ्रेक्चर होने के कारण रिम्स रेफर किया गया। वही दूसरी घटना में विकाश उरांव 28 वर्ष पिता बीफा उरांव एकचटीया गणेशपुर थाना बालूमाथ निवासी बाईक से बालूमाथ से अपने घर वापस एकचटीया जा रहा था। इसी दौरान रामघाट नदी के पास एक अज्ञात वाहन ने अनियंत्रित होकर पीछे से बाइक टक्कर मार दी और फरार हो गया। दुर्घटना में विकाश उराँव गंभीर रूप से घायल हो गया।

एक नजर में

भूमि पूजन में शामिल हुए विधायक बैद्यनाथ राम

भूमि पूजन में उपस्थित विधायक बैद्यनाथ राम।

लातेहार। जिला अंतर्गत हेटलोटो ग्राम में शिव मंदिर निर्माण हेतू भूमि पूजन किया गया। जिसमें लातेहार विधायक बैद्यनाथ राम उपस्थित रहे। तत्पश्चात शिव मंदिर निर्माण के लिए पूरी विधि विधान के साथ भूमि पूजन का कार्य श्रद्धापुर्वक संपादित किया गया। मौके पर मौजूद लोगों ने संकल्प लिया कि इस मंदिर का निर्माण कार्य अविलंब पुरा किया जायेगा। वहीं पूजन के दौरान विधायक श्री राम ने कहा कि इस स्थल पर भगवान शिव की मंदिर बनने से आस-पास के लोग लाभान्वित होंगे। उन्होंने कहा कि मंदिर के निर्माण से ही धर्म की रक्षा और राष्ट्र का उत्थान होता है। इस मौके पर जिला परिषद् अध्यक्ष पूनम देवी, सांसद प्रतिनिधि मुकेश पाण्डेय, युवा नेता अंकित पाण्डेय, रामानुज तिवारी, दीपक कुमार, तोहिद खान, मनीष तिवारी, राजू विश्वकर्मा, मुकेश तिवारी, भोला प्रजापति समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे।

बनवारी साहू महाविद्यालय में वार्षिक खेल का आयोजन

लातेहार। बनवारी साहू महाविद्यालय में वार्षिक खेल महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन नगर पंचायत अध्यक्ष सीतामणी तिर्की, महाविद्यालय शासी निकाय सचिव अंजू गुप्ता एवं प्राचार्य प्रो. प्रदीप कुमार तिवारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्साह के साथ इस खेल महोत्सव में भाग लिया। खेल की शुरूआत छात्रो द्वारा 100 मीटर दौड़ के साथ हुआ। इस खेल कार्यक्रम में 100,200,400 मीटर छात्र 100,200,400 मीटर व हाईजम्प, लांग जम्प, खोखो बैडमिंटन, फूटबॉल, शतरंज आदि इण्डोर एवं आउटडोर विभिन्न खेलो का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय के प्रो. सुरेश प्रसाद, प्रो. रवीन्द्र कुमार, प्रो. शत्रुघ्न मेहता, प्रो. बैद्यनाथ महतो, प्रो. नरेश कुमार पांडेय, प्रो. सीमा, प्रो. हरि प्रसाद सिंह, प्रो. ओम प्रकाश गुप्ता, प्रो. संजीत प्रसाद, प्रो. तुलेश्वर कुमार उरांव, प्रो. रंजीत कुमार, प्रो. इसरत बानो, प्रधान सहायक रेणु कुमारी, शिव कुमार तिवारी, गंगोत्री देवी, ज्योति कुमारी, सरोज केरकेट्टा, वृज किशोर प्रसाद, अनुपम कुमार मिश्रा, अमरेश कुमार पांडेय, विकाश कुमार, चंदन कुमार, अर्चना चौरसिया, आदेशपाल राजेश कुमार गुप्ता, मो. इन्तेसार अहमद, चंदा रानी गुप्ता, विरेन्द्र उरांव, अनिल कुमार प्रसाद, सुनिता गुप्ता समेत महाविद्यालय के कर्मी उपस्थित थे।

कुंरूद हत्या कांड का तीसरा आरोपी भी गिरफ्तार

जानकारी देते थाना प्रभारी आशुतोष यादव।

महुआडांड़। शनिवार को कुंरूद हत्याकांड के फरार आरोपी अतुल बाड़ा को महुआडांड़ थाना प्रभारी अशुतोष यादव के नेतृत्व में गिरफ्तार करके लातेहार जेल भेज दिया गया। महुआडांड़ थाना क्षेत्र के कुंरूद गांव से 30 नवंबर बुधवार को पुलिस ने दफनाया हुआ युवक का शव निकाला था। जिसकी पहचान अनुप मिंज उम्र 25 वर्ष जिला गुमला के ग्राम परकला निवासी के रूप में हुई थी। जहां चारलेश बाड़ा व मरियम कुजूर 1 दिसंबर को गिरफ्तार कर लातेहार जेल भेज दिया गया। एवं फरार अभियुक्त की गिरफ्तारी को लेकर महुआडांड़ थाना पुलिस छापामारी अभियान चला रही थी। इस छापामारी अभियान में केश अनुसंधानकर्ता पुआनि राकेश कुमार राम, पुआनि संजय रत्न एवं पुलिस बल मौजूद थे।

नेतरहाट आवासीय विद्यालय मे मनाई गई भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद जी की जयंती

कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षकों, प्रशिक्षकों एवं छात्र।

लातेहार। जिला के महुआडाड प्रखण्ड अंतर्गत नेतरहाट आवासीय विद्यालय मे विद्यालय के सभी शिक्षकों, प्रशिक्षकों एवं छात्रों की उपस्थिति मे भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद जी की जयंती पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें याद किया। इस अवसर पर विद्यालय के वरीय शिक्षक सह प्रभारी प्राचार्य डॉ पासवान के अलावा विद्यालय के सभी शिक्षक, प्रशिक्षक एवं छात्र उपस्थित थें। इस अवसर पर विद्यालय सम्मेलन भवन में प्रतिष्ठापित भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद जी के प्रतिमा पर आज श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें याद किया। साथ ही उनके याद मे विद्यालय परिसर मे वृक्षारोपण का भी कार्य कर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। इस अवसर विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ प्रसाद पासवान, डॉ शिशिर सौरभ, डॉ अभिषेक मिश्रा, मुकेश कुमार, रवीश कुमार, सिल्वेस्टर मुर्मू, अतुल रंजन एक्का, प्रशाशनिक पदाधिकारी रौशन कुमार बक्शी कृषि प्रशिक्षका ममता कुमारी के अलावा विद्यालय वरिष्ठ अधिकारियों ने भी भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद के प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर डॉ. प्रसाद पासवान ने भी लोगों को संबोधित किया।

प्रखंड स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल टूनार्मेंट आयोजित

गारु। प्रखंड अंतर्गत मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल टूनार्मेंट आयोजित किया गया है। यह फुटबॉल टूनार्मेंट 30 नवंबर से 5 दिसंबर तक प्रखंड अन्तर्गत कराया जा रहा है जो तीन दिसंबर को पहला मैच सेमीफाइनल में मायापुर और रूद में खेला गया जिसमें एक गोल से मायापुर टीम की जीत हुई। दुसरी टीम बालिका वर्ग में कोटाम और बारेसाड में कोटाम खेला गया जिसमें दो गोल से जीती। इस पुरे मैच की देख रेख सम्बंधित पंचायत के मुखिया एवं पंचायत सेवक के साथ प्रखंड कर्मियों के मौजुदगी में कि जा रहा है। जिसमें पंचायत सेवक महेशमुंडा, शिवनंदन मुंडा, बालेसर उरांव, सतेन्द्र सिंह, मुखिया- सुभाष कुमार सिंह, अजय टोप्पो, प्रभा देवी, रुपमनी नगेशिया, छंटनी देवी, बीपीओ प्रिंस कुमार, श्याम सागर पांडे, ललन कुमार बलोक बड़ा बाबू मौजूद रहे।

आयुर्वेदिक औषधालय की मरम्मत का कार्य हुआ शुरू

आवश्यक दवाओं के साथ अन्य चिकित्सीय संसाधनों को भी कराया जाएगा उपलब्ध

खबर का असर

- आयुर्वेदिक औषधालय को सर्जरी की जरूरत नामक शीर्षक से प्रमुखता से प्रकाशित की गई थी खबर

खबर मन्त्र संवाददाता

बरवाडीह। खबर मन्त्र में दो सितंबर को आयुर्वेदिक औषधालय को सर्जरी की जरूरत नामक शीर्षक से खबर प्रमुखता से प्रकाशित किए जाने के बाद स्वास्थ्य विभाग की नींद खुली और वर्षो से जर्जर अवस्था में कराह रहे बरवाडीह के आयुर्वेदिक औषधालय की मरम्मती का कार्य नवंबर माह से शुरू करा दिया गया है। गौरतलब है कि यह अस्पताल लगभग चार दशक पहले स्थापित हुआ था और अब कई वर्षों से ढहने के कगार पर पहुंच गया था। भवन की छत प्रतिदिन टूट- टूट कर गिरती रहती थी। बारिश के दिनों में पूरे भवन में पानी टपकता रहता था वहीं भवन की दीवारें सीपेज करती थी। भवन की स्थिति इतनी गंभीर थी की कभी भी कोई अनहोनी घटना घट सकती थी। लेकिन जानकारी के बावजूद विभाग इस समस्या से अनजान बना बैठा हुआ था। स्थानीय मरीजों को हो रही समस्या को देखते हुए खबर मंत्र ने इस मामले को प्रमुखता से प्रकाशित किया था जिसके बाद विभाग हरकत में आया और इसकी सुध ली।

औषधालय की मरम्मती करते मजदूर।

महिला चिकित्सक की हुई नियुक्ति

इधर कुछ दिनों पूर्व विभाग द्वारा एक महिला चिकित्सक को यहां नियुक्त किया गया है। लोगों में उम्मीद जगी है कि भवन की मरम्मती होने के बाद यहां आवश्यक दवाओं के साथ अन्य चिकित्सीय संसाधनों को भी उपलब्ध कराया जाएगा।

क्या कहते है अधिकारी

चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. श्यामनंदन तिवारी ने बताया कि विभाग का निर्देश था कि जो भी मरम्मत कराने लायक बिल्डिंग है। उसकी मरम्मती करा दी जाए। जिसके बाद विभागीय स्तर से भवन की मरम्मती कराई जा रही है। उन्होंने बताया कि औषधालय में मेडिकल ऑफिसर सह सीएचओ शुभांकुर कुमारी को नियुक्त किया गया है। जल्द ही औषधालय में जरूरी दवाएं और स्वास्थ्य सुविधाएं भी उपलब्ध करा दी जाएगी।

विधायक ने महुआडांड़ का किया दौरा, कार्यकर्ताओ संग बैठक की

प्रखंड में हमने हमेशा उस कार्य को कराया है जो औरों के लिए मुश्किल रहता है: रामचंद्र सिंह

खबर मन्त्र संवाददाता

महुआडांड़। स्थानीय विधायक रामचंद्र सिंह ने शनिवार को महुआडांड़ प्रखंड का एकदिवसीय दौरा किया, इस दरम्यान वह महुआडांड़ क्षेत्र के समस्याओं से भी अवगत हुए। अपने एकदिवसीय कार्यक्रम में विधायक ने स्थानीय जिला परिषद डाकबंगला में प्रखंड की समस्याओं से अवगत होने के लिए कांग्रेसी कार्यकर्ताओ और जन प्रतिनिधियों संग बैठक भी की। बैठक से पूर्व ओरसा पंचायत की मुखिया अमृता देवी के नेतृत्व में ओरसा के दर्जनों ग्रामीणों ने विधायक को पुष्प गुच्छ देकर और माला पहना सम्मानित किया,साथ ही झारखंड सरकार द्वारा ओरसा रोड निर्माण की मंजूरी दिलवाने पर आभार व्यक्त किया और अपने पंचायत में आने का निमंत्रण दिया और ओरसा पंचायत की अन्य समस्यायों से रूबरू कराया। बैठक में मुखिया संघ ने भी अपनी समस्यायों को लेकर विधायक को ज्ञापन सौंपा और बताया कि प्रखंड में विकास योजनाओ में जन प्रतिनिधियों को दरकिनार किया जाता है साथ ही एनजीओ द्वारा बिना जन प्रतिनिधियों को जानकारी दिए ही कार्य शुरू कराने का आरोप लगाया और इसपर उचित कारवाई की मांग की मुखिया संघ ने प्रखंड आवास कार्डिनेटर पूनम ठिठियो को हटाने की भी मांग की जिसपर विधायक ने मौके पर ही बीडीओ को फोन लगा कॉर्डिनेटर को हटाने को कहा। बैठक में अधिकतर लोगो ने महुआडांड़ में जलमीनार से पानी सप्लाई शुरू कराने पर विधायक का ध्यान आकृष्ट कराया, जिसपर विधायक ने दूरभाष से पी एच डी विभाग के अधिकारियों को सभी समस्यायों को दूर कर एक माह के भीतर पानी सप्लाई शुरू करने का निर्देश दिया। इस मौके पर विधायक श्री सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि उन्होंने प्रखंड में हमेशा उस कार्य को कराया है जो मुश्किल रहता है, ओरसा पथ की तरह ही उन्होंने अपने विधायक कोटा से प्रखंड में सर्वप्रथम बिजली लाने का कार्य किया था। आज लोग हमारे कराए गए कार्य का क्रेडिट खुद लेना चाहते हैं लेकिन महुआडांड़ की जनता सबसे शिक्षित है और वह सब जानती है। वही इस मौके पर प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष रिडोल्फ, प्रमुख कंचन कुजूर, उप प्रमुख अभय मिंज, वरिष्ठ नेता कामेश्वर प्रसाद यादव, इफ्तेखार अहमद, अजित पाल कुजूर,आजाद अहमद, मुखिया रेणु तिग्गा, सुषमा कुजूर, उषा खलखो समेत कई लोग मौजूद थे।

बैठक करते विधायक।

उपायुक्त ने किया वॉक टू फ्रीडम रैली को रवाना

विश्व दिव्यांग दिवस

खबर मन्त्र संवाददाता

धनबाद। विश्व दिव्यांग दिवस के मौके पर बेकारबांध स्थित विशेष बच्चों के स्कूल जीवन ज्योति व रोटरी क्लब ऑफ धनबाद द्वारा आयोजित कार्यक्रम में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी श्री संदीप सिंह ने वॉक टू फ्रीडम रैली को झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली को रवाना करने के बाद उपायुक्त ने कहा कि दिव्यांग बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए समय-समय पर कई कार्यक्रम किए जाते रहे हैं। विश्व दिव्यांग दिवस के मौके पर जीवन ज्योति स्कूल के संचालक, रोटरी क्लब ऑफ धनबाद के पदाधिकारियों को उनकी ओर से ढेर सारी शुभकामनाएं है। वे जिस तरह से समाज में दिव्यांग बच्चों के हित में लगातार प्रयासरत रहते हैं, वह निःसंदेह काबिले तारीफ है। इसी कड़ी में अन्य स्कूली बच्चे भी आज जीवन ज्योति स्कूल के बच्चों के साथ कदम मिलाकर रैली में शामिल हुए हैं। इससे समाज में लोगों के बीच सकारात्मक संदेश जाएगा।रैली जीवन ज्योति स्कूल से निकलकर सदर अस्पताल के लिए रवाना हुई।

कार्यक्रम में थे मौजूद

कार्यक्रम में रोटरी क्लब ऑफ धनबाद के संजीव बियोत्रा, राजेश पारकरिया, दीपक अग्रवाल, विकास शर्मा, राहुल व्यास, डॉ मनिष कुमार, डॉ अभिषेक अग्रवाल, विशाल गंडोत्रा, पार्थो सिन्हा, जीवन ज्योति स्कूल की प्रिंसिपल श्रीमती अपर्णा दास, हेतल पारकरिया, शिल्पा रस्तोगी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

बेरमो: काला दिवस के रूप में मनाया विश्व विकलांग दिवस

बेरमो/फुसरो। विश्व विकलांग दिवस पर पुराना बीडीओ ऑफिस स्थित विक्लांग कल्याण समिति बेरमो कार्यालय में शनिवार को विकलांगों ने इसे काला दिवस के रूप में मनायाए साथ ही पुरानी योजनाओं को लेकर केंद्र सरकार व राज्य सरकार को कोसाए यहॉ लोगों ने सरकार के खिलाफ नाराजगी जतायीए यहॉ समिति के केंद्रिय महासचिव भूनेश्वर महतो ने नेतृत्व करते हुए कहा कि वर्तमान समय में केंद्र व राज्य सरकार ने विकलांगों के लिए कोई भी ऐसी योजना नहीं लागू की जिससे उनका भला हो सकेए विकलांग दिवस को विकलांग काला दिवस मनाने का निर्णय लियाए कहा कि विकलांगों को मिलने वाली सभी सुविधाओं का लाभ मिलेए कहा कि विकलांगों के अधिकार के प्रति सरकार हर विषय पर मौन द्यारण किये हुए हैए राज्य या केंद्र सरकार द्वारा दिव्यांगों की आरक्षण से वंचित रखा और अगर कहीं कहीं सुविधा प्राप्त है तो स्थानीय बिचोलीयो द्वारा बाधित किया जाता हैए विचोलियॉ दिव्यांगो के अधिकार को छीनने का काम करते हैए सरकार इस विषय पर विशेष घोषित अधिकार जमीन पर दिया होता तो बिचौलियों को मुंह तोड़ जवाब मिलताए कहा कि इसी विषयों पर आज संस्था के सभी सदस्योंए पदाधिकारी विचोलियां को घोर निंदा करते हुए ऐसे बिचौलियों को सजा हो जो आए दिन संस्था की ओर से और निंदा किया जाता है।

एक नजर में

युवक को हाथी ने कुचला, गंभीर

धनबाद। धनबाद जिले के टुंडी प्रखंड क्षेत्र में एक एक बार फिर जंगली हाथियों का उत्पात मचाना शुरू कर दिया है। इस बार एक जंगली हाथी ने एक युवक को कुचल दिया है। युवक को गंभीर हालत में बेहतर इलाज के लिए धनबाद एसएनएमएमसीएच में भर्ती कराया गया है। घायल युवक का नाम गुम लाल हनसा है और वह पश्चिमी टुंडी के फतेहपुर पंचायत के शिंजुघाटु गांव का रहने वाला है। घायल युवक अपने रिश्तेदार के यहां आया हुआ था। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि शनिवार अहले सुबह जब वह साउथ के लिए जंगल की ओर जा रहा था तो हाथियों के चपेट में आ गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। सूत्रों की मानें तो नक्सल प्रभावित टुंडी क्षेत्र में अभी 18 से 20 हाथियों का झुंड सक्रिय है। वहीं घायल व्यक्ति को ग्रामीणों के सहयोग से बेहतर इलाज के लिए 108 एंबुलेंस से अस्पताल भेजा गया है। जहां उसकी इलाज चल रही है।

कतरास में राजेंद्र बाबू की जयंती मनी

कतरास। कतरास बाजार के सामाजिक संस्था डॉ राजेंद्र प्रसाद सेवा संस्थान राजेंद्र क्लब (एनजीओ) में शनिवार को भारत के पहले राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद की 138वीं जयंती मनाई गई। मौके पर संस्थान के अध्यक्ष अशोक चौरसिया सचिव बिनोद रजक ने डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद के तस्वीर पर माल्यार्पण किया। वही संस्थान के वरिया संरक्षक अधिवक्ता सुरेंद्र सिंह ने पुष्पांजलि दी ,एवं राजेंद्र बाबु की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बताया कि राजनीति में शामिल होने के साथ-साथ वे एक स्वतंत्रता सेनानी, शिक्षक और वकील भी थे। डॉ राजेंद्र प्रसाद एकमात्र ऐसे राष्ट्रपति थे जिन्होंने दो बार राष्ट्रपति के पद को सुशोभित किया। मौके पर संस्थान के प्रभारी कोषाध्यक्ष शिवेश विश्वकर्मा एवं राकेश हजारी आदि ने पुष्पांजलि देकर श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

राजेंद्र कन्या मध्य विद्यालय में मनाई गई राजेंद्र बाबू की जयंती

कतरास। शनिवार को राजेन्द्र कन्या मध्य विद्यालय कतरास में डॉ राजेंद्र प्रसाद की जयंती मनाई गई । इस अवसर पर शिक्षकों एवं छात्रों ने उनके फोटो पर फूल माला अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गयी। विद्यालय के प्रधानाध्यापक विनय रंजन तिवारी शिक्षक हरिशंकर प्रसाद लक्ष्मी कुमारी गोस्वामी अनिल कुमार रवानी कविता कुमारी मंजीत कुमार सिंह ने छात्रों को राजेन्द्र प्रसाद के जीवनी पर प्रकाश डाला । मौके पर सभी शिक्षकों के अतिरिक्त विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष जोशना कुमारी उपस्थित थी।

बोकारो जनरल अस्पताल में मनोचिकित्सा शुरू

बोकारो। बीजीएच के मनोचिकित्सा वार्ड में भर्ती मरीजों का इलाज दवा और मनोवैज्ञानिक चिकित्सा के साथ.साथ अब योग तथा प्राणायाम से भी होने लगा है। मानसिक समस्या से ग्रसित मरीजों के बेहतर इलाज के लिए ग्रुप थेरेपी की शुरूआत की गई है तथा उनके मनोरंजन के लिए मनोचिकित्सा वार्ड में कैरमए लूडोए शतरंज तथा बैडमिंटन खेलने की सुविधा भी प्रदान की गई है। मस्तिष्क के न्यूरोट्रांसमीटर में संतुलन व न्यूरल नेटवर्क में सकारात्मक बदलाव से डोपामिनए सेरोटोनिन और ऑक्सीटॉसिन के लाभकारी स्राव पर आधारित इन सहायक चिकित्सा पद्धतियों का संचालन सीएमओ डॉ विभूति भूषण करुणामय और ए सीएमओ व मनोचिकित्सा प्रभारी डॉ प्रभात कुमार के मार्गदर्शन में डॉ सुबोध कुमार के द्वारा किया जा रहा है।

तेनुघाट जवाहर विद्यालय में मना विश्व एड्स दिवस

बेरमो/तेनुघाट कोर्ट। जवाहर नवोदय विद्यालय ए तेनुघाट में विश्व एड्स दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रातः कालीन सभा में कक्षा आठवीं की छात्रा श्रुति रानी ने भाषण प्रस्तुत किया। कक्षा आठवीं की ही छात्रा नेहा ने उक्त विषय पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रस्तुत किया। कक्षा छठवीं की छात्रा दिव्या सिंह ने सुविचार व्यक्त करते हुए कहा कि एड्स के मरीजों की देखभाल हमारा कर्तव्य है और इससे बचाव हमारी जिम्मेदारी है।

स्पीड न्यूज

सीआईएसएफ ने अवैध कोयला लदा हाइवा पकड़ा

पुटकी। पुटकी थाना क्षेत्र के चिरुडीह गुप्ता पेट्रोल पम्प के पास अवैध कोयला के पास हाइवा गाड़ी न0 जेएच 10 सीके 5547 जो लावारिश अवस्था मे सीआईएसएफ ने युक्त गाड़ी को जप्त किया। वही वर्तमान समय मे ऐंनजिकेसी कोलियरी गोधर में परियोजना पदाधिकारी के पद मनोरंजन प्रसाद कार्यरत ने पुटकी थाना प्रभारी अलबिनुस इंदवार को लिखित शिकायत दिया है कि बीसीसीएल पीबी एरिया पुटकी क्षेत्र संख्या-8 के सीआईएसएफ के इंस्पेक्टर आदर्श कुमार सिंह ने मुझे दो दिसम्बर की शाम को फोन कर सूचना दिया कि उक्त हाइवा गाड़ी न0 जेएच 10 सीके को चिरुडीह के स्थित गुप्ता पेट्रोल पम्प के पास कोयला लदा हुआ लावारिस अवस्था मे मिली है। यह हाइवा अलकुसा कोल डम्प से केडीएसके साइडिंग कुसुंडा के जाने के लिये अधिकृत किया गया था लेकिन युक्त हाइवा स्थान पर नही जाकर चोरी के लिये अन्य जगह पर जा रहा था। हाइवा पर जांच पड़ताल कर कानूनी कार्यवाही करने का आवेदन किया। वही हाइवा पर मामला दर्ज कर पुलिस जाँच पड़ताल में जुटी।

नगदी और हजारों के सामान की चोरी

बेरमो। बेरमो थाना क्षेत्र के फुसरो बाजार स्थित बेरमो होटल में बीती रात्रि को चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने असवेस्टर सीट को तोड़कर होटल मे दाखिल हुए और गल्ला को तोड़ उसमे रखे नगदी समेत हजारों रुपए के सामान लेकर चलते बने। होटल के मालिक विवेक चौरसिया ने चोरी की घटना की जानकारी बेरमो थाना की पुलिस को दे दी है। मामले की जानकारी पाकर थाने की पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है। युवा व्यवसाई संघ फुसरो के अध्यक्ष आरण्उनेश ने कहा कि दुकानदार अपने दुकान की रक्षा स्वयं करें। उन्होनें बेरमो पुलिस से निष्पक्ष जांच कर चोरी कि घटना का उद्भेदन करने की मांग किया। पुलिस घटना की जांच में जुट गई है।

काली मंदिर के निर्माण को लेकर बैठक

चिरकुंडा। चिरकुंडा के कापासारा में नव निर्मित काली मंदिर के निर्माण कार्य को लेकर शनिवार को बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता समाजसेवी कीर्तिवास झा ने किया। जानकारी हो कि एक सप्ताह पूर्व कीर्तिवास झा के द्वारा मंदिर निर्माण का शिलान्यास किया गया था। जिसका निर्माण कार्य शनिवार को ही प्रारंभ कर दिया गया था। बैठक में मुख्य रूप से आनंद प्रकाश,अभिषेक दास, मनोज रविदास, रंजित रविदास, मिनू देवी, कविता, गीता, प्रकाश रविदास, मनोज, गणेश आदि लोग मौजुद थे।

डीआरएम ने किया फुसरो रेलवे स्टेशन का निरीक्षण

बेरमो। फुसरो में घनबाद रेल मंडल के डीआरएम आर सी बंसल ने फुसरो रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। इस दौरान डीआरएम ने घनबाद रेलवे स्टेशन का कार्यालयए माल गोदामए प्लेटफार्म फुसरो में डीआरएम आर सी बंसल ने रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। अधिकारियों से यात्री विश्राम रूमए शेड व रेलवे परिसर का जायजा लिया। सभी व्यवस्थाओं को देखने के बाद अधिकारियो को कई आवश्यक दिए। यहां पर सीसीएल ढोरी के महाप्रबंधक मनोज अग्रवाल ने बुके देकर डीआरएम का स्वागत किया और कई समस्याओं से अवगत कराया। इसके बाद डीआरएम धनबाद ने बेरमो स्टेशन का भी निरीक्षण किया।

डॉ राजेन्द्र प्रसाद की मनी जयंती

बेरमो/पेटरवार। भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद का जयंती पेटरवार के समाधान कार्यालय में मनाया गया। सर्वप्रथम डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित किया गया। इस मौके पर शंकर सहाय ने कहा की डॉ0 स्वभाव के बहुत ही धनी व्यक्ति थे। मौके पर अधिवक्ता स्वरूप सहाय, पंकज कुमार सिन्हा रितेश सिन्हा मौजूद थे।

मनरेगा कर्मियों की बैठक में बीडीओ ने दिये दिशा-निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता

बेरमो/पेटरवार। प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी शैलेन्द्र कुमार चौरसिया की अध्यक्षता में शनिवार को मनरेगा कर्मियों की एक बैठक की गई। बैठक में मौजूद मनरेगा कर्मियों को बीडीओ ने आवश्यक दिशा. निर्देश देते हुए इसे अपने अमल में लाने का निर्देश दिया। बीडीओ ने मनरेगा कर्मियों से कहा कि प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में 10 वायो गैस का निर्माण किया जाना है और इसके निर्माण कराने में आपलोगों की महती भूमिका होनी चाहिए और इस कार्य में किसी तरह की लापरवाही हम बर्दाश्त नही करेंगे। बीडीओ ने प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में मनरेगा योजना के अंतर्गत चलाए जा रहे विभिन्न विभाग योजनाओं को धरातल पर जल्द से जल्द उतारने के लिए मनरेगा मजदूरों की संख्या में इजाफा करने का भी निर्देश दिया और यह भी कहा कि उन कार्यो में महिला मजदूरों को प्राथमिकता के आधार पर ज्यादा संख्या में ले।

शहर में बसों के प्रवेश पर जल्द लगेगा ब्रेक

●रोज लगने वाले जाम की समस्या को लेकर जिला प्रशासन तैयार कर रहा ब्लूप्रिंट

खबर मन्त्र संवाददाता

धनबाद। शहर में लगने वाले जाम से निजात पाने के लिए प्रशासन ने एक बार फिर मंथन शुरू कर दिया है। जाम पर काबू पाने के लिए जल्द ही भारी वाहनों के रूट में बदलाव किया जाएगा। फिलहाल भारी वाहन रात में 10 बजे से सुबह 6 बजे तक शहर से होकर गुजरते हैं, लेकिन आने वाले समय में भारी वाहनों का शहर में प्रवेश पूरी तरह बंद कर दिया जाएगा। बोकारो की ओर से आनेवाले भारी वाहन रात में भी करकेंद, तेतुलमारी, 8 लेन, मेमको मोड़ होते हुए बरवाअड्डा या गोविंदपुर की ओर जाएंगे। बसों का रूट भी सुबह 9 से रात 9 बजे के बीच फिर से बदला जाएगा। बरटांड़ से खुलनेवाली बसें मेमको मोड़, 8 लेन, तेतुलमारी, करकेंद मोड़ होकर बोकारो की ओर जाएंगी। रात 9 से सुबह 9 बजे के बीच ही शहर में आ-जा सकेंगी बसेंशहर में सुबह 9 से रात 9 बजे तक बसों के परिचालन पर कुछ माह पहले रोक लगाई गई थी, पर फिर इस निर्देश को वापस ले लिया गया था। अब बदलाव के बाद बसें सिर्फ रात 9 से सुबह 9 बजे के बीच शहर में चलेंगी।

हाइवा का रूट और परिचालन का समय होगा तय

जिले की विभिन्न खदानों में चलने वाले हाइवा के परिचालन के लिए भी रूट तय किया जाएगा। उन्हें भागाबांध के रास्ते पुटकी, करकेंद, तेतुलमारी, मेमको मोड़ होकर चलाने की तैयारी है।

बच्चों को संस्कृति से जोड़ना आवश्यक

खबर मन्त्र संवाददाता

चास/ बोकारो। श्भारतीय सभ्यता.संस्कृति एपरंपरा और गौरवशाली अतीत से बच्चे जब जुड़ेंगेए तो स्वतः वे सर्वांगीण विकास और एक सफल नागरिक बनने की दिशा में प्रेरित होंगे।श उक्त बातें चास के अनुमंडल पदाधिकारी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने कही।डीपीएसए चास में पूर्व प्राथमिक कक्षाओं के बच्चों के लिए आयोजित फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह को वह बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। प्रतियोगिता के पहले दिन भारतीय सभ्यता.संस्कृतिए परंपराए पौराणिकता व धरोहर विषयवस्तु पर बच्चों ने अपनी प्रस्तुतियां दीं।

विभिन्न रूपों और वेशभूषा में सजे नन्हें छात्र.छात्राओं ने अपनी अदाकारी से सबको मोहित कर दिया। एसडीओ ने बच्चों की प्रस्तुतियों को सराहा और उनकी प्रतिभा निखारकर सकारात्मक विकास की दिशा में इस आयोजन को महत्वपूर्ण बताया।

विद्यालय की चीफ मेंटर डॉण हेमलता एसण मोहन ने अपने संदेश में कहा कि बच्चों के उज्जवल भविष्य.निर्माण में शिक्षकों व अभिभावकों के सहयोग के साथ.साथ सकारात्मक वातावरण आवश्यक है। इस दो दिवसीय प्रतियोगिता का उद्घाटन एसडीओ श्री शेखावतए उनकी पत्नी ज्योति शेखावत और प्रभारी प्राचार्य दीपाली भुस्कुटे ने संयुक्त रूप से किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर बच्चों को पुरस्कृत किया गया।

पिछरी बीडीए कॉलेज में प्राचार्य के परभार सौपने को लेकर बवाल

खबर मन्त्र संवाददाता

बेरमो। पछले दिनों फुसरो के पिछरी बीडीए महाविद्यालय के प्राचार्य सेवानिवृत्त हो गए जिसके बाद विश्व विधालय ने प्रभारी प्राचार्य का चयन कर उसे कार्य भार सौपने का निर्देश जारी किया मगर सेवानिवृत्त प्राचार्य पदभार सौपने को लेकर राजी नहीं थे। यह मामला जब गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी के पास पहुचा तो शनिवार को वे स्वंय उक्त कॉलेज पहुचे जबकि वहां मौजूद लोगो ने इस मामले को लेकर जमकर बवाल काटा। बताता चलू कि पुर्व प्राचार्य डॉ रवींद्र कुमार सिंह के सेवानिवृत्त होने पर यूनिवर्सिटी द्वारा प्रभारी प्राचार्य के रुप में विजय गुप्ता को नियुक्ति किया। प्रो विजय कुमार गुप्ता को प्रभारी प्राचार्य के पदभार नही सौपे जाने की मामला को लेकर सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी बीडीए कॉलेज पहुँचे और मामले की जानकारी बेरमो एसडीओ अनन्त कुमार को दिए। जिसके बाद एसडीओ अनन्त कुमार पिछरी कॉलेज पहुँचकर प्रभारी प्राचार्य विजय कुमार गुप्ता को सोमवार को पदभार सौपने की बात कही।मौके पर भाजपा नेता देवीदास निरंजन मिश्राए प्रमोद सिंह बेरमो थाना प्रभारी रविंद्र सिंह दल बल के साथ कॉलेज मे मौजूद थे ।जबकि मौके पर उपरोक्त लोगो के अलावे आजसू के दीपक महतोए रोशन सिंहए रिंकू निषाद आदि दर्जनों लोग उपस्थित थे।

डीएवी स्कूल कोयला नगर में गीता जयंती पर हवन यज्ञ

खबर मन्त्र संवाददाता

धनबाद। शनिवार को डीएवी पब्लिक स्कूल कोयला नगर के यज्ञशाला में गीता जयंती के शुभ अवसर पर हवन यज्ञ का कार्यक्रम रखा गया। इस अवसर पर स्कूली छात्रों के द्वारा हवन कार्य किया गया। विद्यालय के प्राचार्य एन.एन. श्रीवास्तव ने छात्रों को संबोधित करते हुए बताया कि आज शनिवार के दिन हिंदू पंचांग के अनुसार श्री कृष्ण ने अर्जुन को महाभारत की युद्ध भूमि में गीता का उपदेश दिया था। इसलिए इस तिथि को संपूर्ण भारत में गीता जयंती के रूप में मनाया जाता है।उन्होंने छात्रों को बताया कि गीता के उपदेशों को आज के परिवेश में अपनाने की सख्त जरूरत है उन्होंने छात्रों से आवाहन किया की छात्र अपने शैक्षणिक जीवन में श्रीमद भगवत गीता का पाठ जरूर करें एवं उसके उपदेशों को आत्मसात करें उन्होंने छात्रों को बताया गीता के उपदेश हमें जीवन में सदैव प्रयत्नशील एवं आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं हवन कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक बी.डी. मिश्रा एवं वीरेंद्र कुमार ने किया इस अवसर पर स्कूली छात्रों ने अपने वक्तव्य भी प्रस्तुत किए विद्यालय की छात्रा अपराजिता श्रीवास्तव एवं अनन्या मिश्रा ने अपने वक्तव्य से लोगों का दिल जीत लिया कार्यक्रम की शुरूआत स्कूली छात्रों के भजन कार्यक्रम से हुआ विद्यालय के संगीत शिक्षक सी.पी. मिश्रा एवं इंद्रनील मित्रा की देखरेख में छात्रों ने भजन प्रस्तुत किए।

कस्तूरबा की छात्राओं को मिलेंगी सुविधाएं

खबर मन्त्र संवाददाता

बोकारो। जिला प्रशासन जिले में संचालित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों को बेहतर करने हेतु डीडीसी कीर्ति श्री जी ने समाहरणालय स्थित सभागार में जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रबला खेसए जिला खेल पदाधिकारी मारकस हेंब्रमएउमंग एजुकेशन फाउंडेशन के ऑपरेशन हेड संजय झाए कस्तूरबा विद्यालय वार्डन के साथ समीक्षा बैठक की।उन्होंने विद्यालयों के केजीबीवी ट्रांसफॉर्मिंग कार्यक्रम के तहत किए गए कार्यों एवं आगे के एक्शन प्लान पर विस्तार से चर्चा की तथा डीईओ एवं विभिन्न गैर सरकारी संगठनों के प्रतिनिधियोंध्फैलोशिप आदि से इस संबंध में प्राप्त आकलनध्सुझावों की जानकारी ली।हाल ही में विद्यालयों में छात्राओं के लिए बंक बेड भेजा गया है।इसके अलावा विद्यालयों में पोषण वाटिका निर्माणए पौधरोपणए छात्राओं के समग्र विकास के लिए कैरियर काउंसलिंग व्यवस्थाए विद्यालयों में विभिन्न खेलों के लिए स्टेडियम के निर्माण को लेकर संबंधित पदाधिकारियों को जरूरी दिशा द निर्देश दिया।विद्यालयों में मॉड्यूल किचनए वाटर कंजर्वेशन आदि की व्यवस्था को लेकर भी चर्चा की और अधिकारियों को जरूरी दिशा द निर्देश दिया।

करकट्टाकला गांव में पीसीसी पथ का शिलान्यास

बोकारो/ कसमार। कसमार प्रखंड अंतर्गत बरईकला पंचायत के करकट्टाकला गांव में 15वें वित्त आयोग की राशि से करमचंद मांझी घर से लेकर संतोष मांझी के घर तक पीसीसी पथ का शिलान्यास जिप उपाध्यक्ष बबीता कुमारीए जिला प्रमुख संघ के सचिव सह कसमार प्रमुख नियोति कुमारीए स्थानीय मुखिया अनिता देवी ए पंसस दिलीप कुमार महतोए ललिता देवी ए वार्ड आनंद मुर्मू के द्वारा किया गया।

बालिका व्यक्तित्व विकास शिविर में 576 बहनों ने लिया हिस्सा

सरस्वती विद्या मंदिर सिनीडीह में शिविर

खबर मन्त्र संवाददाता

कतरास। सरस्वती विद्या मंदिर, सिनीडीह में दिनांक शनिवार को बालिका व्यक्तित्व विकास शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा द्वितीय से पंचम तक के भैया-बहन एवं कक्षा षष्ठ से द्वादश तक की 576 बहनों ने भाग लिया। इस शिविर के आयोजन का उद्देश्य बालिकाओं में छिपी प्रतिभा को प्रदर्शित करना था। इस शिविर में विभिन्न तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था, जिसमें सलाद बनाओ, कबाड़ से जुगाड़, गणितीय प्रश्न मंच प्रतियोगिता, स्वरचित कविता वाचन, पारंपरिक लोकगीत गायन, चित्रकला, शारीरिक, समता, आसन, कबड्डी, चम्मच- गोली दौड़, तीन पैर दौड़ आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। सभी 576 बालिकाओं को 6 सदनों में बांटा गया था। प्रत्येक प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले सदन को स्वर्ण पदक, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले को रजत पदक एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले को कांस्य पदक प्रदान किया गया।

व्यक्तिगत रूप से प्रतियोगिता में प्रथम ,द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को भी स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक प्रदान किए गए। पुरस्कार वितरण समारोह के अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य सुनील कुमार सिंह ने कहा कि हमारे विद्यालय की बहनों में अपार क्षमता है, आवश्यकता केवल इस बात की है कि समय-समय पर उन्हें तराशा जाए और अवसर दिया जाए। उन्होंने बताया विद्या भारती योजना अनुसार हमारे विद्यालय में समय-समय पर विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन होता है ,जिसमें हमारे भैया -बहन भाग लेकर विजयी बनते हैं और विद्यालय तथा इस क्षेत्र का गौरव बढ़ाते हैं। अभी हाल ही में हमारे विद्यालय की बहनों ने कुरुक्षेत्र में आयोजित अखिल भारतीय खेलकूद प्रतियोगिता में स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक प्राप्त कर विद्यालय तथा झारखंड प्रदेश का नाम रोशन किया।

बालिकाएं किसी से कम नहीं

कार्यक्रम प्रमुख निशा तिवारी ने कहा कि आज की यह प्रतियोगिता यह साबित करती है कि अगर बालिकाओं को भी बालक के समान प्रारंभिक समय से अवसर मिले तो बालिकाएं भी किसी से कम नहीं है। अंत में भारत माता एवं गंगा आरती के साथ यह शिविर समाप्त हुआ। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय की आचार्या विनीता कुमारी, कुमारी नमिता, सुलेखा कुमारी, प्रियंका बागची, अनीता कुमारी, सुमन शर्मा, तनु गुरुंग, नमिता कुमारी एवं सभी आचार्य ,कर्मचारी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

पेज एक का शेष

प्रमाणपत्रों की जांच...

इस डेट का पालन नहीं करने वाले शिक्षकों को 31 दिसंबर 2022 तक कार्यमुक्त कर दिया जायेगा।

सर्टिफिकेट का सत्यापन कराना है जरूरी : परियोजना निदेशक के मुताबिक उक्त अवधि तक संबंधित जिला परियोजना कार्यालय में अपने जरूरी सर्टिफिकेट जमा करने हैं। ऐसा नहीं करने पर माना जायेगा कि उनका शैक्षणिक, प्रशैक्षणिक और शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्णता सर्टिफिकेट अनियमित है। वैध अहर्ता उनके पास नहीं है। ऐसे में उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जायेगी। इसी साल के अंत तक उनके खिलाफ एक्शन लेते हुए उन्हें कार्यमुक्त कर दिया जायेगा। इसके बाद वे अपनी सेवा नहीं दे सकेंगे। साथ ही उनके मानदेय का भुगतान जनवरी 2023 के प्रभाव से नहीं किया जायेगा।

ममता के भतीजे की...

स्थानीय सूत्रों के अनुसार धमाका कांठी के भगवानपुर-2 प्रखंड के भूपतिनगर थाना क्षेत्र के अर्जुननगर ग्राम पंचायत के नरयविला गांव में शुक्रवार रात धमाका हुआ। वहीं भाजपा नेताओं ने कहा कि टीएमसी नेताओं के घर बम बनाया जा रहा था, तभी ये धमाका हो गया। बम धमाके की जांच की जा रही है।

टीएमसी-भाजपा कार्यकर्ता भिड़े : वहीं दक्षिण 24 परगना जिले के होटूगंज इलाके में शनिवार को टीएमसी और भाजपा कार्यकर्ताओं में झड़प हो गयी। झड़प उस समय हुई जब भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी उसी जिले के डायमंड हार्बर में रैली कर रहे थे। तृणमूल कार्यालय में तोड़फोड़ की गयी है और मोटरसाइकिलों में आग लगा दी गयी। इसके साथ ही इलाके में भारी पुलसि बल को तैनात कर दिया गया है। आरोप है कि डायमंड हार्बर की ओर जा रहे बीजेपी कार्यकर्ताओं के वाहनों को वहीं रोक दिया गया। इससे वहां ईंट-पत्थरबाजी शुरू हो गयी।

एनडीए की महिला कैडेट्स के पहले बैच की तस्वीरें

देश का गर्व हैं बेटियां

पुणे। आर्म्ड फोर्स में महिलाओं की भागीदारी को लगातार बढ़ाया जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने पिछले साल ही नेशनल डिफेंस एकेडमी (एनडीए) एग्जाम में महिलाओं को हिस्सा लेने के लिए रास्ता साफ किया था। इस तरह 19 कैडेट्स का पहला बैच पुणे के खडकवासला में ट्राइ-सर्विस एकेडमी में शामिल हुआ। ये कैडेट्स एनडीए (महिला) के 148वें कोर्स का हिस्सा हैं। वहीं, अब एनडीए की पहली महिला कैडेट्स वाले बैच की तस्वीरें सामने आई हैं, जिसमें उन्हें वर्दी में देखा जा सकता है। इस दौरान उनके साथ सदर्न आर्मी कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल अजय कुमार सिंह भी हैं। एनडीए में शामिल होने वाली इन महिला कैडेट्स को भी अपने पुरुष साथियों के समान ही ट्रेनिंग लेना होगा। इन्हें यहां पर तीन साल तक ट्रेनिंग दी जाएगी। एक बार ट्रेनिंग पूरी हो जाने पर उन्हें उनकी सर्विस में ट्रांसफर कर दिया जाएगा। सेना में महिलाओं की भागीदारी बढ़ना अपने आप में गर्व की बात है। एनडीए में महिलाओं के पहले बैच को इस साल जून में शामिल किया गया। इस बैच में 19 महिलाएं शामिल हैं, जिसमें से 10 सेना के लिए, 6 वायुसेना के लिए और 3 नौसेना के लिए हैं। ये बैच 148वें कोर्स का हिस्सा है, जो मई 2025 में पास आउट होने वाला है।

बेंगलुरु में आयोजित एक कार्यक्रम में बोले राजनाथ सिंह

भारत किसी को छेड़ता नहीं कोई छेड़े तो छोड़ता भी नहीं

रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत ने युद्ध-हिंसा का कभी नहीं किया समर्थन

एजेंसी

बेंगलुरु। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को कहा कि भारत किसी को छेड़ता नहीं है और यदि कोई देश की शांति भंग करता है तो उसे छोड़ता नहीं है। भारत कभी भी युद्ध और हिंसा का पक्षधर नहीं रहा है।

उन्होंने कहा कि भारत कभी यह अन्याय और उत्पीड़न के प्रति तटस्थ नहीं रह सकता है। उन्होंने इस दौरान भगवान कृष्ण के उपदेशों को भी याद किया।

अन्याय के प्रति तटस्थ रहना हमारे स्वभाव में नहीं

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि अन्याय और उत्पीड़न के प्रति तटस्थ रहना भारत के स्वभाव में नहीं है। राजनाथ इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर कृष्णा कॉन्शियसनेस (इस्कॉन) द्वारा बेंगलुरु के वसंतपुरा में भव्य राजाधिराज गोविंदा मंदिर में आयोजित गीता दान यज्ञ में बोल रहे थे।



इस अवसर पर कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई, पूर्व मुख्यमंत्री बी एस येदियुरप्पा और इसरो के अध्यक्ष एस सोमनाथ शामिल थे।

महाभारत के युद्ध की परिस्थितियों का जिक्र : राजनाथ सिंह ने इसी के साथ उन परिस्थितियों की व्याख्या भी की जिनके कारण महाभारत का युद्ध हुआ। उन्होंने कहा कि यह कुरुक्षेत्र के युद्ध का मैदान ही था जहां भगवान श्री कृष्ण ने अपना महाकाव्य व्याख्यान दिया था जिसे श्रीमद भगवद् गीता के नाम से जाना जाता है। उन्होंने श्रोताओं को यह भी बताया कि गीता की सामग्री इसे शाश्वत और सार्वभौमिक बनाती है। उन्होंने कहा कि भगवदगीता का पाठ करना और उसे जीवन में उतारना व्यक्ति को निर्भय बनाता है।

- राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत कभी यह अन्याय और उत्पीड़न के प्रति तटस्थ नहीं रह सकता है

भारत कई बार रूस-युक्रेन युद्ध खत्म करने की कर चुका अपील

बता दें कि राजनाथ सिंह की तरह प्रधानमंत्री मोदी और विदेश मंत्री एस जयशंकर भी हिंसा और युद्ध के खिलाफ बयान दे चुके हैं। रूस-युक्रेन में चल रहे युद्ध को खत्म करने के लिए भी दोनों नेताओं ने कई बड़े मंच पर बयान दिया है।

स्पीड न्यूज

दंगे से जुड़े एक मामले में उमर खालिद बरी

नयी दिल्ली। दिल्ली में कड़कड़डूमा कोर्ट ने फरवरी 2020 में उत्तर पूर्वी दिल्ली में हुए दंगों से संबंधित एक मामले में जेएनयू के पूर्व छात्र उमर खालिद और खालिद सैफी को आरोप-मुक्त घोषित कर दिया है।

असम के ईंट भट्ठे में विस्फोट, पांच की मौत

कछार। असम के कछार जिले में ईंट भट्ठे में भीषण विस्फोट की खबर सामने आई है। विस्फोट में पांच लोगों की की मौत हो गई है और सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। बिहार के सीएम नीतीश कुमार ने ब्लास्ट में खगड़िया के बछौता गांव के रहने वाले 2 मजदूरों की मृत्यु दुःखद है।

सोशल मीडिया स्टार मेघा ठाकुर का निधन

इंडो-कनाडाई सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर और टिक टॉक स्टार मेघा ठाकुर का अचानक निधन हो गया है। मेघा ठाकुर बॉडी पॉजिटिविटी के लिए जानी जाती थीं। मेघा महज 21 साल की थी।

जजों की नियुक्ति को लेकर उपराष्ट्रपति के निशाने पर सुप्रीम कोर्ट

नयी दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट की कॉलेजियम व्यवस्था को लेकर पिछले लंबे समय से खूब चर्चा हो रही है। देश के कानून मंत्री जजों की नियुक्ति वाली कॉलेजियम व्यवस्था की खुलकर आलोचना कर चुके हैं। अब उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने भी जजों की नियुक्ति के संबंध में सुप्रीम कोर्ट को आड़े हाथों लिया है। उपराष्ट्रपति ने कहा है कि उच्चतम न्यायालय द्वारा राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग (एनजेएसी) अधिनियम को रद्द किए जाने को लेकर संसद में 'कोई चर्चा' नहीं हुई और यह एक 'बहुत गंभीर मसला' है।

अग्निवीर योजना के तहत नौसेना में पहली बार 341 महिलाएं शामिल

नयी दिल्ली। नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने शनिवार को बताया कि हमने नौसेना में पहली बार महिलाओं को शामिल किया है। अग्निवीर योजना के तहत 341 महिलाओं की नौसेना में भर्ती हुई है।

अगले साल से नौसेना में महिला अधिकारियों को भी शामिल किया जाएगा। अब तक नौसेना में कुल 3 हजार अग्निवीरों को शामिल किया गया है। इस तरह अग्निवीरों का पहला बैच तैयार हो गया है। नौसेना दिवस से एक दिन पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस कर नौसेना चीफ ने यह बाते कहीं। उन्होंने बताया कि अब नौसेना की सभी ब्रांच सभी के लिए खुली रहेंगी। इसके अलावा हम 2023 में सभी शाखाओं में महिला अधिकारियों को शामिल करने पर विचार कर रहे हैं, न कि केवल 7-8 शाखाओं में, जो आज तक सीमित हैं।

25 साल में आत्मनिर्भर हो जाएगी नौसेना : नौसेना चीफ ने सरकार को आश्वासन दिया है कि वह 2047 तक 'आत्मनिर्भर' हो जाएगी। उन्होंने कहा कि हम हिंद महासागर क्षेत्र में चीन की गतिविधियों पर नजर बनाए हुए हैं।

बीते एक साल में भारत-चीन के बीच बढ़े तनाव के चलते समुद्री सुरक्षा की अहमियत पर काफी महत्वपूर्ण हो गई है।

दिव्यांगजनों में आत्मविश्वास का संचार करना जरूरी : मुर्मू

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा है कि दिव्यांगजनों को सशक्त बनाने के लिये उनमें आत्मविश्वास का संचार करना बेहद अधिक महत्त्वपूर्ण है। मुर्मू ने शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर वर्ष 2021 और 2022 के लिये राष्ट्रीय दिव्यांगजन सशक्तिकरण पुरस्कार प्रदान करने के बाद कहा कि सरकार दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिये अनेक कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों में आत्मविश्वास का संचार करना उन्हें अधिकार-सम्पन्न बनाने के लिये बहुत महत्त्वपूर्ण है। दिव्यांगजों में भी उतनी ही प्रतिभा और क्षमता होती है, जितनी सामान्य लोगों में।

गुजरात : दूसरे चरण का प्रचार खत्म 93 सीटों के लिए पांच को वोटिंग

एजेंसी

अहमदाबाद। गुजरात विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान के लिए प्रचार शनिवार शाम पांच बजे समाप्त हो गया। प्रचार के आखिरी दिन उम्मीदवार और राजनीतिक दलों ने मतदाताओं को लुभाने की खूब कोशिश की।

विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में राज्य की कुल 182 सीट में से 93 सीट पर वोट डाले जाएंगे। सौराष्ट्र, कच्छ और दक्षिण गुजरात की 89 सीट के लिए पहले चरण का मतदान एक दिसंबर को हुआ था, जबकि दूसरे चरण का मतदान पांच दिसंबर को होगा। पहले चरण में औसतन 63.31 प्रतिशत मतदान हुआ था। दूसरे चरण में मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, पाटीदार नेता हार्दिक पटेल चुनाव मैदान में हैं। वहीं अल्पेश ठाकोर भी भाजपा उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं।

गुजरात विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में 14 जिलों की 93 सीटों पर मतदान होगा। इसमें कुल 2 करोड़ 51 लाख मतदाता 833 उम्मीदवारों के लिए वोट करेंगे। इन उम्मीदवारों में 69 महिलाएं हैं। 285 निर्दलीय उम्मीदवार हैं। भाजपा और 'आप' सभी 93 सीटों पर लड़ रही हैं। वहीं कांग्रेस ने 3 सीट सहयोगी एनसीपी को दी हैं।

चीन ने सख्त कोविड नियमों में दी ढिलाई

बीजिंग। कोरोना वायरस संक्रमण को काबू करने के लिए बनाए चीन ने सख्त कोविड नीति पर नरम रुख अपनाया है। चीन के बीजिंग, तियानजिन, चेंगदू और शेनझेन जैसे कई शहरों में शनिवार को सार्वजनिक परिवहन के लिए कोविड-19 जांच की अनिवार्यता को समाप्त कर दिया गया। अधिकारियों ने देशभर में सरकार के खिलाफ हो रहे प्रदर्शनों के बीच अपने कोविड संबंधी नियमों में नरम रुख अपनाया है। इस बीच एक्सपर्ट इसे लेकर चिंता भी जता रहे हैं। चीनी एक्सपर्ट का मानना है कि चीन के इस फैसले से हालात बेकाबू हो सकते हैं।

जी-20 भारत : महिलाओं के लिए समान और निष्पक्ष समाज बनाने का आह्वान

जी-20 की भारत की अध्यक्षता के दौरान डब्ल्यू-20 चार प्राथमिकता वाले क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करेगा

- जमीनी स्तर पर महिलाओं का नेतृत्व निर्माण
- महिला उद्यमिता
- महिलाओं और पुरुषों में डिजिटल डिवाइड को दूर करना
- शिक्षा और कौशल विकास के जरिए रास्ते बनाना

डब्ल्यू 20 (डब्ल्यू -20) एक आधिकारिक जी-20 कार्य समूह (या इंगेजमेंट ग्रुप) है, जिसकी स्थापना 2015 में तुर्की की अध्यक्षता के दौरान की गई थी। इसका उद्देश्य महिलाओं से संबंधित सरोकारों का जी-20 के विमर्शों में समावेशन और जी-20 नेताओं के घोषणा पत्र में नीतियों और प्रतिबद्धताओं के रूप में परिलक्षण सुनिश्चित करना है, जो महिलाओं और पुरुषों में समानता और महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण को प्रोत्साहन दे सके। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत ने महिलाओं के लिए सहयोगपूर्ण वातावरण सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति की है। डब्ल्यू-20 इंडिया, जी-20 की भारत की अध्यक्षता को 'समावेशी, महत्वाकांक्षी, निर्णायक और कार्य-उन्मुख' बनाने के संबंध में माननीय प्रधानमंत्री के विजन को आगे ले जाने का प्रयास करेगा।

भारत अगले एक वर्ष में यह सुनिश्चित करने का प्रयास करेगा कि प्रधानमंत्री की योजना के अनुसार, नए विचारों की परिकल्पना करने और सामूहिक कार्रवाई में तेजी लाने के लिए जी-20 वैश्विक स्तर पर 'प्रमुख प्रवर्तक' के रूप में कार्य करे। डब्ल्यू -20 इंडिया का विजन एक ऐसे समान और निष्पक्ष समाज का निर्माण करना है, जिसमें महिलाएं गरिमापूर्ण तरीके से रह सकें।

इस उद्देश्य को हासिल करने में सहायता करने के लिए हमारा मिशन महिलाओं के नेतृत्व में विकास की समस्त बाधाओं को दूर करने तथा महिलाओं के लिए सहयोगपूर्ण वातावरण और इकोसिस्टम सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित करता है, ताकि महिलाएं समृद्ध बन सकें, श्रेष्ठ बन सकें तथा अपने साथ ही साथ अन्य लोगों के जीवन में भी बदलाव ला सकें। यह कार्य समूह कार्रवाई योग्य एवं प्रभावपूर्ण वक्तव्य तैयार करने के लिए हितधारकों के साथ समावेशी विचार-विमर्श को सुगम बनाएगा। इसके अलावा, यह वैविध्यपूर्ण और अंतरवर्गीय हितों के संपूर्ण प्रतिनिधित्व की जरूरत को सबसे आगे रखते हुए डब्ल्यू-20 की सिफरिशों को जी-20 वार्ताओं-और अंततः जी-20 नेताओं के घोषणापत्र तक पहुंचाएगा।

(लेखक : डॉ. संध्या पुरेचा, अध्यक्ष डब्ल्यू-20 एवं धारित्री पटनायक, मुख्य समन्वयक, डब्ल्यू-20 सचिवालय)।

बिहार: महाबोधि एक्सप्रेस दुर्घटनाग्रस्त, चलती ट्रेन के 2 डिब्बे इंजन से हुए अलग

सासाराम। बिहार के रोहतास जिले में एक बड़ी रेल दुर्घटना होते-होते बच गई। गया से दिल्ली जाने वाले महाबोधि एक्सप्रेस के पटरी पर दौड़ते समय ही चलती ट्रेन से दो बोगियां अलग हो गई। यात्रियों ने शोर करना शुरू कर दिया। शोर की आवाज से ट्रेन स्टेशन पहुंचने से पहले रुक गई। इंजन के साथ अलग हुईं बोगियों को जोड़कर गंतव्य के लिए रवाना किया गया। मिली जानकारी के मुताबिक, गया से नयी दिल्ली जाने वाली 12397 महाबोधी एक्सप्रेस दुर्घटना होने से बाल-बाल बच गई। दरअसल रोहतास जिला के डेहरी ऑन सोन रेलवे स्टेशन से महाबोधि एक्सप्रेस खुली थी।

श्वेता ने साड़ी में कराया फोटोशूट

टीवी एक्ट्रेस श्वेता तिवारी ने इंस्टाग्राम पर अपनी हालिया बोल्ड फोटोशूट की तस्वीरें शेयर की है। उन्होंने कुल 5 तस्वीरें शेयर की है। इसके साथ उन्होंने लिखा है, 'बी योर सेल्फ, क्योंकि कॉपी के मुकाबले ओरिजिनल की कीमत ज्यादा होती है।' इसके साथ उन्होंने इसे कई लोगों को टैग भी किया है। तस्वीरों में श्वेता तिवारी ने ग्रीन कलर की साड़ी पहन रखी है। वह अपना पल्लू ठीक करती नजर आ रही हैं। इसके बाद की तस्वीर में पल्लू उनके हाथ में है और साइड एंगल से उनका फिगर भी नजर आ रहा है। तीसरी फोटो वह कमर पर हाथ रख कर पोज दे रही है। चौथी फोटो क्लोज अप है और वह कैमरे की ओर देख रही हैं। उन्होंने मेकअप कर रखा है। उनका अलग अंदाज फैंस को काफी पसंद आ रहा है। श्वेता तिवारी का दिलकश अंदाज फैंस को काफी लुभा रहा है। वह काफी कातिलाना पोज दे रही है। फोटोज में उनका स्लिम और टोंड फिगर भी नजर आ रहा है।

V.P.M. GYAN NIKETAN SCHOOL
Sr. Secondary (10+2) Affiliated to C.B.S.E, Delhi. Affiliation No. 3430175
BAIRIA, DALTONGANJ, PALAMU, JHARKHAND - 822102

REQUIRED PRINCIPAL

Post Graduation with M.Ed./B.Ed. having excellent communication skills in English & minimum 10 years teaching experience out of which minimum 5 years as Principal position in Senior Secondary CBSE School with clear vision and strategies to develop and maintain high curriculum standards preferred.
Salary will be negotiable.

Interested Candidates should mail their resume with an application within 10 days at :
vpmgns66373@gmail.com
Contact - 6205574800

ब्राजील के खिलाफ गोल करने के बाद जश्न मना रहा था खिलाड़ी, रेफरी ने दिखाया रेड कार्ड

दोहा। कतर में चल रहे फीफा वर्ल्ड कप का फीवर फैन्स के सिर चढ़कर बोल रहा है। शुक्रवार को ग्रुप स्टेज समाप्त हो गया। अब आज से नॉकआउट राउंड की शुरूआत होगी। शुक्रवार को ग्रुप-जी के दो मुकाबले खेले गए। पहले मैच में स्विटजरलैंड ने सर्बिया को 3-2 से हरा दिया। इस जीत से स्विटजरलैंड की टीम राउंड ऑफ-16 में पहुंच गई। वहीं, दूसरे मुकाबले में कैमरून ने बड़ा उलटफेर करते हुए दुनिया की नंबर एक फुटबॉल टीम ब्राजील को 1-0 से हरा दिया। कैमरून के लिए स्टार फुटबॉलर विंसेंट अबूबकर ने इंजरी टाइम (90+2वें मिनट) में गोल दागा। लुसैल स्टेडियम में उनके इस गोल ने कैमरून को तो जीत दिलाई, लेकिन इसके बाद उन्हें मैदान से बाहर जाना पड़ा। दरअसल, गोल के बाद जश्न मनाने को लेकर रेफरी ने उन्हें रेड कार्ड दिखाया और मैदान से बाहर भेज दिया। हालांकि, रेड कार्ड मिलने के बाद अबूबकर ने रेफरी से हाथ मिलाया और खुशी-खुशी मैदान से बाहर चले गए।

पुर्तगाल के खराब प्रदर्शन से दुखी रोनाल्डो लाइव मैच में कोरियाई खिलाड़ी से भिड़े

पुर्तगाल के कप्तान क्रिस्टियानो रोनाल्डो इन दिनों काफी चर्चाओं में हैं। दरअसल, कोरिया रिपब्लिक के खिलाफ मैच में वह एक कोरियाई खिलाड़ी से भिड़ गए। कोरिया रिपब्लिक के खिलाफ पुर्तगाल को 2-1 से हार का सामना करना पड़ा। रोनाल्डो ने बताया- यह तब हुआ जब मुझे सब्स्टिट्यूट किया गया। कोरियाई खिलाड़ी मुझे और जल्दी जाने के लिए कह रहा था और मैंने उसे चुप रहने के लिए कहा, क्योंकि उसके पास कोई अधिकार नहीं है। अगर मैं जल्दी मैदान से बाहर नहीं जा रहा हूं तो यह रेफरी की जिम्मेदारी है कि वह मुझे जल्दी जाने के लिए कहे। इस पर कोई विवाद नहीं होना चाहिए। यह हीट ऑफ द मोमेंट हुआ। रोनाल्डो इस घटना के दौरान कोरियाई खिलाड़ी को सख्त शब्दों में समझाते दिखे।

लक्ष्य सेन पर उम्र में हेराफेरी का आरोप

बेंगलुरु। स्वर्ण पदक विजेता शटलर लक्ष्य सेन पर उम्र का गलत विवरण देने का आरोप लगा है। बेंगलुरु में उनके खिलाफ इस मामले में एफआईआर भी दर्ज किया गया है। रिपोर्ट्स के अनुसार, लक्ष्य सेन पर जूनियर स्तर पर प्रतिस्पर्धा करते हुए आयु-प्रतिबंधित टूर्नामेंटों में प्रवेश पाने के लिए अपनी उम्र में हेरफेर करने का आरोप लगा है।

हॉकी : ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 5-1 से रौंदा

एडिलेड। ऑस्ट्रेलिया ने शनिवार को चौथे हॉकी टेस्ट में भारत को 5-1 से रौंदकर पांच मैचों की शृंखला में 3-1 की अजेय बढ़त हासिल कर ली। मेट स्टेडियम पर खेले गये एकतरफा मैच में ऑस्ट्रेलिया के लिये जेरेमी हेवर्ड ने दो गोल किये, जबकि जेकब व्हेटन, टॉम और मैथ्यू डॉसन ने एक-एक गोल जमाया। भारत का एकमात्र गोल दिलप्रीत सिंह ने किया।

पाकिस्तान के तीन बल्लेबाजों का शतक, फिर भी इंग्लैंड से पीछे

एजेंसी

रावलपिंडी। पाकिस्तान ने अब्दुल्लाह शफीक, इमाम-उल-हक और बाबर आजम के शतकों की बदौलत इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के तीसरे दिन शनिवार को सात विकेट के नुकसान पर 499 रन बना लिये, हालांकि वह अब भी 158 रन से पीछे है।

पिंडी स्टेडियम की बेजान विकेट पर पाकिस्तान ने 181 रन से शुरूआत की और दोनों सलामी बल्लेबाजों ने अपने शतक पूरे किये। शफीक ने 203 गेंदों पर 13 चौकों और तीन छक्कों के साथ 114 रन बनाये जबकि इमाम ने 207 गेंदों पर 15 चौके और दो छक्के लगाकर 121 रन का योगदान दिया।

वेस्ट इंडीज-ऑस्ट्रेलिया : ब्रैथवेट ने टेस्ट को पांचवें दिन तक पहुंचाया

पर्थ। कप्तान क्रेग ब्रैथवेट (101 नाबाद) के शतक की बदौलत वेस्ट इंडीज ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट के चौथे दिन शनिवार को 498 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए तीन विकेट के नुकसान पर 192 रन बना लिये। विंडीज को पांचवें दिन जीत के लिये 306 रन चाहिये, जबकि ऑस्ट्रेलिया को सात विकेट की दरकार है।

वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
VERMA PRESS
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—
Based on JCERT

Class - VIII
* Class VIII Today (Combined) ₹ 250
* Class VIII Today (English Medium) ₹ 280
* Mathematics Practical ₹ 60
* Science Practical ₹ 60
* S. Science Practical ₹ 60
* Hindi Vyakaran-I ₹ 60
* English Grammar-I ₹ 60
* Sanskrit Vyakaran-I ₹ 50

Classes VI & VII
* Class VII Today (Combined) ₹ 240
* Class VI Today (Combined) ₹ 240
* Hindi Vyakaran-I ₹ 60
* English Grammar-I ₹ 60
* Sanskrit Vyakaran-I ₹ 50

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !